Follow us on: @TheDailyPioneer facebook.com/dailypioneer instagram.com/dailypioneer/

Established 1865

# पायनियर

रायपुर, लखनऊ और नई दिल्ली से प्रकाशित

www.dailypioneer.com

RNI NO. CHHHIN/2016/70655
वर्ष-09, अंक-198
रायपुर, सोमवार 10 मार्च 2025
पृष्ठ-12, मूल्य ₹ 3.00

## क्विक न्यूज़

### हरियाणा, चंडीगढ़ और पंजाब की तीन दिन की यात्रा पर राष्ट्रपति मुर्मु



**नयी दिल्ली।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु कल से हरियाणा, चंडीगढ़ और पंजाब की तीन दिन की यात्रा पर रहेंगी। राष्ट्रपति कल गुरु जम्भेश्वर विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, हिसार के दीक्षांत समारोह में शामिल होंगी। बाद में वह ब्रह्मा कुमारी, हिसार के स्वर्ण जयंती समारोह के अवसर पर 'समग्र कल्याण के लिए आध्यात्मिक शिक्षा' नामक राज्य स्तरीय अभियान का शुभारंभ करेंगी। मंगलवार को राष्ट्रपति पंजाब केंद्रीय विश्वविद्यालय, बठिंडा और एम्स, बठिंडा के दीक्षांत समारोह में शामिल होंगी। उसी दिन शाम को वह मोहाली में पंजाब सरकार द्वारा उनके सम्मान में आयोजित एक नागरिक स्वागत समारोह में हिस्सा लेंगी।

### भारत ने कैलिफोर्निया में हिंदू मंदिर में तोड़फोड़ की कड़ी निंदा की



**नयी दिल्ली।** भारत ने अमेरिका में कैलिफोर्निया के एक हिंदू मंदिर में तोड़फोड़ की घटना की कड़ी निंदा की है और अमेरिकी प्रशासन से दोषियों के खिलाफ कार्रवाई एवं धर्मस्थलों की सुरक्षा करने का आह्वान किया है। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने इस घटना के बारे में मीडिया के सवालों के जवाब में कहा, हमने कैलिफोर्निया के चिनो हिल्स में एक हिंदू मंदिर में तोड़फोड़ की खबरें देखी हैं। हम इस तरह के घृणित कृत्यों की कड़े शब्दों में निंदा करते हैं। हम स्थानीय कानून प्रवर्तन अधिकारियों से इन कृत्यों के लिए जिम्मेदार लोगों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने और पूजा स्थलों की पर्याप्त सुरक्षा सुनिश्चित करने का आह्वान करते हैं।

### कार और ईको की हुई भिड़ंत में 02 की मौत, कई घायल

**फिरोजाबाद।** उत्तर प्रदेश में फिरोजाबाद के जनपद थाना टूंडला क्षेत्र में राष्ट्रीय राजमार्ग पर कार व ईको की टक्कर में कार सवार महिला सहित दो लोगों की मौत हो गई। हादसे में पांच से छह लोग घायल हो गए। प्राप्त जानकारी के अनुसार थाना टूंडला के उसायनी के समीप फ्लाई ओवर पर कार अनियंत्रित होकर डिवाइडर तोड़कर विपरीत दिशा में आ गई और फिरोजाबाद की तरफ से जा रही ईको में आमने सामने की भिड़ंत हो गई। हादसे में कार में सवार एक महिला सहित दो लोगो की मौत हो गई जबकि चार लोग घायल हो गए वहीं इको में सवार नौ लोग घायल हो गए।

# भारत ने न्यूज़ीलैंड को हराकर जीती चैम्पियंस ट्रॉफी

## 12 साल बाद आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी पर भारत का कब्जा, दुबई में लहराया तिरंगा







पायनियर संवाददाता ◄ दुबई/नई दिल्ली
www.dailypioneer.com

आईसीसीस चैम्पियंस ट्रॉफी 2025 के फाइनल भारत और न्यूजीलैंड के बीच मुकाबले में भारत को जीत के लिए 252 रनों का टारगेट मिला। भारतीय टीम ने न्यूजीलैंड के रनों का लक्ष्य को आसानी से पूरा कर आईसीसी चैम्पियंस ट्रॉफी 2025 अपने नाम कर लिया है। भारत ने न्यूजीलैंड को चार विकेट से हराकर चैंपियंस ट्रॉफी का खिताब अपने नाम किया। भारत ने 12 साल के बाद चैंपियंस ट्रॉफी का खिताब जीता है। भारतीय टीम ने तीसरी बार चैम्पियंस ट्रॉफी जीती है। भारतीय टीम सबसे पहले साल 2002 के सीजन में चैम्पियन बनी थी। तब उसने श्रीलंका संग संयुक्त रूप से खिताब साझा किया था। फिर एमएस धोनी की अगुवाई में भारतीय टीम साल 2013 में चैम्पियन बनी। अब रोहित शर्मा की अगुवाई में भारत ने इतिहास रचा है। रोहित शर्मा की कप्तानी पारी की बदौलत टीम इंडिया ने चैंपियंस ट्रॉफी 2025 का खिताब अपने नाम कर लिया है। फाइनल में भारत ने न्यूजीलैंड को 4 विकेट से हराया। भारतीय टीम अब सबसे ज्यादा चैंपियंस ट्रॉफी जीतने वाली टीम बन गई। इससे पहले भारत-ऑस्ट्रेलिया के नाम 2-2 खिताब थे। टीम इंडिया ने न्यूजीलैंड से 25 साल पुरानी हार का बदला भी ले लिया है। चैंपियंस ट्रॉफी 2000 के फाइनल में कीवियों ने भारत को मात दी थी। भारतीय टीम ने आखिरी बार 2013 में महेंद्र सिंह धोनी की कप्तानी में चैंपियंस ट्रॉफी जीती थी। ऐसे में रोहित शर्मा ने 12 साल का सूखा खत्म कर दिया है।

दुबई में खेले गए फाइनल मैच में न्यूजीलैंड ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए 50 ओवर में 251 रन ही बना पाए। वहीं भारत ने 252 रन का लक्ष्य का पीछा करते हुए कप्तान रोहित शर्मा और शुभमन गिल ने मिलकर पहले विकेट के लिए 105 रनों की शतकीय साझेदारी कर दी। रोहित ने पांच चौके और तीन छक्के की मदद से सिर्फ 41 गेंदों पर अर्ध शतक जड़ दिए। भारत का पहला विकेट 19वें ओवर में गिरा, गिल ने 1 छक्के की मदद से 50 बॉल पर 31 रन बनाए। शतक की ओर बढ़ रहे कप्तान रोहित शर्मा गलत शॉट खेलकर स्टंपिंग हुए। हिटमैन ने 83 गेंदों का सामना किया और 76 रन बनाए। अपनी इस पारी में रोहित ने 7 चौकों की साथ ही 3 छक्के भी लगाए। रोहित का विकेट गिरने के बाद श्रेयस अय्यर और अक्षर पटेल ने 61 रन जोड़े। अय्यर ने 62 गेंदों का सामना किया और 2 चौके-2 छक्के की बदौलत 48 रन की पारी खेली। 42वें ओवर में भारतीय टीम को 5वां झटका लगा। अक्षर ने 40 गेंदों पर 29 रन की पारी खेली। आखिरी ओवरों में सूझबूझ के साथ बल्लेबाजी करते हुए के एल राहुल और हार्दिक पंड्या ने न्यूजीलैंड के चैंपियंस ट्रॉफी जीतने के अरमानों पर पानी फेर दिया। हालांकि इस दौरान 48वें ओवर में हार्दिक पंड्या (18) रन बनाकर आउट हो गये। के एल राहुल (34) और रवींद्र जडेजा (नौ) रन बनाकर नाबाद रहे।

### पीएम मोदी ने दी रोहित ब्रिगेड को बधाई



चैंपियंस ट्रॉफी 2025 के फाइनल में न्यूजीलैंड के खिलाफ भारत ने बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए जीत दर्ज की है, जिसके बाद देश में जश्न का माहौल हैं। पीएम मोदी ने कहा आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी घर लाने के लिए हमारी क्रिकेट टीम पर गर्व है। उन्होंने पूरे टूर्नामेंट में शानदार प्रदर्शन किया है। शानदार प्रदर्शन के लिए हमारी टीम को बधाई।

### मुख्यमंत्री साय ने भी भारतीय क्रिकेट टीम को जीत की दी बधाई



छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने भारतीय क्रिकेट टीम को आईसीसी चैम्पियंस ट्रॉफी 2025 के फाइनल में शानदार जीत की बधाई और शुभकामनाएँ दी हैं। दुबई में खेले गए इस रोमांचक मुकाबले में भारत ने न्यूजीलैंड को 4 विकेट से हराकर ऐतिहासिक जीत दर्ज की।

# मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने महिला पत्रकारों को किया सम्मानित



पायनियर संवाददाता ◄ रायपुर
www.dailypioneer.com

अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर मुख्यमंत्री निवास, रायपुर में 'महतारी वंदन अभिनंदन' कार्यक्रम का भव्य और गरिमामय आयोजन किया गया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने पत्रकारिता के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान देने वाली महिला पत्रकारों को सम्मानित किया और महिलाओं के सशक्तिकरण की दिशा में सरकार की प्रतिबद्धता दोहराई। मुख्यमंत्री साय ने अपने उद्बोधन में कहा कि महिलाएँ समाज का सशक्त आधार हैं, और छत्तीसगढ़ सरकार महिलाओं को आत्मनिर्भर और समर्थ बनाने के लिए सतत प्रयास कर रही है। उन्होंने कहा कि महिलाएँ हर क्षेत्र में नई ऊँचाइयाँ छू रही हैं, और सरकार यह सुनिश्चित कर रही है कि उन्हें हर अवसर पर समान अधिकार और सुरक्षा मिले। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ सरकार 'महतारी वंदन' की संकल्पना को साकार करने के लिए समर्पित है। वर्तमान युग में महिलाएँ केवल परिवार और समाज का ही नहीं, बल्कि आर्थिक, सामाजिक और राजनीतिक रूप से देश की प्रगति में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही हैं। मुख्यमंत्री साय ने पत्रकारिता में महिलाओं की भूमिका को विशेष रूप से सराहा। उन्होंने कहा कि महिला पत्रकारों ने समाज में जागरूकता फैलाने और लोगों की आवाज बनने में महत्वपूर्ण योगदान दिया है। उन्होंने कहा कि महिला पत्रकारों की मेहनत, निडरता और निष्पक्षता समाज में सकारात्मक परिवर्तन लाने में मदद कर रही है। महिला पत्रकारों ने अपनी साहसिक पत्रकारिता से न केवल जनता के अधिकारों की रक्षा की है, बल्कि उन मुद्दों को भी प्रमुखता से उठाया है, जो आमतौर पर अनसुने रह जाते हैं। उन्होंने महिला पत्रकारों को सम्मानित करते हुए उनके योगदान को प्रेरणादायक बताया और उन्हें आगे भी सच और न्याय की आवाज बुलंद करने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री साय ने कहा कि महिला सुरक्षा सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में से एक है। उन्होंने कहा कि महिलाओं की सुरक्षा और सुविधा को ध्यान में रखते हुए राज्य में विशेष महिला थानों, हेल्पलाइन सेवाओं और कामकाजी महिलाओं के लिए हॉस्टल की व्यवस्था की जा रही है। उन्होंने कहा कि सरकार ने बजट में महिला थानों और कामकाजी महिलाओं के लिए सुविधाओं का विशेष प्रावधान किया है।

# एयरोस्पेस क्षेत्र की चुनौतियों से निपटने के लिए अनुसंधान और विकास बढाना जरूरी : राजनाथ



पायनियर संवाददाता ◄ नई दिल्ली
www.dailypioneer.com

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने जोर देकर कहा है कि आने वाले समय में एयरोस्पेस क्षेत्र में अभूतपूर्व वृद्धि होने जा रही है और इससे संबंधित चुनौतियों से निपटने के लिए अनुसंधान और विकास पर अत्यधिक ध्यान दिये जाने की जरूरत है। सिंह ने कर्नाटक के बेंगलुरु में भारतीय वायु सेना के एयरोस्पेस मेडिसिन संस्थान (आईएएम) का दौरा किया। इस संस्थान का दौरा करने वाले वह पहले रक्षा मंत्री हैं। उन्हें पायलट प्रशिक्षण, उनके चिकित्सा संबंधी मूल्यांकन और एयरोमेडिकल अनुसंधान में आईएएम की अनूठी भूमिका के बारे में जानकारी दी गई। रक्षा मंत्री ने लड़ाकू पायलटों के उच्च-जी प्रशिक्षण के लिए उपयोग किए जाने वाले डायनेमिक फ्लाइट सिम्युलेटर और हाई परफॉरमेंस ह्यूमन सेंट्रीफ्यूज और उड़ान में स्थानिक भटकाव के जोखिम को रोकने के लिए सशस्त्र बलों के पायलटों को प्रशिक्षित करने के लिए स्थानिक भटकाव सिम्युलेटर का भी निरीक्षण किया। उन्होंने संस्थान में भारतीय चिकित्सा अनुसंधान परिषद की एक्स्ट्रामुरल रिसर्च परियोजना, सेंटर फॉर एडवांस्ड रिसर्च का भी शुभारंभ किया। परियोजना का शीर्षक 'अंतरिक्ष मनोविज्ञानः भारतीय अंतरिक्ष मिशनों के लिए अंतरिक्ष यात्रियों और अंतरिक्ष यात्रियों के चयन और व्यवहारिक स्वास्थ्य प्रशिक्षण' है। रक्षा मंत्री ने इस अवसर पर हवाई और अंतरिक्ष यातायात में निरंतर वृद्धि के मददेनजर एयरोस्पेस मेडिसिन में विशेषज्ञता की बढ़ती आवश्यकता पर प्रकाश डाला।

## सुरक्षा के लिए सड़क निर्माण में आधुनिक तकनीकी का इस्तेमाल जरूरी : गडकरी



पायनियर संवाददाता ◄ नई दिल्ली
www.dailypioneer.com

सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने कहा है कि देश में लगातार बढ़ रही सड़क दुर्घटनाओं को नियंत्रित करने के लिए बेहतर सड़क सुरक्षा उपायों को लागू करने की सख्त जरूरत है और इसके लिए आधुनिक तकनीकी का इस्तेमाल किए जाने की आवश्यकता है। गडकरी ने रविवार को यहां सुरक्षित सड़कों की नीति विषय पर आयोजित सम्मेलन को संबोधित करते हुए प्रौद्योगिकी और टिकाऊ पुनर्चक्रणीय सड़क निर्माण सामग्री को अपनाकर सड़कों में सुरक्षा को बढ़ाने के लिए रणनीति विकसित करने में सहयोग देने का सबका आह्वान किया। उन्होंने कहा कि सड़क दुर्घटनाओं के कर्म की पड़ताल में यह पाया गया है देश में होने वाली ज्यादातर सड़क दुर्घटनाएँ खराब सिविल इंजीनियरिंग की चली आ रही व्यवस्था जैसे कारण है जिनको बदलकर सड़कों के डिजाइन, निर्माण, प्रबंधन तथा अनुचित सड़क संकेत जैसे कई कारणों पर ध्यान देने की आवश्यकता है।

# पूर्व विधायक राजवाड़े सड़क हादसे में घायल



पायनियर संवाददाता ◄ सूरजपुर
www.dailypioneer.com

छत्तीसगढ़ के सूरजपुर में रविवार को पूर्व विधायक पारसनाथ राजवाड़े की कार दुर्घटना का शिकार हो गई जिसमें राजवाड़े घायल हो गये। बताया जाता है कि इस हादसे में राजवाड़े के हाथ और सीने में चोट आई है। अंबिकापुर में इलाज के लिए उन्हें पहुंचाया गया है। जानकारी के मुताबिक, भटगांव विधानसभा के पूर्व कांग्रेस विधायक और संसदीय सचिव पारसनाथ राजवाड़े नगर पालिका अध्यक्ष के शपथ ग्रहण समारोह में शामिल होने अकेल ही एसयूवी ड्राइव करते हुए सूरजपुर जा रहे थे। इसी दौरान उनकी कार ओडगी इलाके के गिरजापुर गांव में अनियंत्रित होकर खेत में घुस गई जिससे पूर्व विधायक के सीने में चोट आई है। फिलहाल राजवाड़े की स्थिति खतरे से बहार बताई जा रही है। जानकारी मिलने पर समर्थक उनसे मिलने के लिए अस्पताल पहुंचे हैं।

# होली में 60 हजार करोड़ का होगा कारोबार : कैट





पायनियर संवाददाता ◄ नई दिल्ली
www.dailypioneer.com

खुदरा कारोबारियों का संगठन कन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) ने कहा कि इस वर्ष की होली में देश में 60 हजार करोड़ रुपये का कारोबार होने की संभावना है। कैट के राष्ट्रीय महामंत्री एवं चांदनी चौक से भारतीय जनता पार्टी सांसद प्रवीन खंडेलवाल ने बताया कि इस साल होली के मौके पर देशभर में 60 हजार करोड़ रुपये से अधिक के व्यापार होने की संभावना है, जो पिछले साल की तुलना में 20 प्रतिशत अधिक है। पिछले वर्ष यही कारोबार लगभग 50 हज़ार करोड़ रुपये का था। खंडेलवाल ने बताया कि कारोबारियों और ग्राहकों ने इस बार भी चीन में बने उत्पादों का बहिष्कार किया, जिससे भारतीय निर्मित हर्बल रंग, गुलाल, पिचकारी, मिठाइयां, ड्राई फ्रूट्स, परिधान, गिफ्ट आइटम और अन्य उत्पादों की बिक्री में जबरदस्त उछाल देखने को मिल रहा है। होली के उत्सव ने छोटे कारोबारियों, खुदरा विक्रेताओं और सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उपमक्र (एमएसएमई) क्षेत्र के लिए बड़े आर्थिक अवसर पैदा किए हैं। दिल्ली में ही आठ हजार करोड़ रुपये से अधिक का कारोबार होने की उम्मीद है, जहां बाजारों में रंग, गुलाल, पिचकारी, मिठाइयों और उपहारों की खरीदारी के लिए भीड़ उमड़ रही है। इस बार के होली सीजन में पारंपरिक भारतीय परिधानों जैसे सफेद कुर्ता-पाजामा, सलवार-सूट और 'हैप्पी होली' लिखे टी-शर्ट की भी भारी मांग देखी जा रही है। कैट के अनुसार, देशभर में तीन हजार से अधिक होली मिलन समारोहों का आयोजन हो रहा है, जिससे होटल, बैंक्वेट हॉल, फार्महाउस और रेस्टोरेंट सेक्टर को भी लाभ मिल रहा है। बाज़ार में हर्बल रंगों और गुलाल की अधिक मांग है, जबकि केमिकल युक्त रंगों की लोकप्रियता घटी है। खासकर स्पाइडर मैन और छोटा भीम थीम वाली पिचकारी, गुलाल स्प्रे और प्रेशर टैंक पिचकारी बच्चों के बीच खूब पसंद की जा रही है। खंडेलवाल ने कहा कि दिल्ली में 13 मार्च को होली जलाई जाएगी जबकि रंगों का पर्व 14 मार्च को मनाया जाएगा। होली के रंग में बाजार भी रंगे हुए नजर आने लगे हैं। बाजार में रंग बिरंगे गुलाल और पिचकारी के अलावा गुजिया के हार और मेवा से दुकानें सजी हुई है।

## क्षेत्र की जनता की समस्याओं को सुन सकें और उनके समाधान की दिशा में प्रभावी कदम उठा सकें

# दिल्ली के नव-निर्वाचित विधायकों के लिए विधानसभा क्षेत्र कार्यालय की आवंटन प्रक्रिया शुरू : विजेंद्र गुप्ता



पायनियर संवाददाता ◄ नयी दिल्ली
www.dailypioneer.com

दिल्ली विधानसभा अध्यक्ष विजेंद्र गुप्ता ने नव-निर्वाचित विधायकों के लिए उनके विधानसभा क्षेत्रों में कार्यालय आवंटित करने की प्रक्रिया शुरू करने के निर्देश जारी किए हैं। दिल्ली विधानसभा चुनाव 2025 के दौरान, प्रोटोकॉल के अनुसार, पूर्व विधायकों को आवंटित कार्यालय वापस ले लिए गए थे। अब नए विधायकों के शपथ ग्रहण के बाद उनके विधायी और क्षेत्रीय कार्यों को सुचारु रूप से संचालित करने के लिए नए कार्यालयों के आवंटन की प्रक्रिया प्रारंभ कर दी गई है। विधानसभा सचिवालय ने संबंधित विभागों को निर्देश दिए हैं कि वे विधायकों की आवश्यकताओं और अनुरोधों को ध्यान में रखते हुए कार्यालय आवंटन की प्रक्रिया को शीघ्र पूरा करें। इस पहल का उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि नव-निर्वाचित विधायक बिना किसी बाधा के अपने क्षेत्र की जनता की समस्याओं को सुन सकें और उनके समाधान की दिशा में प्रभावी कदम उठा सकें। विधानसभा अध्यक्ष ने कहा कि निर्वाचित जनप्रतिनिधियों को प्रभावी तरीके से जनता की सेवा करने के लिए सभी आवश्यक संसाधन उपलब्ध कराना हमारी प्राथमिकता है। विधानसभा क्षेत्र कार्यालय विधायकों और जनता के बीच सीधा संवाद स्थापित करने का एक महत्वपूर्ण माध्यम है। इसलिए, हमने यह सुनिश्चित करने के लिए आवश्यक कदम उठाए हैं कि विधायकों को समय पर कार्यालय उपलब्ध कराए जाएं। उन्होंने कहा कि यह पहल सुशासन को मजबूत करने और लोकतांत्रिक प्रक्रियाओं को अधिक प्रभावी बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण प्रयास है। विधानसभा क्षेत्र कार्यालयों के माध्यम से विधायक अपने क्षेत्र के नागरिकों से सीधे संवाद कर सकेंगे और उनकी समस्याओं के समाधान के लिए उचित कदम उठा सकेंगे। यह निर्णय दिल्ली की लोकतांत्रिक प्रणाली को अधिक प्रभावी और उत्तरदायी बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। यह पहल निर्वाचित प्रतिनिधियों को उनके कार्यों को प्रभावी ढंग से करने के लिए आवश्यक सुविधाएँ प्रदान करने के साथ-साथ शासन व्यवस्था को भी अधिक पारदर्शी और उत्तरदायी बनाएगी। दिल्ली विधानसभा सचिवालय ने यह सुनिश्चित किया है कि कार्यालय आवंटन प्रक्रिया को जल्द से जल्द पूरा किया जाए, ताकि विधायक अपने क्षेत्र की जनता से जुड़कर उनकी समस्याओं का समाधान कर सकें।

# सेना की टुकड़ी संयुक्त अभ्यास खंजर में हिस्सा लेने के लिए किर्गिस्तान रवाना





एजेंसी ◄ नयी दिल्ली
www.dailypioneer.com

भारतीय सेना की टुकड़ी किर्गिस्तान के साथ संयुक्त विशेष बल अभ्यास खंजर के 12 वें संस्करण में हिस्सा लेने के लिए किर्गिस्तान के लिए रवाना हो गयी। यह अभ्यास कल से शुरू होकर 23 मार्च तक चलेगा। वर्ष 2011 में शुरू हुआ खंजर अभ्यास दोनों देशों के बीच एक वार्षिक प्रशिक्षण कार्यक्रम है। यह अभ्यास दोनों देशों में बारी-बारी से होता है और पिछला अभ्यास जनवरी 2024 में भारत में हुआ था। भारतीय टुकड़ी का प्रतिनिधित्व पैराशूट रेजिमेंट (विशेष बल) के सैनिक कर रहे हैं तथा किर्गिज़स्तान दल का प्रतिनिधित्व किर्गिज़ स्कॉर्पियन ब्रिगेड कर रही है। इस अभ्यास का उद्देश्य शहरी और पहाड़ी क्षेत्रों में आतंकवाद रोधी और विशेष बलों के अभियानों में अनुभवों और सर्वोत्तम तरीकों का आदान-प्रदान करना है। इस अभ्यास में स्नाइपिंग, कठिन बिल्डिंग इंटरवेंशन और माउंटेन क्राफ्ट के उन्नत विशेष बल कौशल विकसित करने पर भी ध्यान केंद्रित किया जाएगा। कठोर प्रशिक्षण के अलावा, इस अभ्यास में जीवंत सांस्कृतिक आदान-प्रदान भी शामिल होगा। इसमें किर्गिज़ त्योहार नौरोज़ का उत्सव मनाना भी शामिल है। यह आदान-प्रदान दोनों देशों के बीच मित्रता के बंधन को और मजबूत करेगा। अभ्यास दोनों पक्षों को अंतरराष्ट्रीय आतंकवाद और उग्रवाद की साझा चिंताओं का समाधान करते हुए रक्षा संबंधों को मजबूत करने का अवसर प्रदान करेगा। यह क्षेत्र में शांति, स्थिरता और सुरक्षा को बढ़ावा देने के भारत और किर्गिस्तान की प्रतिबद्धता की पुष्टि करता है।

# गुटबाजी से पार्टी को नुकसान होगा, खरगे ने दी चेतावनी



वार्ता ◄ जेवरगी (कर्नाटक)
www.dailypioneer.com

कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने पार्टी के भीतर गुटबाजी के खिलाफ कड़ी चेतावनी दी और आगाह किया है कि कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्दारमैया और उपमुख्यमंत्री डीके शिवकुमार के बीच कोई भी मतभेद पार्टी और राज्य दोनों के लिए हानिकारक साबित हो सकता है। कांग्रेस अध्यक्ष की यह टिप्पणी सिद्दारमैया और शिवकुमार के बीच संभावित सत्ता-साझाकरण व्यवस्था या एक रोटेशनल मुख्यमंत्री पद की अटकलों की पृष्ठभूमि में आयी है। शिवकुमार जहां अपनी मुख्यमंत्री पद की महत्वाकांक्षाओं के बारे में मुखर रहे हैं, वहीं सिद्दारमैया के करीबी नेता इस बात पर जोर देते हैं कि वह अपना पूरा पांच साल का कार्यकाल पूरा करेंगे। खरगे ने शनिवार को यहां कल्याण पथ परियोजना के उद्घाटन समारोह को संबोधित करते हुए सिद्दारमैया और शिवकुमार से कर्नाटक के विकास के लिए सामंजस्य के साथ काम करने का आग्रह किया। उन्होंने कहा, 'अगर सिद्दारमैया और शिवकुमार अलग-अलग दिशाओं में आगे बढ़ते हैं, तो इससे पार्टी कमजोर होगी। और कर्नाटक की प्रगति को नुकसान पहुंचेगा।' उन्होंने रिकॉर्ड 16वां बजट पेश करने के लिए सिद्दारमैया की सराहना की और राज्य के शासन को आगे बढ़ाने में उनके नेतृत्व की प्रशंसा की। उन्होंने पूर्व ऊर्जा और सिंचाई मंत्री के रूप में शिवकुमार के योगदान के साथ-साथ राज्य कांग्रेस अध्यक्ष के रूप में उनके कार्यकाल को भी सराहा। अपनी खुद के राजनीतिक सफर का स्मरण करते हुए खरगे ने 2019 के लोकसभा चुनावों में अपनी हार को याद किया और कलबुर्गी में अपने समर्थन आधार की पुष्टि की। उन्होंने कहा कि जहां कुछ लोग ईश्वरीय हस्तक्षेप पर भरोसा करते हैं।

# भाजपा-नीतीश सरकार बिहार में 16 प्रतिशत आरक्षण की कर रही चोरी : तेजस्वी यादव

एजेंसी ◄ पटना
www.dailypioneer.com




बिहार विधानसभा में प्रतिपक्ष और राष्ट्रीय जनता दल के नेता तेजस्वी प्रसाद यादव ने आरोप लगाया कि भारतीय जनता पार्टी -नीतीश सरकार लगातार बिहार में 16 प्रतिशत आरक्षण की चोरी कर रही है, जिससे पिछड़ा, अतिपिछड़ा, दलित, आदिवासी समाज के लगभग पच्चास हजार लोगों को नौकरी से वंचित होना पड़ रहा है। राजद के राज्य कार्यालय के समक्ष आयोजित धरना कार्यक्रम को संबोधित करते हुए यादव ने कहा कि 17 महीने कि महागठबंधन सरकार ने 49.5 प्रतिशत से आरक्षण सीमा को बढ़ाकर 65 प्रतिशत किया था। और इसे केन्द्र की 9वीं अनुसूची में शामिल करवाने का प्रस्ताव महागठबंधन सरकार ने भेजा था। भाजपा और केन्द्र सरकार ने 10 महीने तक इसे 9वीं अनुसूची मे नहीं डाला और बाद मे केस में मामले को फंसाकर 16 प्रतिशत आरक्षण से पिछड़ा, अतिपिछड़ा, दलित, आदिवासी समाज को वंचित कर दिया गया। भाजपा-नीतीश सरकार की आरक्षण चोरी के कारण पच्चास हजार के करीब लोगों को नौकरी से वंचित कर दिया गया है। यादव ने कहा कि 65 प्रतिशत आरक्षण के मामले मे सर्वोच्य न्यायालय में राष्ट्रीय जनता दल इस मामले पर वकील के माध्यम से पैनी निगाह बनाये हुए है। साथ ही हम सड़क से लेकर सदन तक इस मामले को लड़ रहे है और किसी भी कीमत पर आरक्षण खत्म नहीं होने देंगे। ये हमारा संकल्प और प्रण है। नेता प्रतिपक्ष ने कहा कि गाँधी मैदान में नियुक्ति पत्र देने का आईडीया हमारा था और उसी पर नकल करके मुख्यमंत्री 51389 नियुक्ति पत्र दिये है। लेकिन इस नियुक्ति पत्र में 16 प्रतिशत के आरक्षण की हकमारी और चोरी हुई है। जिस कारण 8222 नौकरी से पिछड़ा, अतिपिछड़ा, दलित, आदिवासी के आरक्षण को डबल इंजन सरकार खा गई। यें इन वर्गो के साथ अन्याय है। इन वर्गो को न्याय दिलाने के लिए ही धरना रखा गया है। हम किसी भी कीमत पर तमिलनाडु के तर्ज पर 65 प्रतिशत आरक्षण को 9वीं अनुसूची में शामिल करवाने के लिए संघर्ष और आन्दोलन सड़क से लेकर सदन तक जारी रखेंगे। और 16 प्रतिशत आरक्षण से वंचित नहीं होने देंगे। महागठबंधन सरकार ने बिहार में जातीय गणना कराकर जिसकी जितनी संख्या उसकी उतनी हिस्सेदारी तय की और बढ़ाकर 65 प्रतिशत आरक्षण दिया।

# राजग सरकार ने पिछड़ों-अति पिछड़ों को दिया सम्मान : जायसवाल

**पटना।** बिहार भारतीय जनता पार्टी अध्यक्ष डॉ. दिलीप जायसवाल ने कहा कि राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन सरकार ने पिछड़ों एवं अति पिछड़ों को सम्मान दिया है। डॉ. जायसवाल ने मिलर स्कूल के मैदान में आयोजित अत्यंत पिछड़ा वर्ग हुंकार सम्मेलन में हुंकार भरते हुए कहा कि विपक्ष का कल्याण और आरक्षण जहां अपने परिवार तक ही सीमित है वहीं राजग की सरकार ने सभी वर्गों के गरीबों की चिंता की है। उन्होंने इस सम्मेलन में आए हजारों लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि राजग सरकार ने ही पिछड़ों और अति पिछड़ों के सम्मान दिया है। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की नेतृत्व वाली राजग सरकार ने जननायक कर्पूरी ठाकुर को भारत रत्न देकर उनका सम्मान किया तो कल ही मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने राजगीर में जरासंध की आदमकद मूर्ति का अनावरण किया। उन्होंने कहा कि इस प्रतिमा को देखकर और जानकर आने वाली पीढ़ी भी उनके इतिहास को जान सकेगी। उन्होंने उपस्थित लोगों को आश्वस्त करते हुए कहा कि राजग सरकार सबका साथ, सबका विकास की बात करती है।

# पद्मशाली समुदाय आत्मसम्मान और त्याग में अग्रणी : रेवंत

एजेंसी ◄ हैदराबाद
www.dailypioneer.com



तेलंगाना के मुख्यमंत्री ए रेवंत रेड्डी ने कहा कि पद्मशाली समुदाय न केवल स्वाभिमान बल्कि त्याग में भी सबसे आगे रहा है। नामपल्ली प्रदर्शनी मैदान में आयोजित अखिल भारतीय पद्मशाली महासभा में बोलते हुए मुख्यमंत्री ने कोंडा लक्ष्मण बापूजी के योगदान पर प्रकाश डाला, जिन्होंने तेलंगाना राज्य के निर्माण के लिए अपने पद का बलिदान दिया। उन्होंने याद किया कि बापूजी ने तेलंगाना आंदोलन के लिए अपने घर को भी मंच बना दिया था। रेडडी ने ऐसे उल्लेखनीय नेता के निधन पर उन्हें सम्मानित करने में विफल रहने के लिए पिछली सरकार की आलोचना की, और कहा कि पद्मशाली समुदाय इस घटना को नहीं भूला है। उन्होंने तेलंगाना आंदोलन के एक अन्य प्रमुख व्यक्ति टाइगर एले नरेंद्र को भी श्रद्धांजलि दी। मुख्यमंत्री ने पूर्व मुख्यमंत्री के चंद्रशेखर राव (केसीआर) पर नरेंद्र को धोखा देने का आरोप लगाते हुए कहा कि जब कांग्रेस पार्टी ने नरेंद्र को केंद्रीय मंत्री बनाया, तो राव ने धृतराष्ट्र की तरह उन्हें गले लगाकर उनका गला घोंट दिया। रेडडी ने पद्मशाली समुदाय के प्रति अपनी सरकार की प्रतिबद्धता की पुष्टि की तथा हर अवसर पर न्याय और समर्थन का वादा किया। उन्होंने घोषणा की कि भारतीय हथकरघा प्रौद्योगिकी संस्थान की स्थापना की गई है और इसका नाम कोंडा लक्ष्मण बापूजी के नाम पर रखा गया है। इसके अलावा, उन्होंने घोषणा की कि आसिफाबाद मेडिकल कॉलेज का नाम भी बापूजी के सम्मान में रखा जाएगा, और मंत्री तुम्मला नागेश्वर राव को यह जिम्मेदारी सौंपी गई है। मुख्यमंत्री ने पद्मशाली समुदाय के स्वाभिमान को बनाए रखने के लिए सोलापुर में मार्कंडेय भवन के निर्माण के लिए एक करोड़ रुपये की वित्तीय सहायता की भी घोषणा की। उन्होंने आर्थिक, राजनीतिक और रोजगार के पहलुओं में निरंतर सरकारी सहायता का आश्वासन दिया। उन्होंने कहा , 'मैं एक भाई के रूप में आपके साथ खड़ा रहने और आपकी गरिमा और अधिकारों को बनाए रखने का वादा करता हूं। इस अवसर पर मंत्री तुम्माला नागेश्वर राव, मुख्यमंत्री के सलाहकार वेम नरेंद्र रेड्डी, खनिज निगम के अध्यक्ष ईरावत्री अनिल, वारंगल के मेयर गुंडू सुधारानी और अखिल भारतीय पद्मशाली एसोसिएशन के नेता मौजूद रहे।

# न्यायालय कर्मचारी संघ के पुन: अध्यक्ष चुने गए राजेश्वर तिवारी

एजेंसी ◄ बक्सर/पटना
www.dailypioneer.com

बिहार राज्य व्यवहार न्यायालय कर्मचारी संघ के चुनाव में अध्यक्ष के रूप में पुनः राजेश्वर तिवारी एवं महासचिव के रूप में सत्यार्थ सिंह पटना में चुन लिए गये। कर्मचारियों के संघ के अध्यक्ष पद दुबारा चुने जाने के बाद तिवारी ने कहा कि राज्य की अधीनस्थ अदालतों के हजारों कर्मचारियों को कार्यकारी मुख्य न्यायाधीश सहित वरिष्ठ न्यायाधीशों के प्रोन्नति एवं अन्य मांगों पर अविलंब विचार करने के आश्वासन के एक माह बाद भी कोई प्रोन्नति आदि का लाभ नहीं मिल पाया है। तिवारी ने बताया कि जनवरी में कर्मचारियों ने अपनी अनिश्चितकालीन हड़ताल पटना उच्च न्यायालय के कार्यकारी मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति आशुतोष कुमार के आश्वासन के बाद वापस ले लिया था लेकिन दुर्भाग्य है कि कर्मचारियों को आश्वासन के सिवाय कुछ नहीं मिल सका है। कर्मचारी संघ के अध्यक्ष ने कहा कि छह मार्च को कर्मचारियों की समस्या और मांगों को लेकर पटना उच्च न्यायालय के महानिबंधक के साथ वार्ता हुई हैं जिसमें सकारात्मक परिणाम का आश्वासन संघ को मिला है। तिवारी ने बताया कि अभी तक पटना उच्च न्यायालय एवं राज्य सरकार ने न्यायिक कर्मचारियों के बेहतर वेतनमान और पदोन्नति के लिए पहल नहीं किया है। पूरे राज्य में अनुकम्पा नियुक्ति की प्रक्रिया या तो रोक लगा दिया गया है या कई मामलों को अस्वीकृत कर दिया गया है। उन्होंने कहा कि न्यायिक कर्मचारियों ने स्नातक स्तर का वेतन , वेतन विसंगति एवं पदोन्नति के लिये स्पष्ट निर्देश के लिए मुख्य न्यायाधीश एवं महानिबंधक पटना उच्च न्यायालय से बार बार मांग पत्र सौंपा है। बिहार सरकार के विधि सचिव एवं वित्त सचिव से भी न्यायलीय कर्मचारियों की समस्याओं और मांगों पर सहानुभूति पूर्वक विचार करने का अनुरोध किया गया है। संघ के अध्यक्ष ने कहा कि मांगों के विपरीत राज्य सरकार द्वारा विभिन्न न्यायमण्डलों से किसी मुद्दे पर मांगे गए मार्गदर्शन के आलोक में हर बार अलग-अलग पत्र जारी कर न्यायिक कर्मचारियों के मुद्दे को और जटिल बना दिया गया है। उन्होंने बताया कि न्यायिक कर्मचारियों के वेतन और पदोन्नति के लिए गठित केंद्रीयकृत समिति भी अभी तक कोई ठोस निर्णय नहीं ले सकी है और उसे भी मार्गदर्शन की ही प्रतीक्षा है।

# केंद्रीय बजट जनजातीय क्षेत्रों को सशक्त करने वाला : ओराम

एजेंसी ◄ देहरादून
www.dailypioneer.com

केंद्रीय जनजातीय मामलों के मंत्री जुअल ओराम ने देश के बजट को ऐतिहासिक बताते हुए,इसे जनजातीय क्षेत्रों के सशक्तिकरण करने वाला बताया। उन्होंने विश्वास जताया कि बजट में की गई दोगुनी बढ़ोत्तरी, लाभार्थी होने के साथ साथ, विकसित भारत निर्माण में जनजातीय क्षेत्रों की सक्रिय सहयोगात्मक भूमिका को भी सुनिश्चित करेगा । देहरादून स्थित भारतीय जनता पार्टी प्रदेश मुख्यालय में संवाददाता सम्मेलन में ओराम ने कहा कि केंद्रीय बजट को राष्ट्र कायाकल्प करने वाले इस बजट में गरीब, किसान, युवा और महिलाओं पर विशेष फोकस किया गया है। जिसमें विशेष तौर पर जनजातीय कल्याण को ध्यान रखकर वहां की शिक्षा, आजीविका और आधारभूत ढांचों में सुधार के लिए योजनाएं बनाई गई है। उन्होंने अपने विभाग का जिक्र करते हुए बताया कि वर्ष 2014 के लगभग 4,497 करोड़ रुपए के मुकाबले वर्तमान में 231 गुना बढ़ोत्तरी के साथ 14,925 करोड़ रुपए बजट में आवंटित किए गए हैं। ये वृद्धि विगत वर्ष के आवंटित राशि से ही 45.79 फीसदी अधिक है। केंद्रीय मंत्री ने बताया कि प्रधानमंत्री आदि आदर्श ग्राम योजना को धरती आभा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान के अंतर्गत, लाते हुए 80,000 करोड़ के बजट के साथ अगले 5 वर्षों के लिए बढ़ाया गया है। जिसमें पीएमएएजीवाई को आवंटित राशि में 163 फ़ीसदी बढ़ोतरी करते हुए लगभग 336 करोड रुपए दिए गए हैं। जिसमें इन क्षेत्रों के शिक्षा स्वास्थ्य और रोजगार को लेकर आधारभूत ढांचे की कमियों को दूर किया जाएगा। उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री जनजातीय विकास मिशन में 380 करोड़ के बजट से जनजातीय समुदायों की वार्षिक आय को बढ़ाया जाएगा। ओराम ने कहा कि इसी तरह प्रधानमंत्री जनजाति आदिवासी न्याय महा अभियान पीएम जनमन की फंडिंग को दोगुना करते हुए 150 करोड़ से 350 करोड़ किया गया है। जिसका उपयोग जनजातीय समूह के सामाजिक आर्थिक उत्कर्ष में सहयोग के लिए किया जाएगा। उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी की प्रेरणा से जनजातीय समाज के दूरस्थ इलाकों में गुणवत्ता परक शिक्षा के लिए एकलव्य मॉडल आवासीय स्कूल योजना चलाई जा रही है। जिसकी सफलता को देखते हुए उसके बजट को विगत वर्ष के 4748 करोड रुपए को 7088 करोड़ कर दिया गया है। केंद्रीय मंत्री ने बताया कि धरती आभा जनजाति ग्राम उत्कर्ष अभियान, गेम चेंजर साबित होने वाला है। जिसमें आवंटित 79,156 करोड़ रुपए की धनराशि से अगले पांच वर्षों में 63,843 गांव की दसों दिशा को बदला जाएगा। जिसमें लगभग 56333 करोड रुपए केंद्र और 22823 करोड रुपए राज्य की हिस्सेदारी होगी। इस शुरुआत से 17 मंत्रालय को एक साथ लाकर ट्राइबल क्षेत्र के विकास के प्रमुख हिस्सों जैसे स्वास्थ्य, शिक्षा, आजीविका और स्किल डेवलपमेंट पर फोकस किया जाएगा। उन्होंने जोर देते हुए कहा कि केंद्रीय बजट में मोदी ने एक खास मकसद से जनजातीय विकास को लेकर विशेष प्रावधान किए हैं।

# नीतीश ने 'खटारा बिहार' को बनाया 'समृद्ध' : सम्राट

एजेंसी ◄ पटना
www.dailypioneer.com

बिहार के उप मुख्यमंत्री एवं भारतीय जनता पार्टी के नेता सम्राट चौधरी ने कहा कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व में बिहार बदहाली से समृद्धि की ओर बढ़ चुका है। चौधरी ने रविवार को भाजपा प्रदेश कार्यालय में आयोजित संवाददाता सम्मेलन में कहा कि जिस बिहार को कभी 'खटारा' कहा जाता था, वह विकास और प्रगति के रास्ते पर तेजी से आगे बढ़ रहा है। उन्होंने हाल ही में पेश किए गए बिहार बजट 2025-26 का जिक्र करते हुए इसे किसानों, युवाओं और रोजगार पर केंद्रित बजट बताया और कहा कि राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन सरकार ने बिहार को आत्मनिर्भर और समृद्ध बनाने का संकल्प पूरा किया है। उप मुख्यमंत्री ने कहा कि वर्ष 2005 से पहले बिहार में बिजली, पानी, सड़क जैसी बुनियादी सुविधाओं की भारी कमी थी लेकिन राजग सरकार ने प्रदेश के विकास की नई इबारत लिखी है। उन्होंने बताया कि राज्य के सभी जिलों में कोल्ड स्टोरेज बनाने की योजना है, जिससे किसानों को उनकी उपज का उचित मूल्य मिल सके। साथ ही, तरकारी आउटलेट्स खोलने की योजना से कृषि क्षेत्र को मजबूती मिलेगी। चौधरी ने बताया कि बिहार के 534 प्रखंडों में से 300 में डिग्री कॉलेज नहीं हैं, जिन्हें खोलने की योजना बनाई गई है। सभी पंचायतों में कन्या विवाह मंडप बनाए जाएंगे।

# नीतीश कुमार के नेतृत्व में बिहार रोजगार एवं नौकरी सृजन में अग्रणी : उमेश

एजेंसी ◄ पटना
www.dailypioneer.com



बिहार जनता दल यूनाईटेड अध्यक्ष उमेश सिंह कुशवाहा ने कहा कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व में बिहार रोजगार एवं नौकरी सृजन में अग्रणी राज्य है। कुशवाहा ने बयान जारी कर शिक्षक भर्ती के तृतीय चरण में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के द्वारा नियुक्ति पत्र प्राप्त करने वाले 51 हजार से अधिक शिक्षकों को बधाई एवं शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि हमारे नेता कुमार की दूरदर्शी नीतियों के कारण सरकारी एवं निजी क्षेत्रों में निरंतर रोजगार के अवसर बढ़ रहे हैं। उन्होंने कुमार के नेतृत्व में बिहार को रोजगार और नौकरी सृजन में अग्रणी राज्य बताते हुए कहा कि सूबे की सरकार युवाओं के भविष्य को संवारने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है। शिक्षा, स्वास्थ्य, पुलिस सहित अन्य विभागों में व्यापक पैमाने पर तेजी से भर्तियां हो रही है। जदयू अध्यक्ष ने कहा कि नीतीश सरकार में अब तक तकरीबन दस लाख युवाओं को सरकारी नौकरियों में नियुक्ति हो चुकी है। हमारे नेता का लक्ष्य 2025 चुनाव से पहले कुल 12 लाख युवाओं को सरकारी नौकरी से जोड़ने का है। इसके अलावे 38 लाख रोजगार सृजन की दिशा में भी सरकार तेजी से अग्रसर है। शिक्षक नियुक्ति की सबसे खास बात यह है कि कुल चयनित प्रारभिक शिक्षको में 56 फीसदी सिर्फ महिलायें हैं, यह आंकड़ें राज्य में महिला सशक्तिकरण के भी उत्कृष्ट उदाहरण प्रस्तुत करता है। कुशवाहा ने राष्ट्रीय जनता दल पर भी हमला बोलते हुए कहा कि जिन लोगों ने अपने शासनकाल में नौकरियां देने के बजाय जंगलराज स्थापित किया, वह अब झूठा श्रेय बिटोरकर जनता को बरगलाने की कोशिश कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि राजद की सरकार में रोजगार के बदले रिश्वतखोरी का दौर था। लैंड फॉर जॉब घोटाला लालू परिवार की भ्रष्ट राजनीति का सबसे बड़ा उदाहरण है। उन्होंने कहा कि राजद के 15 वर्षों के शासन में सरकारी नौकरियां भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ गईं और उद्योग-धंधे चौपट होने से युवाओं को मजबूरन पलायन करना पड़ा। राजद की सरकार में अपराध और अपहरण उद्योग बन चुका था। आपराधिक सरगनाओं के लिए सबसे सुरक्षित स्थान मुख्यमंत्री आवास था।

# मेले और त्योहारों का इतिहास और संस्कृति से संबंध : यादव

एजेंसी ◄ बड़वानी
www.dailypioneer.com



मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने कहा है कि मेले और त्योहारों का इतिहास और संस्कृति से संबंध है और मेले में आकर आपस का मैल मिट जाता है। डॉ यादव ने जिले के पानसेमल में आयोजित भगोरिया हाट में शामिल होने के बाद जनसभा को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि मेले और त्योहारों का संबंध इतिहास और संस्कृति से है। मेले में आकर आपस का मैल मिट जाता है, परस्पर प्रेम बढ़ जाता है, जीवन उत्साह और उमंग से भर जाता है। उन्होंने कहा परमात्मा करें इसे किसी की नजर ना लगे और दिन दूना रात चौगुना उत्साह बढ़ता जाए। इसके पूर्व मुख्यमंत्री ने पारंपरिक आदिवासी वेशभूषा पहनकर पानसेमल में रोड शो भी किया। इस दौरान आदिवासी समुदाय नाचते गाते ढोल बजाते चल रहा था। उन्होंने भगोरिया हाट में हार कंगन, बताशे ,गुड़ सेव, जलेबी, गुड़ आदि का जिक्र करते हुए कहा कि यह हमारी प्राचीन संस्कृति को पोषित करने वाला तथा आनंद का दिन है और भगोरिया की जोरदार मस्ती से पूरा निर्माण मालवा अंचल डूबा हुआ है। उन्होंने कहा कि ओंकारेश्वर में महाकाल लोक से भी बेहतर ओंकार लोक विकसित किया जायेगा। उन्होंने कहा कि सरकार आदिवासी अंचलों के विकास के लिए 7300 करोड रुपए का काम कर रही है। उन्होंने भगोरिया उत्सव को राजकीय उत्सव की मान्यता देने की बात कहते हुए कहा कि आदिवासी समाज को सरकार का हिस्सेदार बनने का संकल्प लिया गया है। उन्होंने कहा कि सोयाबीन, गेहूं, धान की तरह दूध उत्पादन पर भी 5 रुपए प्रति लीटर अनुदान दिया जाएगा। उन्होंने गेहूं की 2600 रुपए प्रति क्विंटल खरीदी का जिक्र करते हुए कहा कि किसान समृद्ध होंगे तो जिंदगी बदलेगी। उन्होंने प्रतिमाह लाडली बहना योजना का जिक्र करते हुए इसे बहनों के प्रति स्नेह बताया और कहा कि बहन बेटी के हाथ पैसा आता है तो तकलीफ क्या है। मुख्यमंत्री ने पानसेमल के भारतीय जनता पार्टी के विधायक श्याम बर्डे के आग्रह पर वहां अस्पताल खोलने की भी घोषणा की। इस दौरान क्षेत्रीय सांसद गजेंद्र सिंह पटेल और राज्यसभा सांसद डॉ सुमेर सिंह सोलंकी भी उपस्थित थे।

# चौथे स्तंभ के सहयोग से सरकार सुशासन देने में कामयाब : जोशी

**हरिद्वार।** पत्रकारों की राष्ट्रीय संस्था नेशनल यूनियन ऑफ जर्नलिस्ट (एनयूजे) का दो दिवसीय राष्ट्रीय कार्यकारणी का अधिवेशन हरिद्वार के प्रेम नगर आश्रम में शुरू हुआ जिसका शुभारंभ प्रदेश के कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी ने किया। इस अधिवेशन में देश भर से आए करीब 200 पत्रकार भाग ले रहे हैं। जोशी ने कहा कि कोई भी सरकार पत्रकारों के साथ तालमेल बनाए बिना काम नहीं कर सकती सरकारी योजनाओं का प्रचार प्रसार के लिए पत्रकारों का विशेष योगदान है। अपनी आलोचनाओं के माध्यम से पत्रकार समय-समय पर सरकार को सचेत भी करते रहते हैं जिससे सरकारें अपनी कार्यशाली में सुधार करके सुशासन देने में सफल रहती हैं। उन्होंने कहा कि उनके व्यक्तिगत जीवन में भी पत्रकारों का काफी योगदान है और पत्रकारों के सहयोग से ही राजनीति में सफल हुए हैं और इस मुकाम पर पहुंचे हैं। उन्होंने कहा कि उत्तराखंड सरकार भी पत्रकारों के हितों के लिए काम कर रही है और पत्रकारों की समस्याओं के समाधान के लिए हमेशा तत्पर है और पत्रकारों के संरक्षण के लिए कानून बनाने के लिए वह पत्रकारों की ओर से भी मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी से भी स्वयं पैरवी भी करेंगे। अधिवेशन में मुख्य रूप से पत्रकारों की समस्याओं के बारे में मंथन किया जाएगा और इस संबंध में एक व्यापक प्रस्ताव भी राज्य व केंद्र सरकार को भेजा जाएगा। इसमें सरकारों से पत्रकारों के हितों में कानून बनाने तथा पत्रकारों के हितों की रक्षा करने के लिए देश भर में एक समान कानून बनाने की भी मांग की जाएगी। पत्रकार सम्मेलन में एनयूजे के राष्ट्रीय अध्यक्ष रास बिहारी सहित विभिन्न राज्यों से आए पत्रकारों ने भाग लिया और अपने-अपने विचार रखें। यह आयोजन एनयूजे की उत्तराखंड इकाई द्वारा किया गया है जिसमें उत्तराखंड के तमाम जिलों के पत्रकार भी शामिल रहे।

# निजी स्कूलों में भी लागू होगी 'हमारी विरासत एवं विभूतियां' पुस्तक : रावत

एजेंसी ◄ देहरादून
www.dailypioneer.com



उत्तराखंड राज्य शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद द्वारा तैयार 'हमारी विरासत एवं विभूतियां' पुस्तकें अब राज्य के सभी निजी विद्यालयों में पढ़ाई जायेगी। इसके अलावा, निजी विद्यालयों में बच्चों के बस्तों का भार कम करने और प्रत्येक माह में एक दिन बैग फ्री डे मनाया जायेगा। इसकी विधिवत शुरूआत अप्रैल माह के प्रथम सप्ताह में की जायेगी, जिस पर निजी विद्यालय संगठनों एवं स्कूल संचालकों ने अपनी हामी भर दी है। यह जानकारी राज्य के विद्यालयी शिक्षा मंत्री डॉ. धन सिंह रावत ने दी। उन्होंने बताया कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 के प्रावधानों को प्रदेश भर में तेजी से लागू किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि इसी क्रम में, प्रदेश भर के निजी विद्यालय संगठनों एवं संचालकों के साथ अहम बैठक हुई। जिसमें एससीईआरटी द्वारा तैयार 'हमारी विरासत एवं विभूतियां' पुस्तकों को कक्षावार निजी विद्यालयों में लागू करने का निर्णय लिया गया। डॉ. रावत ने बताया कि निजी विद्यालयों में पुस्तकें लागू होने से यहां अध्ययनरत देश-विदेश के बच्चे उत्तराखंड की समृद्ध लोक विरासत, सांस्कृतिक विविधता, पृथक राज्य आंदोलन, सांस्कृतिक व सामाजिक चेतना से जुड़े आंदोलन, लोकगीत, लोकनृत्य, पर्यटक व ऐतिहासिक स्थल सहित राज्य की महान विभूतियों के बारे में जान सकेंगे। उन्होंने बताया कि इसके अलावा, सरकारी विद्यालयों की भांति निजी विद्यालयों में भी कक्षावार बस्तों का निर्धारित वजन लागू किया जायेगा, ताकि बच्चों को बस्ते का अनावश्यक बोझ न ढोना पड़े उन्होंने बताया कि इसके अलावा, प्रत्येक महीने एक दिन निजी विद्यालयों में भी 'बैग फ्री डे' लागू किया जायेगा, ताकि बच्चों में पढ़ाई का तनाव कम हो और बच्चों को नई शिक्षण विधियों को अपनाने का अवसर मिल सके। उन्होंने बताया कि इसकी विधिवत शुरूआत अप्रैल माह के प्रथम सप्ताह में की जायेगी। उन्होंने बताया कि बैठक में सकल नामांकन अनुपात बढ़ाने में निजी विद्यालयों की सहभागिता सुनिश्चित करने के लिये सभी प्राइवेट स्कूलों को विद्या समीक्षा केन्द्र से जोड़ने का निर्णय लिया गया। इसके अलावा, बैठक में निजी एवं सरकारी विद्यालयों के बीच टीचिंग शेयरिंग प्रोग्राम चलाने, प्रयोगशाला व खेल मैदानों को आपस में साझा करने का भी निर्णय लिया गया, जिससे संसाधनों का बेहतर उपयोग संभव हो सकेगा। डॉ. रावत ने निजी विद्यालयों के प्रत्येक शिक्षक को साक्षर उत्तराखंड अभियान का हिस्सा बनकर एक निरक्षर व्यक्ति को साक्षर बनाने तथा स्कूल संचालकों को टीबी मुक्त भारत अभियान में सामाजिक सहभागिता के तहत निःक्षय मित्र बनकर टीबी मरीज को गोद लेने का भी अह्वान किया। जिस पर सभी निजी विद्यालयों के संचालकों ने अपनी सहमति व्यक्त की।

# सैनी से देशवाल व हरविंदर ने की भेंट

**चंडीगढ़।** हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सैनी से उनके निवास संत कबीर कुटीर पर पद्मश्री से सम्मानित साहित्यकार डॉ संतराम देशवाल और पैरालंपिक स्वर्ण पदक विजेता हरविंदर ने सपरिवार भेंट की। सैनी ने डॉ संतराम देशवाल और हरविंदर को शॉल एवं स्मृति चिह्न भेंट कर सम्मानित किया और पद्मश्री सम्मान प्राप्त करने के लिए बधाई व शुभकामनाएं दी। इस दौरान मुख्यमंत्री की धर्मपत्नी सुमन सैनी ने भी पद्मश्री सम्मान के लिए बधाई दी। गौरतलब है कि डॉ संतराम देशवाल हरियाणवी लोक साहित्य के साथ-साथ हिन्दी साहित्य के भी प्रतिष्ठित विद्वान हैं। उनकी पहचान हरियाणा की लोक भाषा, लोक संस्कृति एवं लोक साहित्य के संरक्षक के रूप में प्रतिष्ठापित हो चुकी है।

# बिहार में पहली बार नेशनल यूथ एथलेटिक्स चैम्पियनशिप 10 मार्च से

एजेंसी ◄ पटना
www.dailypioneer.com

बिहार में पहली बार 10 से 12 मार्च तक 'नेशनल यूथ एथलेटिक्स चैम्पियनशिप 2025' का आयोजन किया जा रहा है। बिहार राज्य खेल प्राधिकरण के महानिदेशक सह मुख्य कार्यकारी अधिकारी रवीन्द्रण शंकरण ने पटना के पाटलिपुत्र खेल परिसर में होने वाली '20वीं नेशनल यूथ एथलेटिक्स चैम्पियनशिप 2025' की जानकारी देते हुए बताया कि बिहार पहली बार इस प्रतिष्ठित प्रतियोगिता की मेजबानी कर रहा है, जो हमारे लिए बहुत खुशी और गर्व की बात है। शंकरण ने कहा कि यह खेल विभाग और सरकार के निरंतर प्रयास और सहयोग का ही परिणाम है कि कई राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिताएं बिहार में हो रही हैं और बिहार अपनी आयोजन क्षमता, कुशलता, खेल और खिलाड़ियों के सर्वांगीण विकास के प्रति अपनी प्रतिबद्धता के कारण अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर अपनी छवि सुदृढ़ कर रहा है। खेल प्राधिकरण के महानिदेशक ने कहा कि इस प्रतियोगिता में देश के 26 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के 150 महिला खिलाड़ियों सहित कुल 373 खिलाड़ी शामिल हो रहे हैं तथा 150 से ज्यादा प्रशिक्षक ,टेक्निकल स्टाफ तथा ग्राउंड स्टाफ इसका हिस्सा बनेंगे। महत्वपूर्ण बात यह है कि इस प्रतियोगिता में सफल और विजेता खिलाड़ियों में से 15 से 18 अप्रैल तक साउदी अरब में होने वाली छठी एशियन अंडर 18 एथलेटिक्स चैम्पियनशिप 2025 के लिए भारतीय टीम के खिलाड़ियों का चयन होगा। इस चैम्पियनशिप में 12 स्पर्धाओं में प्रतियोगिता होगी जिसमें 100, 200, 400, 1000 मीटर दौड़, 110 मीटर बाधा दौड़, हाई जम्प ,लॉन्ग जम्प, शॉट पुट, डिस्कस थ्रो, जेवलिन थ्रो,5 किलोमीटर वॉक और हेप्टाथलान शामिल हैं। हेप्टाथलान में 110 मीटर बाधा दौड़ 200 तथा 1000 मीटर दौड़, लॉन्ग जम्प, हाई जम्प, शॉट पुट और जेवलिन थ्रो होंगे। हर राज्य से प्रत्येक स्पर्धा में सिर्फ दो खिलाड़ी ही शामिल हो सकते हैं तथा एक खिलाड़ी अधिकतम दो एकल स्पर्धा में ही भाग ले सकता है।

# अवैध रूप से नशीले दवाईयां बिक्री करने वाले युवकों के खिलाफ बस्तर पुलिस की कार्रवाई

पायनियर संवाददाता ➤ जगदलपुर
www.dailypioneer.com



बस्तर पुलिस अधीक्षक, शलभ कुमार सिन्हा के निर्देशन में बस्तर पुलिस के द्वारा आपराधिक तत्वों के विरूद्ध लगातार कार्यवाही किया जा रहा है। इसी तारतम्य में अवैध नशीली दवाईयां बेचने वाले युवकों पर कार्यवाही करने में बस्तर पुलिस को सफलता मिली है। ज्ञात हो कि थाना सिटी कोतवाली को सूचना प्राप्त हुआ कि दो व्यक्ति द्वारा हाटकचोरा स्कुल गली रोड पुराना खपरा भट्ठी के पीछे में अवैध नशीली गोली दवाई बिक्री करने कि सूचना पर पुलिस अधीक्षक, शलभ कुमार सिन्हा के मार्गदर्शन एवं अति. पुलिस अधीक्षक माहेश्वर नाग एवं नगर पुलिस अधीक्षक आकाश श्रीमाल के पर्यवेक्षण में थाना प्रभारी कोतवाली शिवानंद सिंह के नेतृत्व में टीम गठित कर कार्यवाही हेतु रवाना किया गया। टीम के द्वारा वहाँ पहुंचकर, मुखबीर के बताये हुलिये अनुसार संदेहियो को टीम द्वारा घेराबंदी कर, हिरासत में लेकर पुछताछ किया गया। जिन्होने अपना अपना नाम जयप्रकाश झा एवं उमाशंकर चौधरी निवाासी जगदलपुर के रहने वाले बताये। जिसके पेन्ट जेब में रखे अवैध नशीली टेबलेट अल्प्राजोलम 05 एवं 09 स्ट्रीप प्रत्येक स्ट्रीप में 15-15 नग कुल 210 नग कीमती 672 रूपये एवं नगदी रकम 4032 रूपये मिला। जिस संबंध में पूछताछ करने पर संदेहियो ने वैधानिक प्रत्युत्तर प्रस्तुत नही दिया। आरोपियो का उक्त कृत्य एनडीपीएस एक्ट की परिधि में आने पर उक्त दवाईयों को आरोपियो के कब्जे से कुल 210 नग दवाई कीमती 672 रूपये एवं नगदी रकम, जुमला कीमती 4032/-रूपये को बरामद कर,जप्त किया गया है। आरोपियो के विरूद्ध थाना कोतवाली में धारा 21-ख एनडीपीएस. एक्ट के तहत अपराध पंजीबद्ध कर, आरोपियो को मामलें में गिरफ्तार कर, न्यायालय रवाना किया जा रहा हैं।

# संविदा चिकित्सक को नोडल अधिकारी बनने पर उठे सवाल

पायनियर संवाददाता ➤ जगदलपुर
www.dailypioneer.com




बस्तर छत्तीसगढ़ प्रदेश स्वास्थ्य कर्मचारी संघ के जिला अध्यक्ष अजय प्रताप सिंह परिहार ने कलेक्टर से शिकायत किया गया है कि डॉक्टर श्रेयाश जैन को पीसीएनडीटी एवं नर्सिंग एक्ट का नोडल अधिकारी बनाए जाने पर मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी जिला बस्तर की मंशा पर सवाल उठाएं तथा कहां है कि किसी भी संविदा चिकित्सा अधिकारी को आज तक कभी भी पीसीएनडीटी एवं नर्सिंग होम एक्ट का नोडल अधिकारी नहीं बनाया गया जबकि नियमित चिकित्सक उपलब्ध है तथा संविदा चिकित्सक के नियुक्ति आदेश में स्पष्ट उल्लेख है कि संविदा चिकित्सक किसी भी प्रकार के प्राइवेट प्रैक्टिस नहीं कर सकते इसके बावजूद संविदा चिकित्सक के द्वारा मेडिकल स्टोर एवं प्राइवेट क्लीनिक संचालित किया जा रहा है ऐसे में संविदा चिकित्सक एवं मुख्य स्वास्थ्य चिकित्सा अधिकारी के मंशा पर प्रश्न लगते हुए कलेक्टर से शिकायत कर तत्काल संविदा चिकित्सक को नोडल अधिकारी के पद से हटाने की मांग की है जब हमारे संवाददाता ने इस संबंध में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी से उनका पक्ष जानना चाहा तब उन्होंने कहा कि नियमित चिकित्सक़ नोडल अधिकारी बनना नहीं चाहते इसलिए सिविल सर्जन के कहने पर डॉक्टर श्रेयांश जैन संविदा चिकित्सक को नोडल अधिकारी बनाया गया।

# निशा स्वर वेलफेयर फाउंडेशन ने विश्व महिला दिवस के अवसर पर पैसों की पाठशाला और सुपर वुमन सुपर पावर कार्यक्रम आयोजित की

पायनियर संवाददाता ➤ जगदलपुर
www.dailypioneer.com



शहर के वीर सावरकर भवन में निशा स्वर वेलफेयर फाउंडेशन द्वारा महिला दिवस पर आयोजित पैसों की पाठशाला और सुपर वुमन सुपर पावर कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में प्रदेश अध्यक्ष विधायक किरण सिंह देव, शहर के महापौर संजय पांडे, पूर्व वनविकास अध्यक्ष श्रीनिवास राव मद्दी, जिला अध्यक्ष भा ज पा वेद प्रकाश पांडे, नगर मंडल अध्यक्ष प्रकाश झाफ, विद्या शरण तिवारी, नगर निगम सभापति खेम सिंह देवांगन, विशिष्ट योगेंद्र पांडे, पूर्व महापौर सफीर साहू साथ ही सहर के पारसद गण भी शामिल हुएद्य इस दौरान अतिथियों ने कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलित कर किया। रजत सांखला के द्वारा पैसों की पाठशाला के विषय पर महिलाओ को बजट निर्माण,म्युचल फंड जैसे आर्थिक गतिविधियों के बारे में अवगत कराया गया जिससे महिलाएं आर्थिक रूप से सशक्त हो सके। संध्या कालीन कार्यक्रम में संगीत के साथ मातृशक्तियों ने लगाया स्टाल जिसमें बस्तर हेरिटेज कैफे, वासु, केक हाउस बाय ज्योति जैन, डिवा ब्यूटी सैलून बाय दीपिका पवार, गेट नेल्स एंड मेकअप बाय एच के,शहनाई बाय साक्षी सिंह,मितानिन दीदी की दुकान, चिकनकारी लिबास,आर्टिस्टक आस्था, मितानिन हैंडीक्राफ्ट कैंडल गिफ्ट बाय लिसा, जैनब मेहंदी, वार्प अप विथ लव ने स्टाल लगाकर महिलाओ द्वारा की जा रही गतिविधियों को साझा किया। आयोजनकर्ता निशा नागवंशी व झरना मोहंती ने बताया कि निशा फाउंडेशन के कार्यक्रम को सफल बनाने में सहर की मातृशक्तियो के साथ ही मीतानीन दीदीयों, स्वसहायता समूह, महिला मोर्चा, आनंद वाहिनी टीम, नगर निगम की स्वच्छता दीदीयों, विशेष रूप से गीता नाग नगर अध्यक्ष महिला मोर्चे, धीरज कश्यप वी डी एस इनफार्मेशन सेंटर जगदलपुर एवं समूह का विशेष सहयोग रहा।

# बोधनी देवी इंस्टीट्यूट में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस मनाया गया




पायनियर संवाददाता ➤ किरंदुल
www.dailypioneer.com

आया समय उठो तुम नारी यंग निर्माण तुम्हें करना है आजादी की खुदी नींव में तुम्हें प्रगति पत्थर भरना है अपने को कमजोर न समझो जननी हो सम्पूर्ण जगत की गौरव हो अपनी संस्कृति की आहट हो स्वर्णिम आगत की तुम्हें नया इतिहास देश का अपने कर्मों से रचना हैं। संस्था बोधनी देवी नर्सिंग इंस्टीट्यूट एवं बोधनी देवी फार्मेसी कॉलेज में अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस आयोजित किया गया, जिसमें संस्था के सभी छात्र छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया, संस्था के प्राचार्या सुष्मिता मसीह (नर्सिंग) एवं प्राचार्य अरविंद कुमार (फार्मेसी) सम्मिलित रहे। वोधनी देवी नर्सिंग इंस्टीट्यूट एवं बोधनी देवी फार्मेसी कॉलेज के निर्देशक एकांत चंद्राकर सर के मार्गदर्शन में अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस आयोजन किया गया।जिसमें बस्तर मार्शल आर्ट अकादमी जगदलपुर बस्तर, छत्तीसगढ़ द्वारा संस्था बोधनी देवी नर्सिंग / फार्मेसी इंस्टीट्यूट जगदलपुर के छात्राओं को समस्याओं में किस प्रकार अपनी शारीरिक आत्मरक्षा के सम्बंध में जानकारी दी गयी।

# अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर सुकमा में जिला स्तरीय महिला खेलकूद प्रतियोगिता का हुआ आयोजन

पायनियर संवाददाता ➤ सुकमा
www.dailypioneer.com



कलेक्टर देवेश कुमार ध्रुव के निर्देशन एवं सीईओ जिला पंचायत नम्रता जैन के मार्गदर्शन में महिला खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन जिला मुख्यालय सुकमा के मिनी स्टेडियम में किया गया। इस अवसर पर खेल एवं युवा कल्याण विभाग द्वारा आयोजित प्रतियोगिता में जिले की महिला खिलाड़ियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। प्रतियोगिता में एथलेटिक्स, गोला फेंक, भाला फेंक, वॉलीबॉल, कबड्डी, खो-खो एवं बैडमिंटन सहित विभिन्न खेलों का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में नगर पालिका अध्यक्ष हुंगा राम मरकाम, भुनेश्वरी यादव, आयशा हुसैन, राजेंद्र गुप्ता, राजेश दास, संजय,जिला खेल अधिकारी वीरुपाक्ष पुराणिक एवं शिक्षा विभाग के अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।इस प्रतियोगिता में जिला स्तरीय महिला टीमों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और अपने खेल कौशल का शानदार प्रदर्शन किया। जनप्रतिनिधियों ने भी प्रतियोगिता में उपस्थित रहकर खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया।इस आयोजन का उद्देश्य महिलाओं को खेलों के प्रति प्रोत्साहित करना और उनके आत्मविश्वास को बढ़ाना था। अतिथियों ने कहा कि इस तरह के आयोजन महिलाओं के सशक्तिकरण की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम हैं। आयोजन समिति ने विजेता एवं उपविजेता टीमों को सम्मानित कर उनका हौसला बढ़ाया।इस अवसर पर उपस्थित गणमान्य व्यक्तियों ने खिलाड़ियों को शुभकामनाएं दीं और भविष्य में भी ऐसे आयोजनों को बढ़ावा देने की बात कही।

# उत्तम यादव के कांकेर नगर पालिका उपाध्यक्ष बनने पर भाजपाइयों ने मनाया जश्न

पायनियर संवाददाता ➤ कांकेर
www.dailypioneer.com




भले ही भाजपा को नगर पालिका के चुनाव में स्पष्ट बहुमत मिला था और अध्यक्ष के साथ एक मत ज्यादा हो रहा था लेकिन संगठन के नेताओं को संदेह था इसलिए मतगणना के बाद से ही नवनिर्वाचित पार्षदों पर नजर रखा जा रहा था। सभी पार्षदों को पहले कमल सदन बुलाया गया। जहां से सभी को शीतला मंदिर ले जाया गया। मंदिर मेंसंजय नगर के पार्षद सलीम मेमन नहीं जा सके। शेष 10 पार्षदों को कसम तक खिलाई गई थी। जिसमें एक महिला पार्षद ने कसम खाने से मना कर दिया। दूसरी ओर जिस तरह से क्रास वोटिंग ना करते हुए अपने मत को रिजेक्ट कराया है, उससे माना जा रहा है कि कसम को भी झूठा होने नहीं दिया और विरोधी पक्ष को फायदा पहुंचाने के लिए अपने मत को निरस्त करा दिया।

## क्रास वोटिंग की कैसे होगी जांच ?

भारत में स्थानीय चुनाव में गुप्त मतदान की प्रक्रिया है। जिससे क्रास वोटिंग करने वाले की जानकारी कभी नहीं होती संदेह के आधार पर ही कोई कार्रवाई की जा सकती है। पिछले नगर पालिका के चुनाव में अध्यक्ष-उपाध्यक्ष का चुनाव पार्षदों के माध्यम से हुआ था। तब कांग्रेस स्पष्ट पहुमत में था लेकिन संख्याबल से अधिक मत कांग्रेस के जितेंद्र सिंह ठाकुर व मकबूल खान को मिला था। मतलब नगर पालिका में पहली बार क्रास वोटिंग नहीं हुआ है। लेकिन संगठन ऐसा जांच नहीं करा पायी। जिससे क्रास वोटिंग करने वाला पार्षद बेनकाब हो सके। होगी जांच पड़ताल-महेश जैन इस संबध में भाजपा के जिलाध्यक्ष महेश जैन का कहना है कि अब तक भाजपा को नगरीय निकाय व त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव में लगातार सफलता मिल रही है। लेकिन नगर पालिका के उपाध्यक्ष चुनाव में कुछ पार्षदों ने जान बुझकर अपने मत को निरस्त करवाया है जिसको संज्ञान में लेकर जांच की जायेगी। भाजपाइयों ने मनाया जश्न, समाज ने की आतिशबाजी।

# व्यवहार न्यायालय नारायणपुर में नेशनल लोक अदालत का हुआ आयोजन

पायनियर संवाददाता ➤ नारायणपुर
www.dailypioneer.com




जिला न्यायाधीश एवं अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कोण्डागांव उत्तरा कुमार कश्यप के आदेशानुसार एवं सुगायत्री साय सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कोण्डागांव के आदेश अनुसार व्यवहार न्यायालय नारायणपुर में नेशनल लोक अदालत का आयोजन किया गया। हरेंद्रसिंह नाग अपार सत्र न्यायाधीश नारायणपुर के द्वारा भारत माता,महात्मा गांधी के मूर्ति के समक्ष दीप प्रज्वलित कर नेशनल लोक अदालत का शुभारंभ किया गया। एवं कुमारी प्रतिभा मरकाम मुख्य न्यायाधीश नारायणपुर के द्वारा भी दीप प्रज्वलित किया गया। इस अवसर पर चंद्र प्रकाश कश्यप रिटेनर अधिवक्ता नारायणपुर एवं अधिवक्ता जितेंद्र शुक्ला जे.एस राठौर एवं अधिवक्ता सदस्यगण उपस्थित थे। चंद्र प्रकाश कश्यप रिटेनर अधिवक्ता के द्वारा नेशनल लोक अदालत में बताया गया कि नेशनल लोक अदालत में पक्ष कार के द्वारा न्याय शुल्क अदा किया गया है राजीनामा होने पर न्याय शुल्क को वापस प्रदान किया जाता है पक्षकारों को निर्णय के प्रति लिपि निशुल्क प्रदान की जाती है।हरेंद्र सिंह नाग के द्वारा सभी विभाग एवं पक्षकारों को नेशनल लोक अदालत में अधिक से अधिक प्रकरण को सुलह करने का सलाह दिया गया। और जितेंद्र शुक्ला के द्वारा नेशनल लोक अदालत के संबंध में बताया गया कि पक्षकारों को अधिक से अधिक राजीनामा करके आपसी समझौता करने की सलाह दी गई। व्यवहार न्यायालय में अपराधिक प्रकरण 10 में से तीन प्रकरण राजीनामा हुआ। भरण पोषण 10 प्रकरण में से 4 प्रकरण निपटाया गया। धारा 138 चेक बाउंस 40 प्रकरण में से 10 प्रकरण निपटाया गया। 2432000 रुपय वसूली की गई। यातायात 101 प्रकरण निपटाया गया। 10100 वसूल की गई। समरी केस 319 प्रकरण निपटाया गया 53500 रुपय वसूली की गई। अपर सत्र न्यायालय में 95 प्रकरण में से 1 प्रकरण निपटाया गया। 7000 रुपय वसूली की गई। सिविल केस 2 प्रकरण में से 2 प्रकरण निपटाया गया। 685023 रुपय वसूली की गई। रेवेन्यू कैसे 179 प्रकरण में से 179 प्रकरण निपटाया गया। जल बिल 1938 प्रकरण में से 1938 प्रकरण निपटाया गया। 3256000 रुपय वसूली की गई। बी.एस.एन.ल 232 प्रकरण में से 232 प्रकरण निपटाया गया। 76503 रुपय वसूली की गई। बी.एस.एन.ल विभाग, केनरा बैंक, स्टेट बैंक, विद्युत विभाग, नगर पालिका, यूनियन बैंक, बैंक ऑफ बड़ौदा, सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया नेशनल लोक अदालत में विशेष सहयोग किया गया। इस अवसर पर समस्त न्यायिक कर्मचारीगण, न्याय मित्रगण उपस्थित एवं अधिवक्तागढ़ उपस्थित रहे।

# 8 मार्च 2025 को अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस मनाया गया



**जगदलपुर।** बस्तर सामाजिक जन विकास समिति द्वारा संचालित लक्ष्यगत हस्तक्षेप परियोजना एफ.एस.डब्ल्यू.के द्वारा एरिया कुम्हारपारा में शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में समुदाय की बहनों के साथ महिला दिवस मनाया गया। महिला दिवस का मुख्य उद्देश्य महिला सशक्तिकरण उन्हें समाज में समान अधिकार और अवसर प्रदान करना महिला अधिकारों की रक्षा उन्हें हिंसा, उत्पीड़न और भेदभाव से मुक्त करना शिक्षा और स्वास्थ्य सुविधाएं प्रदान करना उन्हें महिलाओं को आर्थिक रूप से सशक्त बनाना और उन्हें आत्मनिर्भर बनाना महिला समानता महिलाओं को पुरुषों के साथ समान अधिकार और अवसर प्रदान करना महिला जागरूकता महिलाओं को उनके अधिकारों और सशक्तिकरण के बारे में जागरूक किया गया साथ ही एच आई वी की जानकारी दी गई।

## 21 किलोमीटर मैराथन दौड़ में तीसरा स्थान प्राप्त करने वाली उर्मिला करंगा को प्रशस्ति पत्र देकर किया सम्मानित

# अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस में शामिल हुए वनमंत्री केदार कश्यप

पायनियर संवाददाता ➤ नारायणपुर
www.dailypioneer.com



अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में संसदीय कार्य, वन एवं जलवायु परिवर्तन, जल संसाधन, कौशल विकास एवं सहकारिता मंत्री केदार कश्यप शामिल हुए। उन्होंने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि माता ही प्रथम शिक्षक होती हैं, जिसके दिखाए राह पर चलकर हम अपने जीवन को सर्व शिखर तक पहुंचने में सफलता हासिल करते हैं। उन्होंने नारी शक्ति और विरांगनाओं का सम्मान करते हुए उन्हें नमन करता हूं। देश की राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु को उच्च पद पर महिलाओं का सम्मान करते हुए देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के सोच के अनुरूप महिलाओं को सम्मानित किया गया है। उन्होंने देश के विरांगना लक्ष्मीबाई और अंतरिक्ष यात्री कल्पना चावला नाम लेते हुए महिलाओं को सभी क्षेत्र में आगे बढ़ाने का कार्य किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार के जनकल्याणकारी योजनाओं को महिलाओं तक पहुंचाने का कार्य भी महिला स्व-सहायताओं के समूहों के माध्यम से किया जा रहा है। राज्य सरकार की योजनाओं को लोगों तक पहुंचाने में अहम भूमिका निभा रहे है। मैं उपस्थित सभी माता बहनों को प्रमाण करते हुए अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस की बधाई एवं शुभकामनाएं देता हूं।

कार्यक्रम को जिला पंचायत अध्यक्ष नारायण मरकाम ने संबोधित करते हुए कहा कि जब जब धरती पर अत्याचार हुई, तब तब महिलाएं विराट रूप लेकर उसे समाप्त करने का कार्य किया है। अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस में उपस्थित सभी माता बहनों का प्रणाम करते हुए कहा कि आप सभी माता बहनों की हमे आर्शीवाद हमेशा मिलती रहे। बेहतर कार्य करने वाले महिलाओं को प्रशस्ति देकर सम्मानित भी किया गया।

जिला पंचायत सीईओ आकांक्षा शिक्षा खलखो ने अपने उद्बोधन में कहा कि महिला सशक्तिकरण की दिशा में लैंगिक समानता की प्रगति पर तीव्रता के साथ हम सब को विशेष रणनीति बनाकर कार्य किए जाने पर ध्यान देने की आवश्यकता है। जिले में इस दिशा में महिला सशक्तिकरण के तहत् महतारी वंदन योजना अंतर्गत 27 हजार 48 महिलाओं को 8 मार्च 2024 से प्रारंभ होकर अब तक तीस करोड चौदह लाख ग्यारह हजार नौ सौ रूपये की राशि का भुगतान किया गया जो महिलाओं को आर्थिक रूप से स्वालम्बी तथा आर्थिक सम्पन्नता की दिशा में प्रेरित कर स्वंय व्ययसाय में सहायता प्रदान कर रही है तथा लैंगिक समानता की दिशा में शिविरो के माध्यम से जनजन तक बेटी बचाओं बेटी पढ़ाओं, बालिकाओं की शिक्षा आदि पर जागरूक की जा रही है, जिसका परिणाम है कि शिक्षा के प्रति लोगो में रूचि बढ़ने लगी और बालिका इस जिले में भी उच्च शिक्षा के प्रति जागरूक हो रही हैं। जिले में छत्तीसगढ़ महिला कोष योजना अंतर्गत महिलाओं को सक्षम बनाने के लिए सक्षम योजना के माध्यम से 86 महिलाओं को पचास लाख साठ हजार रूपये तथा ऋण योजना अंतर्गत अब तक 83 समुहो को इक्यालीस लाख पन्चान्बे हजार रूपये का ऋण प्रदाय किया गया है, जिससे जिले में महिलाए आर्थिक संबलता की ओर बढ़ रही है।

अबूझमांड पीस हाफ मैराथन में ग्राम कुरूषनार की उर्मिला करंगा तृतीय स्थान प्राप्त कर जिले को गौरान्वित किये जाने पर उन्हें अन्तर्राष्ट्रीय महिला दिवस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के द्वारा प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया किया गया। कार्यक्रम में जिला पंचायत उपाध्यक्ष प्रताप सिंह मण्डावी, सर्व आदिवासी समाज के संरक्षक रूपसाय सलाम, छोटेडोंगर सरपंच संध्या पवार, जनपद अध्यक्ष पिंकी उसेण्डी, मछुआ कल्याण बोर्ड के पूर्व अध्यक्ष भरत मटियारा, वनमण्डलाधिकारी सचिकानंदन के, अपर कलेक्टर बीरेन्द्र बहादुर पंचभाई, कार्यक्रम अधिकारी लुपेन्द्र महिलांग, तहसीलदार सौरभ कश्यप, महिला एवं बाल विकास विभाग के अधिकारी कर्मचारी सहित बड़ी संख्या में महिलाएं उपस्थित थे।

ESAF
ESAF SMALL FINANCE BANK
REGD. OFFICE: ESAF Bhavan, Mannuthy, Thrissur- 680 651, Kerala.

GOLD AUCTION NOTICE

Notice is hereby given for the information of all concerned that Gold ornaments pledged with ESAF Small Finance Bank and not redeemed by borrowers, despite repeated reminders and notices, of our branches, are listed below. This will be auctioned as per the details given below:

DATE OF AUCTION: 21-03-2025 TIME: 2 PM TO 5 PM
AUCTION VENUE: THROUGH E-AUCTION
AUCTION ADDRESS: https://gold.matexnet.org/
Contact Number: 9500173386/9962979770

To register as bidder for the e-Auction with terms and conditions, and full details of e-Auction please visit the above site.

BRANCHES & LOAN ACCOUNT NUMBERS

**AKALTARA**: 75240002774008, **AMBIKAPUR**: 75240002757741, 2764487, **BAGBAHARA**: 75240002712946, **BALOD**: 75240000434904, **BHATAPARA**: 75240002701907, 2728536, 2728546, 2728556, 2744415, **BHILAI**: 63240000090786, 75240002727528, 2789380, **BILASPUR**: 75240002704552, 2766804, 2777563, 2777943, **CHAMPA**: 75240000431099, 2759767, **CHANDIGARH**: 75240002705320, 2762351, **DHAMDHA**: 63240000620601, **DHAMTARI**: 63240000620701, 630542, 75240002775406, **DONAGARGARH**: 75240002744015, 2744045, 2787704, 2791755, **DURG**: 75240001843286, 75240001843286, 1861942, 1861942, **JASHPUR**: 75240002737749, **KAWARDHA**: 75240002708424, **KHARSIA**: 75240000487073, **KORBA**: 63240000628916, **MAHASAMUND**: 75240002734344, **PAKHANJORE**: 63240000083010, 619894, 637719, 75240000492713, 2741131, 2778591, **PITHORA**: 63240000083660, 616159, 75240000451471, 468579, 2740373, 2750104, 2789620, 2791015, **RAIGARH**: 63240000457007, 627788, 638617, 75240002791675, **RAIPUR**: 75230002809033, 75230002809033, **SARANGARH**: 63240000085406, 75240000483320, 483930, 2784979, **SHIVRINARAYAN**: 63240000087543, 627528, 75240000441120, 461902, 2760694.

Customers who are interested to release the ornaments by paying the total due amount may do so, at the respective branches, on or two days before the date of the auction.

Bidders who wish to participate in the auction shall produce their KYC documents. GST No. is mandatory for registered firms/companies. Bidders shall deposit a sum of Rs.50,000 as EMD before participating in the auction.

Thrissur
Date: 10-03-2025
Sd/-
Authorized Signatory

# रायपुर बरगढ़ रेल निर्माण संघर्ष समिति के सदस्यों ने रायपुर विधायक सुनील सोनी व कलेक्टर से की मुलाकात

## सांसद बृजमोहन अग्रवाल व विधायक पुरन्दर मिश्रा को दिया गया ज्ञापन

पायनियर संवाददाता ➤ सरायपाली
www.dailypioneer.com



रायपुर से बरगढ़ रेल लाइन निर्माण संघर्ष समिति के सदस्यगणों द्वारा 8 मार्च को रायपुर में रायपुर के सांसद सुनील सोनी व कलेक्टर गौरव सिंह से मुलाकात कर भुवनेश्वर स्थित पूर्वी तट रेलवे के चीफ इंजीनियर द्वारा प्रस्तावित रायपुर संबलपुर रेललाइन निर्माण हेतु रायपुर जिला के अंतर्गत आने वाले ग्रामो के संबंध में जानकारी रेलभवन भुवनेश्वर को दिए जाने हेतु जानकारी प्रदान कर तत्काल जानकारी उपलब्ध कराए जाने की मांग की। ज्ञातव्य हो कि रेललाइन निर्माण परियोजना प्रगति रिपोर्ट लेने समिति के दिलीप गुप्ता, अविजित प्रतिहार व सत्यजीत प्रधान द्वारा विगत 22 /1/25 को भुवनेश्वर स्थित रेलभवन में चीफ इंजीनियर से मुलाकात की गई थी। चीफ इंजीनियर राधामोहन सिंह ने बताया था कि रायपुर कलेक्टर से चाही गई जानकारी नही मिलने के कारण आगे की कार्यवाही नही हो पा रही है। इसी परिपेक्ष्य में रायपुर में कलेक्टर गौरव सिंह से उनके गृह निवास में मुलाकात की गई व विस्तृत जानकारी दी गई। कलेक्टर द्वारा इस विषय को तत्काल संज्ञान में लेते हुवे पूरी जानकारी लेकर रेलभवन को दिए जाने का आश्वासन दिया गया। विदित हो कि रायपुर से संबलपुर के मध्य नई रेललाइन निर्माण हेतु सभी तरह का सर्वे व मिट्टी परीक्षण का कार्य पूर्ण हो चुका है। इस रेललाइन निर्माण हेतु रायपुर जिला के अंतर्गत आने वाले 3 तहसीलों क्रमशः रायपुर, आरंग व मंदिरहसौद के अंतर्गत 22 ग्रामो से रेललाइन का निर्माण होना है। इस हेतु इन ग्रामो की जमीनों से सम्बंधित जानकारी भुवनेश्वर स्थित रेलभवन द्वारा रायपुर कलेक्टर को अग्रिम कार्यवाही करते हुवे विस्तृत जानकारी दिए जाने हेतु पत्र लिखा गया था। अन्य सभी जिलों की जानकारी प्राप्त हो चुकी है। रायपुर जिले की जानकारी के अभाव में कार्य आगे नही बढ़ पा रहा है। इसी संबंध में समिति के अमर बग्गा (अध्यक्ष), दिलीप गुप्ता (संयोजक), अविजित प्रतिहार (संगठन सचिव) व सत्यजीत प्रधान (सह सचिव) द्वारा रायपुर विधायक सुनील सोनी व कलेक्टर गौरव सिंह से मुलाकात कर सम्बंधित ग्रामो के संबंध में शीघ्र जानकारी उपलब्ध कराए जाने की मांग की गई। विधायक सुनील सोनी ने अग्रिम कार्यवाही किये जाने की जानकारी दी तो वहीं कलेक्टर गौरव सिंह ने कहा कि वे इस संबंध में तत्काल जानकारी लेते हुवे शीघ्र ही जानकारी उपलब्ध कराए जाने का प्रयास किया जायेगा। इस संबंध में समिति के संयोजक दिलीप गुप्ता ने जानकारी देते हुवे बताया कि रायपुर के सांसद बृजमोहन अग्रवाल के नाम दिए गए ज्ञापन को कलेक्टर को प्रेषित पत्र में निर्देशित करते हुवे कहा गया कि इस पर तत्काल कार्यवाही करते हुवे उन्हें व्यक्तिगत तौर पर जानकारी उपलब्ध कराई जाये। रायपुर विधायक पुरन्दर मिश्रा ने कहा कि वे उस संबंध में कलेक्टर से जानकारी लेकर आवश्यक निर्देश देंगे। महासमुन्द सांसद रूपकुमारी चौधरी को भी इससे अवगत कराया गया।

## अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर जल संरक्षण की दिशा में उत्कृष्ट कार्य करने वाली महिलाओं का हुआ सम्मान



पायनियर संवाददाता ➤ लवन
www.dailypioneer.com

अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर विकासखंड सिमगा के ग्राम पंचायत रोहरा में लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग अंतर्गत जल जीवन मिशन द्वारा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में महिलाओं की उपलब्धियों को सराहा गया और गांव में जल संरक्षण के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाली महिलाओं को प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में महिलाओं के लिए विभिन्न जागरूकता सत्र भी आयोजित किए गए जिनमें शिक्षा, स्वास्थ्य, स्वावलंबन और सरकारी योजनाओं की जानकारी दी गई। इस अवसर पर कई महिलाओं ने अपने अनुभव साझा किए और गांव की अन्य महिलाओं को प्रेरित किया। इस अवसर पर जल संरक्षण की जिम्मेदारी,जल की बचत से सुरक्षित भविष्य, समाज में जल संरक्षण की जागरूकता, पर्यावरण संरक्षण आदि में महिलाओं की महत्वपूर्ण भूमिका बताई गई। कार्यक्रम में जिला समन्वयक राजकुमार कोसले, एकेडमी ऑफ मैनेजमेंट की जिला कोडिनेटर संगीत मसीह, बिहान क्लस्टर अध्यक्ष दुलारी निषाद, उपाध्यक्ष पूर्णिमा साहू, पीआरपी गुलाबी नौरंगे, नम्रता जोगी, कविता साइमन, निर्मला मसीह उपस्थित रहे।



**सरायपाली ।** महासमुंद लोकसभा सांसद रूपकुमारी चौधरी एवं भाजपा जिला अध्यक्ष येतराम साहू के नेतृत्व में नवनिर्वाचित महासमुंद जिला पंचायत अध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष तथा सदस्य निर्वाचित होने के पश्चात प्रथम मुलाकात सीएम से तथा शपथ ग्रहण का निमंत्रण देते हुए समस्त सदस्य गण जिला पंचायत महासमुंद। इस अवसर पर रविदास समाज के कर्मठ सिपाही, जिला पंचायत सदस्य लोकनाथ बारी उपस्थित रहे।

# हाई स्कूल मेघा में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस मनाया गया

पायनियर संवाददाता ➤ धमतरी
www.dailypioneer.com



अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय मेघा में पुरुष शिक्षकों के द्वारा महिला शिक्षिकाओं के सम्मान में समारोह का आयोजन किया गया, जिसमें सर्वप्रथम विद्यालय की समस्त महिला शिक्षिकाओं का पुष्प वर्षा कर अभिनंदन किया गया। साथ ही बताया गया कि महिलाएं आत्मनिर्भर बनने की दिशा में बेहतर कार्य करके समाज को मजबूत करने का काम कर रही हैं और समाज की तरक्की व प्रगति में अपना योगदान दे रही है। स्कूल के शिक्षको ने अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि नारी का सम्मान सर्वोपरि है। हमारा समाज महिला के उत्थान व विकास के लिए वचनबद्ध है। प्राचार्य ने कहा कि ऐसे कार्यक्रम समय समय पर आयोजित कर महिलाओं के सम्मान व विकास के लिए काम किया जाना चाहिए। इस अवसर पर संस्था के प्राचार्य एस के साहू, जयंत कुमार साहू, शिक्षक अमित कुमार, प्रीतम लाल, किरण, भावना, विद्या, कीर्तिलता, दीपेश कोसरिया, दिलीप कुमार, टूकेश्वरी एवं धात्री गायत्री, काजल, हेमलेश्वरी, वंदना, टिकेश, धर्मेंद्र, हरिशचंद्र, धनेश्वर, गुरप्रीत, दामेंद्र, करण, अमन, हिमांशु, पूजा, दामिनी, सृष्टि, स्मिता एवं छात्र छात्राओं का सहयोग रहा।



**बलौदा बाजार।** जिला पंचायत बलौदा बाजार के अध्यक्ष पद पर आकांक्षा गोलू जायसवाल निर्विरोध निर्वाचित होने पर वार्ड नंबर 13 के पार्षद आदित्य गुप्ता ने सौजन्य मुलाकात कर उन्हें जीत की बधाई दी।

# जिला पंचायत अध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष का निर्वाचन सम्पन्न

### अध्यक्ष आकांक्षा जायसवाल एवं उपाध्यक्ष पवन साहू निर्वाचित



पायनियर संवाददाता ➤ बलौदाबाजार
www.dailypioneer.com

त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव 2025 अंतर्गत जिला बलौदाबाजार-भाटापारा के जिला पंचायत अध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष के निर्वाचन की कार्यवाही जिला पंचायत सभाकक्ष में सम्पन्न हुई। जिला पंचायत अध्यक्ष के लिए आकांक्षा जायसवाल एवं उपाध्यक्ष के लिए पवन साहु ने नामांकन दाखिल किया। अध्यक्ष व उपाध्यक्ष के लिए केवल एक -एक उम्मीदवार के द्वारा नामांकन दाखिल करने एवं दाखिल नामांकन पत्र विधिमान्य पाए जाने पर अध्यक्ष व उपाध्यक्ष निर्विरोध चुने गये। जिला पंचायत अध्यक्ष पद हेतु आकांक्षा जायसवाल एवं उपाध्यक्ष पद हेतु पवन साहु को पीठासीन अधिकारी दिव्या अग्रवाल ने निर्वाचन प्रमाण पत्र प्रदान किया।

# अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर कुरूद में महिला कमांडो गठित



पायनियर संवाददाता ➤ कुरूद
www.dailypioneer.com

अंतराष्ट्रीय महिला दिवस अवसर पर शपथ ग्रहण करते ही कुरूद नगर पंचायत अध्यक्ष ज्योति भानु चन्द्राकर के अध्यक्षता एवं एसडीओपी रागिनी मिश्रा के आतिथ्य में प्रत्येक वार्डो में महिला कमांडो का गठन किया गया। 15 वार्डो में लगभग 500 महिला कमांडो स्वच्छता एवं नशा मुक्ति अभियान के लिए कार्य करने का संकल्प लिया गया। कुरूद के महिलाएं अंतरराष्ट्रीय दिवस के शुभ घडी मे कुरूद नगर के गलियों मे सुशासन का आगाज़ हो गया है। कुछ ही घंटे पहले नगर अध्यक्ष ज्योति चन्द्राकर एवं एसडीओपी रागिनी मिश्रा ने महिला कमांडो बनाने के लिए समिति गठित किये और लगभग सभी वार्डो में मातृ शक्तियाँ नशे को भगाने के लिए कमर कस लिए है। अध्यक्ष ज्योति चंद्राकर ने अपील करते हुए कहा कि आप सभी नगर वासियों से आग्रह है शासन-प्रशासन का सहयोग तो मिलेगा किंतु आप सबके समर्थन से हमारे शहर को नशे से मुक्ति दिलाकर हमारे छोटे छोटे भाइयों को, गरीब माँ बाप के चिराग़ को बचा सकते है। आपके थोड़े समर्थन से हमारे नगर के प्रत्येक घरों मे ख़ुशहाली और समृद्धि ला सकती है। स्वच्छता, अमन, चैन, शांति और सुंदरता का प्रतीक बन सकता है हमारा कुरूद नगर। आओ हम सब मिलकर कुरूद को विकसित और नशा मुक्त कुरूद बनाये।

## बुनियादी साक्षरता एवं संख्यात्मक ज्ञान मूल्यांकन परीक्षा 23 मार्च को

**गरियाबंद।** कलेक्टर दीपक कुमार अग्रवाल के निर्देशन में एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी जी. आर. मरकाम एवं जिला शिक्षा अधिकारी ए.के. सारस्वत के नेतृत्व में जिले के समस्त ग्राम प्रभारियों का 23 मार्च 2025 को राष्ट्रव्यापी बुनियादी साक्षरता एवं संख्यात्मक ज्ञान मूल्यांकन परीक्षा के आयोजन किया जायेगा। इस संबंध में शासकीय हाई स्कूल नहरगांव गरियाबंद में बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें उल्लास नव भारत साक्षरता कार्यक्रम के अंतर्गत छत्तीसगढ़ राज्य के शिक्षा मंत्रालय, स्कूल शिक्षा एवं साक्षरता विभाग द्वारा असाक्षर शिक्षार्थियों के आकलन के लिए 23 मार्च 2025 को राष्ट्रव्यापी बुनियादी साक्षरता एवं संख्यात्मक ज्ञान मूल्यांकन परीक्षा का आयोजन कराये जाने हेतु मुख्यकार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत गरियाबंद द्वारा आवश्यक दिशानिर्देश दिया गया साथ ही परीक्षा में अधिक से अधिक परीक्षार्थीयों को सम्मिलित करने हेतु आवश्यक वातावरण निर्माण/व्यापक प्रचार-प्रसार हेतु निर्देश दिया गया। राज्य साक्षरता मिशन प्राधिकरण रायपुर द्वारा दिए गए लक्ष्य अनुसार गरियाबंद जिले सभी विकासखण्डों के विभिन्न ग्राम पंचायत/ वार्ड के निकटतम कुल 713 शासकीय प्राथमिक शाला एवं पूर्व माध्यमिक शालाओं को परीक्षा केन्द्र बनाए गए है।

# ग्राम पंचायतों में हुआ प्रथम सम्मिलन का आयोजन



पायनियर संवाददाता ➤ लवन
www.dailypioneer.com

कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी दीपक सोनी के मार्गदर्शन में त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव 2025 अंतर्गत जिले के 5 विकासखण्डो के 517 ग्राम पंचायतों में शुक्रवार को प्रथम सम्मिलन का आयोजन किया गया। जिसमें पीठासीन अधिकारी ग्राम पंचायत सचिव द्वारा सरपंच एवं पंचों को पद और गोपनीयता की शपथ दिलाई गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार बलौदाबाजार विकासखण्ड अंतर्गत105 ग्राम पंचायत, भाटापारा के 91 ग्राम पंचायत, सिमगा के 104 ग्राम पंचायत, कसडोल के 115 ग्राम पंचायत एवं पलारी के 102 ग्राम पंचायत में प्रथम सम्मिलन का आयोजन किया गया।

# कराते आत्मरक्षा धैर्य और एकाग्रता का मिश्रित स्रोत है : अशोक सिन्हा

पायनियर संवाददाता ➤ धमतरी
www.dailypioneer.com



बाबू पंडरी राव कृदत्त इनडोर स्टेडियम में आयोजित कराटे बेल्ट सेरेमनी में धमतरी जिला से पूर्व में 75 बालक एवं बालिकाओं ने जनवरी माह में बेल्ट ग्रेडिंग एग्जाम दिलाया था जिसका रिजल्ट फरवरी में आया जिसमें धमतरी जिला के सभी कराटे खिलाड़ियों का रिजल्ट शत प्रतिशत रहा। रविवार को बाबू पंडरी राव कृदत्त इनडोर स्टेडियम में सभी खिलाड़ियों को धमतरी जिला कराते एसोसिएशन के अध्यक्ष सेंसई अशोक सिन्हा के द्वारा बेल्ट प्रदान किया गया। अशोक सिन्हा ने कहा कि केंद्र सरकार और छत्तीसगढ़ सरकार खेल और बढ़ाने निरंतर कार्य कर रहे हैं। पिछले साल राज्य सरकार ने खेल अलंकरण अवार्ड समारोह का आयोजन किया और उत्कृष्ट खिलाड़ियों को सरकारी नौकरी देने की घोषणा किया जो स्वागत योग्य है। उपरोक्त कार्यक्रम में 2 ब्लू बेल्ट, 18 ग्रीन बेल्ट और 30 ऑरेंज बेल्ट, 25 येलो बेल्ट कराते खिलाड़ियों को दिया गया। इस अवसर पर धमतरी कराते संघ के उपाध्यक्ष सोहन चक्रधारी, कोषाध्यक्ष विकास दत्त, सचिव गोविंद सर्वा, सह सचिव हेमंत चक्रधारी, विद्या कुर्रे, अंजलि फूटान, रिया फूटान, कुष्मिता साहू एवं खिलाड़ियों के अभिभावक उपस्थित थे।

# महिला संरक्षण के कानून एवं सायबर फ्राड के संबंध में किया गया जागरुक

पायनियर संवाददाता ➤ धमतरी
www.dailypioneer.com



पुलिस अधीक्षक आंजनेय वार्ष्णेय द्वारा महिलाओं के सुरक्षा को गंभीरता से लेते हुए महिला सशक्तिकरण अभियान के तहत महिलाओं एवं छात्राओं के जागरूकता को लेकर अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर महिलाओं के जागरूकता कार्यक्रम चलाया जा रहा है जिसके तहत महिलाओं का सम्मान एवं उनके संरक्षण लिये बनाए गए कानून की जानकारी देने एवं उन्हें जागरूक करने महिला पुलिस सेल द्वारा अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर थाना प्रभारी रुद्री द्वारा ग्राम बोरियाखुर्द एवं गंगरेल, बरारी के महिलाओं को एवं थाना प्रभारी बोराई द्वारा ग्राम घुटकेल एवं मैनपुर, थाना अकलाडोंगरी द्वारा ग्राम अकलाडोंगरी के महिलाओं को अभिव्यक्ति एप, पोक्सो एक्ट, महिला संबंधी अपराध, ऑनलाईन ठगी व धोखाधड़ी, फर्जी कॉल्स, एटीएम फ्राड एवं सायबर अपराध, एटीएम कार्ड चालू करने के नाम पर पर्सनल जानकारी मांग की जाने पर कोई गोपनीय ना देने के संबध में जानकारी दी गई एवं महिलाओं के कानूनी अधिकार, घरेलू हिंसा, गुड टच बैड टच, स्वास्थ्य व शिक्षा जागरूकता पर भी चर्चा की गई। बालिका एवं महिलाओं के सुरक्षा के लिए छत्तीसगढ़ पुलिस विभाग द्वारा तैयार किया गया है अभिव्यक्ति ऐप। इस अभिव्यक्ति ऐप से महिला एवं बालिका अपनी सुरक्षा कैसे कर सकती है इसकी जानकारी दी गई। यूजर की लोकेशन के हिसाब से एसओएस बटन दबाते ही यूजर के पास त्वरित पुलिस सहायता पहुंचेगी। इसके अलावा इस एप के माध्यम से महिलाएं कहीं से भी अपनी शिकायत पुलिस के पास दर्ज करा सकेंगी। अभिव्यक्ति एप से तुरंत पुलिस की सहायता प्राप्त कर सकते हैं। आप सभी अपने-अपने मोबाइल में डाउनलोड करें। रूद्री थाना प्रभारी रूद्री एवं थाना प्रभारी बोराई एवं थाना प्रभारी अकलाडोंगरी पुलिस टीम द्वारा महिला सशक्तिकरण अभियान एवं जागरूकता कार्यक्रम चलाया गया। उक्त कार्यक्रम में थाना प्रभारी रूद्री एवं थाना प्रभारी बोराई एवं थाना प्रभारी अकलाडोंगरी एवं ग्राम पंचायत बोराई खुर्द, ग्राम गंगरेल, ग्राम बरारी, ग्राम घुटकेल, ग्राम मैनपुर, ग्राम अकलाडोंगरी के महिलाएं एवं बच्चे अधिक संख्या में उपस्थित रहे।

# पीजी कॉलेज में एक्सलरेट एक्शन थीम पर मनाया अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस

पायनियर संवाददाता ➤ धमतरी
www.dailypioneer.com



बी सी एस शास. महाविद्यालय धमतरी में प्राचार्य डॉ विनोद कुमार पाठक के मार्गदर्शन तथा डॉ हेमवती ठाकुर के सानिध्य में 8 मार्च को नवीन भवन सेमिनार हाल में इस वर्ष के थीम एक्सलरेट एक्शन पर अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस मनाया गया। कार्यक्रम का प्रारंभ माँ सरस्वती के पूजन व दीप प्रज्वलन के साथ किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में डॉ अनिता राजपुरिया, डॉ मनदीप खालसा, डॉ प्रभा वेरुलकर तथा महाविद्यालय की महिला स्टाफ की माताएँ मीना बंजारे, कमला साहू, लक्ष्मणि देवांगन, नीला पंचांगम, मनोरमा सिंह, धेनुमति तकलाम, थेल्मा महतो, नर्मदा साहू, सुरुज बाई, विनीता सिन्हा, सुनीता सेन, सुनैना तिवारी, चंद्रकांता मिश्रा रहे। सभी मातृशक्ति अतिथियों का शॉल, श्रीफल व पुष्पमाला द्वारा सम्मान किया गया। कार्यक्रम में डॉ तामेश्वरी साहू द्वारा अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस मनाने के इतिहास एवं उद्देश्य की संक्षिप्त जानकारी प्रदान की गई। उक्त कार्यक्रम में सभी महिलाओं ने परिवार व समाज में एक महिला की भूमिका, महिलाओं की एकजुटता, लैंगिक समानता, महिला सशक्तिकरण और इस वर्ष का स्लोगन सशक्त महिलाएँ, सशक्त विश्व, समान अधिकार, समान अवसर, समान भविष्य पर अपने विचार प्रस्तुत किये। कार्यक्रम में पल्लवी सेन, अंकिता प्रसाद, निधी वर्मा, मेनका साहू, निशा तिवारी, दीपाली साहू, स्वाति साहू, पायल सोनवाने, अंकिता पटेल, भूमिका त्रिवेदी एवं सामना ताम्रकर द्वारा नृत्य एवं गायन प्रस्तुति दी गई। उक्त कार्यक्रम में खेल का आयोजन किया गया जिसमे प्रथम कामिनी सिन्हा, द्वितीय आकांक्षा कश्यप तथा तृतीय विजेता नीता मित्तल रहीं। महाविद्यालय महिला स्टाफ के लिये रैंप वाक का आयोजन किया गया जिसके प्रथम डॉ हेमवती ठाकुर, द्वितीय भूमिका त्रिवेदी तथा तृतीय विजेता अंबिका साकेत रहीं। उक्त प्रतियोगिताओं में डॉ चंद्रिका साहू, ग्रेस कुजूर व रीटा लकरा जज रहे। कार्यक्रम में वेदवती देवांगन, जयश्री पंचांगम, गायत्री लहरे, सरोज प्रसाद, निधि सिंह, उमा द्विवेदी, पल्लवी महतो, डिकेश्वरी, दीपा रजक, पूर्वा साहू, आकांक्षा मिश्रा, एकता राजपूत, निशा तिवारी, मीनाक्षी तिवारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन डॉ सरला द्विवेदी, डॉ तामेश्वरी साहू व डॉ सीमा साहू द्वारा किया गया। आभार प्रदर्शन डॉ वेदवती देवांगन द्वारा किया गया।

## कसडोल विधायक संदीप साहू साहू संघ प्रदेश उपाध्यक्ष के सुपुत्री के विवाह समारोह में हुए शामिल



**लवन।** कसडोल विधानसभा के विधायक संदीप साहू कल रात्रि फिंगेश्वर में छत्तीसगढ़ प्रदेश साहू संघ के प्रदेश उपाध्यक्ष भूनेश्वर साहू की सुपुत्री के विवाह समारोह में सम्मिलित होकर नवविवाहित दंपति को आशीर्वाद और शुभकामनाएं प्रेषित की। साथ ही उनके उज्जवल भविष्य, सुखमय जीवन और पारिवारिक समृद्धि की कामना की।

# एसआर हॉस्पिटल में अनोखे अंदाज में मनाया अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस, स्टाफ के बीच हुआ क्रिकेट मैच

## अस्पताल प्रबंधन ने मैच के बाद किया महिलाओं का सम्मान एवं पुरस्कार व प्रशस्ति पत्र वितरित कर बढ़ाया हौसला

पायनियर संवाददाता ◄ भिलाई
www.dailypioneer.com





अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के मौके पर स्वास्थ्य के साथ साथ विभिन्न सामाजिक सरोकार वाले आयोजन मंर बढ़ चढ़कर हिस्सा लेने वाले एस आर हॉस्पिटल एंड कॉलेज चिखली धमधा रोड़ दुर्ग द्वारा एक बार फिर अनूठा आयोजन कराया गया। महिलाओं का हौसला बढ़ाने व स्वास्थ्य व फिटनेस व टीम भावना का विकास करने हेतु क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें चार टीमों ने हिस्सा लिया। विजेता, उप विजेता टीम के अलावा सभी प्रतिभागी महिला खिलाड़ियों को पुरुस्कार स्वरुप मोमेंटो तथा प्रशस्ति पत्र वितरित किया गया। उपस्थित अतिथियों ने एस आर हॉस्पिटल के चेयरमेन के इस प्रयास की जमकर सराहना की। कार्यक्रम में विशेष रूप से नगर निगम रिसाली की आयुक्त मोनिका वर्मा को बतौर अतिथि बुलाया गया। इस मौके पर आयुक्त मोनिका वर्मा ने एसआर हॉस्पिटल के इस आयोजन की जमकर सराहना की। खासकर क्रिकेट मैच कराकर महिला स्टाफका हौसला अफजाई करने के लिए एसआर हॉस्पिटल के चेयरमेन संजय तिवारी की तारीफकी। आयुक्त मोनिका वर्मा ने कहा कि महिलाओं में बहुत प्रतिभा होती है। ऐसे आयोजनों के माध्यम से उनको अपनी प्रतिभा दिखाने का अवसर मिलता है। उन्होंने कहा कि आप लोगों को जो करना है पूरे मन व लगन से करें सफलता जरूर मिलेगी। जो महत्वाकांक्षा है उसे हासिल करें। आयुक्त ने सभी को अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस की बधाई दी।

**चार टीमों के बीच हुआ क्रिकेट का मुकाबला**-एसआर हॉस्पिटल एंड कॉलेज के चेयरमेन संजय तिवारी ने बताया कि महिला क्रिकेट मैच में चार टीमों ने हिस्सा लिया था। हॉस्पिटल स्टाफव पैरामेडीकल टेक्नीशियन कोंस एवं कौशल विकास योजना के अन्तर्गत नर्सिंग क्षेत्र में पढ़ाई कर रही छात्राओं के बीच टीम बांटा गया था। विजेता टीम में यमुना पटेल, हरी साहू, सीमा बरहरे, हीना, अनूपा, विभा, कृषि, कुमारी तथा सनिया व अन्य शामिल रही। उप विजेता टीम में गौरी नाग, भूमिका, चंद्र किरण, सिमरन, नेहा, रेशमा, यशस्वी, श्रद्धा, टिकेश्वरी तथा अन्य शामिल रही। दो अन्य टीमों से पेमिन ध्रुव व विजय लक्ष्मी की टीम ने प्रतियोगिता में हिस्सा लिया। क्रिकेट कोच के तौर शिव सर व संतोष सर उपस्थित रहे।

**मोमेंटो व प्रशस्ति पत्र देकर किया गया सम्मानित**-क्रिकेट मैच के बाद महिला खिलाड़ियों का सम्मान मोमेंटो व प्रशस्ति पत्र देकर किया गया। पुरस्कार वितरण समारोह की मुख्य अतिथि रिसाली निगम की आयुक्त व अपर कलेक्टर मोनिका वर्मा रहीं। विशेष अतिथि के तौर पर डायरेक्टर संजय व डायरेक्टर अजय तिवारी की माता कनक लता तिवारी, सावित्री मिश्रा, ललिता तिवारी, शारदा दुबे तथा डॉ. नीलम चंद्राकर उपस्थित रहीं। कार्यक्रम में डायरेक्टर अजय तिवारी, जगजीत नारायण पाण्डेय, प्रिंसिपल विजय गवान्डे , वाइस प्रिंसिपल अरविंद खरवार, सीमा शर्मा अभिषेक रिझारिया, गंगेश मिश्रा, जाकिर हुसैन, रामचंद्र देशमुख, प्रशांत देवांगन, मुकेश साहू, रुपेश टेकाम, गंगेश मिश्रा,राजेश त्रिपाठी, आशीष गोस्वामी, निशा साहू धमेंद्र देवांगन, रूपा चेलक, ममता डहरिया, सुनीता सिन्हा, सीमा कुर्रे, सुनीता भारती, डिलेश्वरी भारती तथा अफसार निशा कुसुम निर्जला व अन्य का विशेष योगदान रहा।

# लोक अदालत में लाखों के अवार्ड, रिकवरी प्रकरण का निपटारा

## पहली बार भारी संख्या में प्रकरणों का निपटारा

पायनियर संवाददाता ◄ सरायपाली
www.dailypioneer.com



नेशनल लोक अदालत का आयोजन किया गया। नेशनल लोक अदालत की उक्त 04 खण्डपीठों में श्रमिक विवाद, बैंक रिकवरी प्रकरण, विद्युत एवं देयको के अवशेष बकाया की वसूली और राजीनामा योग्य अन्य मामले के बकाया की वसूली संबंधी प्री-लिटिगेशन मामले, राजस्व न्यायालयों से संबंधित प्रकरण सुनवाई हेतु रखे गये थे। उक्त मामलों के अलावा राजीनामा योग्य दांडिक प्रकरण, परक्राम्य लिखत अधि. की धारा-138 के अधीन परिवाद पर संस्थित मामले, मोटर दुर्घटना दावा संबंधी मामले तथा विद्युत अधिनियम 2003 की धारा-135 (क) के तहत विद्युत चोरी के मामले, सिविल मामले भी नियत किये गये थे। उक्त खण्डपीठों में उपरोक्त सभी मामलों की सुनवाई करते हुए। सरायपाली न्यायालयों में प्रकरणों का निराकरण किया गया। इसी प्रकार खण्डपीठ क्रमांक 07 शोभना कोष्टा प्रथम अपर सत्र न्यायाधीश के न्यायालय में प्री-लिटिगेषन संबंधीत मामलों में विद्युत एवम बैंक संबंधित 78 प्रकरण 13,45,000/-, दावा के 01 प्रकरण में 15,00,00 रुपया, निराकरण किया गया। खंडपीठ 08 पंकज आलोक तिर्की दुतीय अपर सत्र न्यायाधीश सरायपाली के न्यायालय में आर्बिटेशन के कुल 03 प्रकरण 6,92,143 रुपये एवम 1 में 2,00,000 रुपये खंडपीठ क्रमांक 09 पवन अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश सरायपाली के न्यायालय में 03 प्रकरणों में 57,00,00/- ट्रान्सफर डिक्री के 08 प्रकरणों में 20,51,008/- रुपये तथा खंडपीठ क्रमांक 10 विनय कुमार साहू न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी सरायपाली से, 367 समरी के मामले में 01,27,300 एवम, धारा 258 द. प्र. स. के तहत 3, धारा 138 के तहत 03 प्रकरणों में 14,92,000 रुपये का निराकरण किया गया। खंडपीठ क्रमांक 10 विनय कुमार साहू न्यायिक मजिस्ट्रेट सरायपाली के न्यायालय में आईपीसी के 2, धारा 138 के 06 प्रकरणों में 2,95,731, समरी 427 प्रकरणों 1,24,800 रुपये, प्रिलिगेशन के 05 प्रकरणों में 1,29,000/- राशि साथ निराकरण किया गया।

इस लोक अदालत समाप्ति उपरांत अनेक लाभार्थी प्रतिभागियों ने लोक अदालत में प्रकरणों की सुनवाई की प्रशंसा करते हुवे कहा कि इस सुविधा से उन्हें काफी राहत महसूस हो रही है। समय-समय पर आमजनता के लाभार्थ हेतु ऐसे आयोजन होते रहने चाहिए।

# नर्सिंग की पढ़ाई कर भारतीय सेना का हिस्सा बनीं सुष्मिता और कविता, शासकीय नर्सिंग कॉलेज दुर्ग से की है पढ़ाई पूरी

## लेफ्टिनेंट बन मिलिट्री हॉस्पिटल में दे रहीं अपनी सेवाएं

पायनियर संवाददाता ◄ भिलाई
www.dailypioneer.com



कचांदुर दुर्ग स्थित चंदूलाल चंद्राकर शासकीय नर्सिंग कॉलेज की छात्राएं पढ़ाई पूरी कर अपना सुनहरा भविष्य गढ़ रही हैं। यहां की दो नर्सिंग छात्राओं सुष्मिता मनहर और कविता टंडन का चयन प्रतिष्ठित मिलिट्री नर्सिंग सर्विस (एमएनएस) के लिए हुआ है। हाल ही में कॉलेज के दीक्षांत समारोह में सुष्मिता और कविता को सम्मानित किया गया। दोनों छात्राएं नर्सिंग सेवा के लिए भारतीय सेना का हिस्सा बन कर खुद को बेहद गौरवान्वित महसूस कर रही हैं। उल्लेखनीय है कि सुष्मिता मनहर मूल रूप से कोरबा जिले के प्रेम नगर की रहने वाली है। उनके पिता बुधराम मनहर एसईसीएल में इलेक्ट्रीशियन के रूप में कार्यरत हैं। सुष्मिता ने अगस्त 2023 में शासकीय नर्सिंग कॉलेज दुर्ग से अपनी बीएससी नर्सिंग की पढ़ाई पूरी की थी। करियर निर्माण की तैयारी को लेकर सुष्मिता ने बताया कि कॉलेज की पढ़ाई पूरी होते ही उन्होंने पूरा फोकस प्रतियोगी परीक्षा पर किया। जिसमें कॉलेज की प्रिंसिपल रीमा राजेश व सभी प्राध्यापकों ने समय-समय पर मार्गदर्शन दिया। रोजाना 9-10 घंटे की पढ़ाई के दौरान प्रतियोगी परीक्षा से जुड़े पाठ्यक्रम पर रहा। अंततः सपना साकार हुआ और उनका चयन मिलिट्री नर्सिंग सर्विस (एमएनएस) में लेफ्टिनेंट के रूप में हो गया। वर्तमान में सुष्मिता मिलिट्री हॉस्पिटल अमृतसर पंजाब में तैनात हैं। सुष्मिता कहती हैं-वह भारतीय सेना का हिस्सा बनकर बेहद खुश हैं खुद को गौरवान्वित महसूस करती हैं। बांधा पार, जिला महासमुंद की रहने वाली कविता टंडन के पिता भूषण टंडन प्राथमिक विद्यालय में शिक्षक हैं। कविता बताती हैं कि उन्होंने अगस्त 2023 में शासकीय नर्सिंग कॉलेज दुर्ग से बीएससी नर्सिंग की पढ़ाई पूरी की। इसके बाद उन्होंने अपना ध्यान नर्सिंग से जुड़ी सेवाओं पर लगाया। प्रतियोगी परीक्षा के लिए उन्होंने हर संभव तैयारी की।

# सड़क चौड़ीकरण में बाधित पेड़ों को काटने के बजाए की जा रही है ठगड़ा बांध में शिप्टिंग

## महापौर अलका बाघमार ने पेड़ो में पूजा-अर्चना कर शिप्टिंग भी शुरू करवाई

पायनियर संवाददाता ◄ दुर्ग
www.dailypioneer.com





नगर पालिक निगम महापौर अलका बाघमार ने पूजा अर्चना कर सड़क चौड़ीकरण में बाधित पेड़ो को शिप्टिंग भी शुरू करवा दी है। राजेंद्र पार्क से सिविल लाइन रोड और चर्च से चौपाटी रोड का चौड़ीकरण किया जा रहा है। इसके लिए चर्च के सामने लगे पीपल और पार्क के सामने लगे दो कौहा के पेड़ को हटाया कर शिप्त किया गया। बता दे कि नदी रोड पर भी यातायात को व्यवस्थित करने सड़क किनारे लगे बरगद के पेड़ को हटावाकर इन पेड़ों को ठगड़ा बांध में शिफ्ट किया जा रहा है। इस दौरान सभापति श्याम शर्मा, पार्षद नीलेश अग्रवाल, हर्षिका संभव जैन, गुलशन साहू, मनीष कोठारी सहित कार्यपालन अभियंता मोहन पूरी गोस्वामी, सहायक अभियंता राजेन्द्र ढाबाले, प्रकाश अहीर के अलावा आदि मौजूद रहें। महापौर अलका बाघमार ने कहा पर्यावरण को देखते हुए वृक्षों को बचाना इस पर नगर निगम प्रशासन द्वारा उक्त पेड़ों का काटने के बजाए पेड़ो को ठगड़ा बांध में शिफ्ट करने की योजना बनाई गई है। महापौर ने कहा पर्यावरण को बचाने नगर निगम प्रशासन द्वारा जनहित में राजेंद्र पार्क चौक, संविधान चौक चर्च रोड,नदी रोड में यातायात को व्यवस्थित एवं सुविधाजनक बनाने हेतु किए जा रहे सड़क चौड़ीकरण में बाधक 30-40 वर्ष पुराने बरगद, पीपल, अर्जुन आदि के पेड़ों को काटने के स्थान पर पर्यावरण हितैषी निर्णय लेते हुए ठगडा बांध में शिप्टिंग किया जा रहा है। जिससे पुराने पेड़ों को सरंक्षित किया जा सकें।

# नगर पंचायत शिवरीनारायण के नवनिर्वाचित अध्यक्ष एवं पार्षद 10 मार्च को लेगें शपथ

पायनियर संवाददाता ◄ शिवरीनारायण
www.dailypioneer.com

जिला जॉजगीर चॉपा अंतर्गत् नगर पंचायत शिवरीनारायण में 10 मार्च सोमवार को अपने पद एवं गोपनीयता की शपथ लेंगें। कार्यालय कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी (स्थानीय निर्वाचन) जिला जॉजगीर चॉपा के पत्र क्रमांक/ 1007/ स्था.नि./ प्रा.अ./2025 जॉजगीर 28.02.25 के अनुसार 10 मार्च 2025 को अपरान्ह 02 बजे कार्यालय नगर पंचायत शिवरीनारायण में प्रथम सम्मिलन का आयोजन रखा गया है। इस प्रथम सम्मिलन कार्यक्रम हेतु कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी जिला जॉजगीर चॉपा द्वारा दुर्गा प्रसाद अधिकारी सहायक कलेक्टर एवं अनुविभागीय दण्डाधिकारी जॉजगीर को प्राधिकृत अधिकारी नियुक्त किया गया है। अर्थात् नवनिर्वाचित अध्यक्ष व पार्षदगण कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी जिला जॉजगीर चॉपा द्वारा नियुक्त प्राधिकृत अधिकारी के समक्ष अपने पद एवं गोपनीयता की शपथ लेंगें। जिला कलेक्टर द्वारा नियुक्त प्राधिकृत अधिकारी द्वारा सभी नवपिर्वाचित पार्षदगण एवं अध्यक्ष को नगर पंचायत शिवरीनारायण के सभाकक्ष में पद एवं गोपनियता की शपथ दिलायेंगें। ज्ञात हो कि 11 फरवरी 2025 को मतदान हुआ व 15 फरवरी 2025 को मतगणना हुआ था।

# श्लोक प्रतियोगिता का आयोजन



पायनियर संवाददाता ◄ मनेन्द्रगढ़
www.dailypioneer.com

भारतीय संस्कृति की अमूल्य धरोहर संस्कृत के महत्व को उजागर करने हेतु विद्यालय युनिवर्सल पब्लिक हा.से.स्कूल, मनेन्द्रगढ़ में श्लोक प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय की सचिव संध्या पाण्डेय द्वारा दीप प्रज्वलन से हुआ। प्रतियोगिता में कक्षा 6वीं से 9वीं तक के विद्यार्थियों ने उत्साह के साथ भाग लिया। इसके परिणाम स्वरूप, कक्षा 9वीं की मोना साहू ने प्रथम स्थान प्राप्त किया, कक्षा 8वीं की आकृति गौतम को द्वितीय स्थान मिला और तृतीय स्थान कक्षा 9वीं की छात्राओं प्राची गोस्वामी एवं साहिस्ता परवीन ने साझा किया। कार्यक्रम का सफलतापूर्वक संचालन संगीता चंदा, सुनीता सोनी और रागिनी वर्मा ने किया। निर्णायक मंडल के रूप में सुनीता साहू, स्वाती अग्रवाल और रोहिणी प्रसाद गोस्वामी ने अपने मूल्यवान विचार प्रस्तुत किए। विद्यालय के प्राचार्य राजकुमार पाण्डेय और व्यवस्थापक उत्कर्ष पाण्डेय ने इस आयोजन की सराहना की और भविष्य में इसी प्रकार के कार्यक्रमों के आयोजन की प्रेरणा दी। इस कार्यक्रम की सफलता में विद्यालय के सभी शिक्षकों और शिक्षिकाओं का योगदान सराहनीय रहा। इस प्रकार की प्रतियोगिताएं विद्यार्थियों में संस्कृत के प्रति रुचि और उसे सम्मान देने की भावना को और प्रगाढ़ करती हैं।

# माहे रमजान में जारी है इबादत का सिलसिला नमाज में बड़ी तादाद में जुट रहे इबादत गुजार

■ **रमजान का एक हफ्ता बीता, जगह-जगह हो रहा इफ्तार का इंतजाम**

पायनियर संवाददाता ◄ भिलाई
www.dailypioneer.com



रमजान के मुबारक महीने में मुस्लिम समुदाय का इबादत का सिलसिला जारी है। लोग रोजा रख रहे हैं और वक्त की पाबंदी के साथ नमाज भी अदा कर रहे हैं। रोजा रख कर जहां लोग भूख और प्यास की शिद्दत को महसूस कर अपने रब को याद कर रहे हैं वहीं इस महीने रात में एक खास नमाज तरावीह भी जगह-जगह पढ़ाई जा रही है। लोग घरों से लेकर मस्जिदों तक में तरावीह की नमाजें पढ़ रहें हैं। शहर की तमाम मस्जिदों में शाम के वक्त रोजा खोलने इफ्तार के खास इंतजाम किए गए हैं वहीं सार्वजनिक व निजी तौर पर लोग इफ्तार करवा रहे हैं। तरावीह में सुनाया जाता है कुरआन शरीफ डॉ. सैयद इस्माइल-माहे रमजान के दौरान पढ़ी जाने वाली खास नमाज तरावीह के संबंध में इस्लामिक मामलों के जानकार और भिलाई स्टील प्लांट से सेवानिवृत्त खुर्सीपार निवासी डॉ. सैयद इस्माइल ने बताया तरावीह की नमाज सुन्नत होती है। सुन्नत उसे कहा जाता है, जो पैगंबर हजरत मोहम्मद सल्लल्लाहु अलैहि वसल्लम को पसंद थीं। तरावीह नमाज भी सुन्नत-ए-मौअक्कदा है, यानी ये नमाज फर्ज (अनिवार्य) नहीं है। लेकिन पैगंबर हज़रत मोहम्मद सल्लाहुअलैहिसल्लम तरावीह की नमाज पढ़ा करते थे, इसलिए यह नमाज पढ़ी जाती हैं। इस खास नमाज में 26 रमजान के पहले पवित्र कुरआन पूरा सुनाया जाता है। रोजाना कुरान को नमाज़े तरावीह में पढ़ने के बाद आवाम को अल्लाह के पैगाम जो हजरत मोहम्मद सल्लाहो अलैहि वसल्लम के जरिए दिए गए उसको अनुवाद करके समझाया जाता है। मदरसा ताजुल उलूम रुआबांधा भिलाई के प्रिंसिपल मुफ़्ती मुहम्मद शाहिद अली मिस्बाही बताते हैं कि रोज़ा न केवल आध्यात्मिक रूप से फायदेमंद है, बल्कि शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य के लिए भी लाभकारी है। मुफ्ती शाहिद बताते हैं रोज़ा शरीर को कैलोरी जलाने और वसा कम करने में मदद करता है। यह वजन घटाने और मोटापे को नियंत्रित करने का एक प्रभावी तरीका है। रोज़ा इंसुलिन संवेदनशीलता में सुधार करता है और ब्लड शुगर के स्तर को नियंत्रित करने में मदद करता है। यह मधुमेह के खतरे को कम करता है।

# शासकीय सतनामी अधिकारी कर्मचारी मंडल ने अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस मनाया

पायनियर संवाददाता ◄ उतई
www.dailypioneer.com



अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर शासकीय सतनामी अधिकारी कर्मचारी मंडल द्वारा जय सतनाम युवा मंच रिसाली में कार्यक्रम आयोजित कर सतनामी समाज के महिलाओं का सम्मान किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डॉ. ममता, सहायक प्राध्यापक शा. नवीन महाविद्यालय रिसाली, अध्यक्षता संध्या बंजारे एसडीओ लोक निर्माण विभाग दुर्ग एवं मुख्य वक्ता डॉ. पार्वती कुर्रे आयुर्वेद चिकित्सा अधिकारी तथा सतनामी महिला जागृति समिति के अध्यक्ष पार्वती ढीढ़ी, गुरु घासीदास सेवा समिति के उपाध्यक्ष मंजू कुर्रे, मिनीमाता महिला समिति के अध्यक्ष दुर्गा चतुर्वेदी एवं ईश्वरी गायकवाड़, सतनामी आश्रम दुर्ग के उपाध्यक्ष अंबालिका मारकंडे, संरक्षकगण बीएल कुर्रे, एसएल मिर्चे, एसपी बारले, आरसी देशलहरा एवं डॉ केशव देशलहरा के गरिमामय विशिष्ट आतिथ्य में संपन्न हुआ। अतिथियों के स्वागत पश्चात मंडल के अध्यक्ष एसपी कोसरे ने स्वागत उद्बोधन दिया। मंडल के संरक्षक बीएल कुर्रे ने महिला दिवस की शुभकामनाएं देते हुए महिला दिवस आयोजन के सम्बन्ध मे विस्तार पूर्वक जानकारी दिया। मिनिमाता सम्मान से सम्मानित पार्वती ढीढ़ी ने कहा कि महिलाओं को अपने जिम्मेदारी का कुशलता पूर्वक निर्वहन करना चाहिए तभी वे सर्वत्र पूज्यनीय रहेगी। एक दूसरे की बुराई न करें आपस में मिल कर रहें तो हमेशा लक्ष्य को प्राप्त करने में कामयाब होंगे। गुरु घासीदास सेवा समिति के अध्यक्ष आरडी देशलहरा ने समाज में महिलाओं के योगदान पर प्रकाश डाला तथा मंजू कुर्रे ने महिला दिवस पर अपने विचार रखे। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता पार्वती कुर्रे आयुर्वेद चिकित्सा अधिकारी ने अपने उद्बोधन में कहा कि महिलाओं को अधिकारों के प्रति जागरूक करना इस दिवस का मुख्य उद्देश्य है। हर क्षेत्र में महिलाएं आगे है। हमारी जिम्मेदारी है कि परिवार में अलगाव की समस्या बढ़ रही है उसे रोके। छोटे छोटे मनमुटाव को दूर कर परिवार को सम्हाल कर रखें। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए संध्या बंजारे ने कहा कि महिलाओं को हर रोज महिला दिवस जैसी खुशियों का अनुभव करना चाहिए। मुख्य अतिथि डॉ ममता ने अपने उद्बोधन में कहा कि समाज को सशक्त और संपन्न बनाने के लिए महिलाओं का शिक्षित संपन्न एवं सशक्त होना जरूरी है। सभी अतिथियों का शाल, श्रीफल पुष्प एवं सम्मानपत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया।

## महिलाएं दुर्ग शहर को विकसित बनाने मजबूती के साथ संकल्प लेकर कार्य करें : महापौर

# अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर निगम महिला कर्मचारियों का किया सम्मान

पायनियर संवाददाता ◄ दुर्ग
www.dailypioneer.com





नगर पालिक निगम विवेकानंद सभागार में अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि समाज सेवी रजनी बघेल, अध्यक्षता महापौर अलका बाघमार, विशिष्ट अतिथि गौरी कौशिक ने कार्यक्रम का शैल चित्र माँ सरस्वती व छत्तीसगढ़ महतरी में माल्यर्पण व दीप प्रज्वलित कर शुभारंभ किया किया। कार्यक्रम में मनीष मेहदी ग्रुप द्वारा शानदार सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया। महापौर अलका बाघमार ने मुख्य अतिथि व सभी विशिष्ट अतिथियो को समी का पौधा देकर सम्मान किया।शहर महापौर के द्वारा अपने अपने क्षेत्र में विशिष्ट पहचान रखने वाली महिलाओं का महिला दिवस के अवसर पर समी का पौधा उपहार स्वरूप देकर सम्मान किया गया। कार्यक्रम के दौरान निगम एवं शहरी आजीविका मिशन महिला कर्मचारियों का समाजसेवी रजनी बघेल, महापौर अलका बाघमार, समाज सेवी गौरी कौशिक ने बारी बारी महिलाओं के पास जाकर कर्मचारी महिलाओं को उपहार देकर सम्मानित कर महिला दिवस की हार्दिक बधाईयां दी। कार्यक्रम में शहरी आजीविका मिशन द्वारा जागरूक हेतु आयुष्मान भारत व स्वच्छता को लेकर बेहतर नाटक प्रदर्शन किया। महापौर अलका बाघमार ने अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर महिला अधिकारी/ कर्मचारियों को हार्दिक शुभकामनाएं दी। कार्यक्रम के अवसर पर नगर निगम द्वारस शहर क्षेत्र के 22 महिला पार्षदो को उपहार देकर सम्मान किया गया। महापौर अलका बाघमार ने कहा कि नगर निगम की सभी महिला अधिकारी एवं कर्मचारी दुर्ग शहर को सुन्दर, सुव्यवस्थित, विकसित बनाने मजबूती के साथ संकल्प लेकर कार्य करें। महापौर अलका बाघमर ने कहा हौसलों को उड़ान देना है तो बेटियों को करें शिक्षित। उन्होंने कहा महिला दिवस पर देश की महिलाओं को संदेश देते हुए एक नारी अगर कुछ ठान ले तो उसे पूरा करके ही दम लेती है। चाहे परिस्थितियां कितनी ही विपरीत क्यों ना हो। समाज सेवी रजनी बघेल ने कहा शक्ति, समृद्धि और समर्पण का प्रतीक है 'नारी। पूरे विश्व में आठ मार्च को अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस मनाया जाता है। भारतीय संस्कृति में नारी को बहुत महत्व दिया जाता है। समाज सेवी गौरी कौशिक ने कहा महिलाओं के प्रति सम्मान व्यक्त करने के लिए 8 मार्च को संपूर्ण विश्व में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस मनाया जाता है। किसी भी देश की प्रगति के लिए जरूरी है उस देश की आर्थिक, राजनितिक और सामाजिक क्षेत्रो में महिलाओ की भूमिकाएं बिना महिलाओं के योगदान के कोई भी देश प्रगति नहीं कर सकता। कार्यक्रम में एडिशनल एस.पी. ऋचा मिश्रा, डॉ. हंसा शुक्ला डॉ सावंत, डॉ मानशी गुलाटी, पूजा जैन, पायल जैन एवं संचेती ने अतिथि के रूप में संबोधित किया। इस दौरान महिला पार्षद लीना दिनेश देवांगन ललिता ठाकुर सुरुचि उमरे, रंजीता प्रमोद पाटिल, सावित्री देवी दमाहे, विद्यावती सिंह, पायल अनुप पाटिल, मनीषा सोनी, ममता ओमकार सेन, बबीता गुड्डू यादव, हर्षिका संभव जैन, शशि बाई साहू प्रतिभा सुरेश गुप्ता, सरिता विनोद चंद्राकर रुबीना हमीद खोखर, लोकेश्वरी ठाकुर, रेखा बंजारे, सविता साहू, हिरौदी चंदानिया, रेशम सोनकर, नीरा खिचरिया के अलावा गायत्री वर्मा,जयश्री राजपूत, बानी सोनी, मौजूद रही।

# सरपंच सहित सभी पंच गणों को दिलाया गया शपथ, बड़ी संख्या में उपस्थित रहे ग्रामवासी



पायनियर संवाददाता ◄ सरायपाली
www.dailypioneer.com

विकास खंड के ग्राम पंचायत बलौदा के प्रथम सम्मेलन में निर्वाचित सरपंच सरस्वती सरोज सेठ एवं सभी निर्वाचित पंच गणों कोगांव के वरिष्ठ नागरिक संतोष स्वाई द्वारा ग्रामीण जनों की उपस्थिति में शपथ दिलाई गई। शुभारंभ में पुरोहित महेश पाणिग्रही द्वारा विधि पूर्वक गौरी गणेश का मंत्रोच्चार से पूजा पाठ किया गया। नवनिर्वाचित सरपंच सरस्वती सरोज सेठ द्वारा वरिष्ठ जनों एवं समस्त ग्रामीणों का आभार प्रकट करते हुए कहा कि गांव के सभी मूलभूत कार्यों का विकास पूरे तन्मयता के साथ इन पांच सालों में किया जायेगा। इस अवसर पर मुख्य रूप से पूर्व सरपंच कमलेश्वरी दीवान चितरंजन स्वाई पूर्णचंद्र सेठ मुरलीधर पाढ़ी कौशल प्रसाद तिवारी बलौदा भाजपा मंडलअध्यक्ष नीलांबर तांडी गोकुल राणा कंचन मिर्धा वीरेंद्र सिंदर देतारी पांडे शारदा तिवारी उपेन्द्र रौतिया चूड़ामणि प्रधान नरेश तिवारी उपस्थित रहे।



# वेट इश्यू पर सुम्बुल तौकीर को सपोर्ट करती दिखीं रुपाली

टीवी सीरियल 'इमली' के जरिए सुम्बुल तौकीर एक जाना-पहचाना नाम बन गईं। एक्टिंग के अलावा वह डांसिंग में भी काफी माहिर है। काफी फिट भी नजर आती थीं लेकिन पिछले कुछ समय से उनका वजन अचानक बढ़ गया, जिसे लेकर उन्हें सोशल मीडिया पर ट्रोलिंग का शिकार होना पड़ा। ऐसे में सोशल मीडिया ट्रोल्स को सुम्बुल ने जवाब दिया। इस जवाब को टीवी एक्ट्रेस रुपाली गांगुली ने भी सराहा है।

## रुपाली गांगुली ने री-शेयर की सुम्बुल की पोस्ट

सुम्बुल ने अपने बढ़ते वजन के बारे में बताया कि उन्हें साइकेट्रिस्ट ने, न्यूरोलॉजिस्ट ने कुछ मेडिसिन दी हैं, जो सूट नहीं की। इसलिए वजन बढ़ा है। साथ ही वह ट्रोलिंग करने वालों को भी चुप रहने की बात अपनी इंस्टाग्राम पोस्ट में कहती हैं। सुम्बुल की इस पोस्ट को रुपाली गांगुली ने भी अपने इंस्टाग्राम पेज के स्टोरी सेक्शन में लगाया है। वह इस पोस्ट को री-शेयर करते हुए, सुम्बुल पर गर्व करने की बात भी लिखती हैं। सुम्बुल भी रुपाली को इस बात के लिए थैंक्स लिखती हैं।

## रुपाली गांगुली भी हुई ट्रोलिंग का शिकार

टीवी एक्ट्रेस सुम्बुल अकेली नहीं है जो सोशल मीडिया पर ट्रोलिंग का शिकार हुईं। खुद रुपाली गांगुली भी सोशल मीडिया पर ट्रोलिंग का शिकार हुईं। जब रुपाली गांगुली का अपनी सौतेली बेटी ईशा वर्मा से विवाद हुआ था तो एक्ट्रेस को काफी ट्रोल किया गया था। उनके बारे में काफी कुछ उल्टा-सीधा कहा गया। रुपाली ने भी ट्रोल करने वालों को सोशल मीडिया के जरिए ही जवाब दिया।

## स्टार्स की मेंटल हेल्थ पर असर

जिस तरह से बात-बात पर स्टार्स, एक्टर्स को सोशल मीडिया पर ट्रोल किया जाता है, उससे उनकी मेंटल हेल्थ पर बुरा असर पड़ता है। कई एक्टर्स इस बारे में बात कर चुके हैं कि ट्रोलिंग से वह काफी परेशान हो जाते हैं।



# शिबानी को कहां से आया सीरीज 'डिब्बा कार्टेल' का आइडिया?

शबाना आजमी के अलावा ज्योतिका, शालिनी पांडे, अंजलि आनंद और निमिषा सजयन जैसी उम्दा एक्ट्रेस ने वेब सीरीज 'डिब्बा कार्टेल' में ऐसी महिलाओं का रोल किया है, जो ड्रग, क्राइम के जाल में फंस जाती हैं। फिर ड्रग्स का बिजनेस करने लगती हैं। इस कहानी का आइडिया वेब सीरीज की क्रिएटर शिबानी दांडेकर को कैसे आया? इस सीक्रेट के बारे में शिबानी ने हाल ही में बताया है।

## देखती रही हैं खूब क्राइम ड्रामा

शिबानी दांडेकर ने फर्स्टपोस्ट को दिए हालिया इंटरव्यू में बताया कि वह एक समय में बहुत ज्यादा क्राइम ड्रामा देखा करती थीं। ऐसे में अचानक उन्हें ख्याल आया कि क्राइम ड्रामा में महिलाओं की कहानी को दिखाया जाए। इस तरह वेब सीरीज 'डिब्बा कार्टेल' का आइडिया शिबानी दांडेकर को आया।

## शबाना आजमी ने क्यों किया सीरीज में काम



शबाना आजमी इस सीरीज का हिस्सा इसलिए बनी हैं क्योंकि यह उनके लिए फैमिली प्रोजेक्ट की तरह है। वह रिश्ते में शिबानी की सास लगती हैं। शबाना आजमी ने जावेद अख्तर से शादी की है। फरहान अख्तर, जावेद अख्तर के बेटे हैं, वह उनकी पहली शादी से हुए हैं। शिबानी, फरहान की पत्नी हैं। ऐसे में शिबानी और शबाना रिश्ते में सास-बहू हैं। पिछले दिनों शबाना ने कहा था कि शिबानी ने इस वेब सीरीज को क्रिएट किया। वह कहती हैं, 'उसने मुझे हुक्म दिया, एक्टिंग करने के लिए। मैं बहू को कैसे मना कर सकती थी और बेटा (फरहान) तो प्रोड्यूसर ही है।'

## काफी यूनीक है सीरीज 'डिब्बा कार्टेल' की स्टोरी

डिब्बा कार्टेल की स्टोरी काफी यूनीक नजर आती है। इसमें कुछ महिलाएं एक ड्रग माफिया चला रही हैं, लेकिन आम लोग उन्हें सिर्फ टिफिन सर्विस देने वाली महिलाएं समझते हैं। वेब सीरीज में शबाना आजमी, ज्योतिका, शालिनी पांडे, अंजलि आनंद और निमिषा सजयन ने अहम किरदार निभाए हैं। लेकिन शबाना आजमी सीरीज में छा जाती हैं। साथ ही ज्योतिका की एक्टिंग की भी सोशल मीडिया पर काफी तारीफ हो रही है।

# कैंसर के दर्द के बीच हिना का पोस्ट



हिना खान सोशल मीडिया पर खूब एक्टिव रहती हैं और अक्सर अपनी पर्सनल प्रोफेशनल लाइफ पर बात करती दिखती हैं अपने हालिया सोशल मीडिया पोस्ट में वे सेहत के महत्व पर बात करती दिखी हैं हिना ने इंस्टाग्राम स्टोरी पर एक मैसेज शेयर किया है, इसमें लिखा है, सबकुछ बहुत महत्वपूर्ण है, सिर्फ तब तक, जब तक आप बीमार नहीं हो जाते आगे लिखा है, बीमार होने के बाद आपको एहसास होता है कि सिर्फ एक ही चीज महत्वपूर्ण थी और वह है आपकी सेहत हिना खान ब्रेस्ट कैंसर का उपचार करा रही हैं बीते दिनों हेल्थ अपडेट शेयर करते हुए उन्होंने बताया था कि उनकी कीमौथेरेपी और सर्जरी पूरी हो चुकी हैं



# सेक्रेड गेम्स में नयनतारा-मंजू वारियर को लेना चाहते थे अनुराग कश्यप, फिर क्यों नहीं बनी बात?

**फिल्म निर्माता अनुराग कश्यप ने हाल ही में साझा किया है कि उन्होंने नेटफ्लिक्स को हिट वेब सीरीज सेक्रेड गेम्स के लिए लेडी सुपरस्टार नयनतारा और मंजू वारियर का नाम सुझाया था। साथ ही निर्देशक ने इस बारे में खुलासा किया कि दोनों अभिनेत्रियों ने सैफ अली खान अभिनीत इस सीरीज में अभिनय क्यों नहीं किया।**

## अनुराग ने पहले इन अभिनेत्रियों से किया था संपर्क

निर्देशक ने खुलासा किया कि उन्होंने सेक्रेड गेम्स में रॉ एजेंट कुसुम देवी यादव की भूमिका के लिए सबसे पहले मंजू वारियर से संपर्क किया था। उन्होंने नेटफ्लिक्स के लिए नयनतारा का नाम भी पेश किया, लेकिन सीजन 2 (2019) में यह हिस्सा अमृता सुभाष के पास चला गया। मंजू रानी पद्मिनी, एन्नम एपोजहुम और ओडियान के लिए जानी जाती हैं। अब अनुराग कश्यप उनकी 2024 मलयालम फिल्म फुटेज को हिंदी प्रस्तुतकर्ता के रूप में प्रस्तुत कर रहे हैं।

## अनुराग ने तीन अभिनेत्रियों को चुना था

अनुराग कश्यप ने कहा कि हम अमृता सुभाष की भूमिका के लिए मंजू को लेने की कोशिश कर रहे थे। हम अलग भाषा की अभिनेत्री की तलाश में थे। हम सेक्रेड गेम्स के लिए ऑडिशन ले रहे थे। हमने नेटफ्लिक्स को तीन ऑप्शन दिए। हमने उन्हें मंजू, नयनतारा और एक और व्यक्ति का नाम सुझाया था।

## नेटफ्लिक्स ने पीछे खींच लिए थे हाथ

उन्होंने कहा कि उस समय नेटफ्लिक्स का भारत में कोई ऑफिस नहीं था, इसलिए सब कुछ अमेरिका जा रहा था और उस समय ओटीटी वास्तव में दक्षिण की फिल्मों को नहीं देख रहे थे। वे दक्षिण के बाजार को नहीं देख रहे थे। वे चाहते थे कि अभिनेत्री को वहीं से चुना जाए, जहां उनका बाजार है। यह महाराष्ट्र या कहीं भी सीमित था। उनकी पसंद हमेशा एल्गोरिदम पर आधारित होती है, जहां से उन्हें ग्राहक मिल रहे हैं।

# मैंने हर नारी में अपने किरदार को देखा है



एक्ट्रेस सान्या मल्होत्रा इन दिनों अपनी फिल्म मिसेज को लेकर चर्चा में हैं। हाल ही में फिल्म सान्या मल्होत्रा ने फिल्म और अपने किरदार को लेकर खास बातचीत की -

**आपने जब इस किरदार को किया तो आपके मन भी ऐसा कुछ चलता था कि आपने इस रोल को अपने परिवार में कहीं देखा है?**

मैंने अपने आस-पास कई औरतों को इन चीजों से गुजरता हुआ देखा है। मम्मी को देखा है कि लोग बोल देते थे कि घर का काम, काम थोड़ी होता है, सिर्फ बैठे रहना होता है। ये बहुत कॉमन था, जब मैं बड़ी हो रही थी। मेरी एक बहुत ही करीबी दोस्त के साथ ऐसा हुआ, हमने उनका इंटरव्यू किया। उनसे जाना कि उस रिश्ते में उनके साथ क्या चुनौतियां थीं। मैंने कई बार अपने घर में देखा कि मम्मी कुछ बनाती थी तो पापा कह देते थे कि ये नहीं मुझे वो खाना है या घर में पार्टी चल रही होती थी, तो लेडिज बाद में खाती थीं। आदमी और बच्चों के बाद जो बचता था वो घर की औरतें खाती थीं। ये बहुत ही सामान्य चीजें अपने घर में होते हुए देखी हैं।

**आपकी फिल्म कई फिल्म फेस्टिवल में गई। मूवी को देखने के बाद आपको लोगों की तरफ से कुछ फीडबैक भी मिला होगा, उसके बारे में कुछ बताएं।**

मेलबर्न में जब फिल्म की स्क्रीनिंग होनी थी तो मुझे लगता था कि पता नहीं लोगों को कैसा रिएक्शन होगा। फिर मैंने दर्शकों के साथ फिल्म को देखा तो लोगों का रिएक्शन काफी अच्छा था। जिन-जिन सींस पर मुझे लगता कि पता नहीं लोग कैसे रिएक्ट करेंगे, उन सभी पर लोगों ने अच्छे रिएक्शंस दिए। बहुत सारे लोग तालियां, सीटियां बजा रहे थे। बहुत सारी महिलाएं फिल्म देखने के दौरान ही बोल रही थीं कि उसके साथ ऐसा मत करो। तो लोग कम्युनिकेशन कर रहे थे फिल्म के साथ। जिन आदमियों ने फिल्म देखी उनका कहना था कि हमें अंदाजा नहीं था, जिन छोटी-छोटी चीजों को हम नजरअंदाज कर देते हैं, वो एक औरत पर कैसा प्रभाव छोड़ती हैं। एक अंकल तो बोल रहे थे कि आपने तो आदमियों की सही क्लास लगा दी।

**फिल्म में रसोई एक बहुत महत्वपूर्ण विषय है, तो क्या आपके जहन में पहले से ही रसोई से जुड़ी कुछ यादें थीं?**

मुझे बचपन से ही खाना बनाना बहुत पसंद था। जब मैं बड़ी हो रही थी तो मैं अपनी मम्मी को इंप्रेस करने के लिए खाना बनाती थी, क्योंकि वो काफी बीमार रहती थीं। तो मुझे लगता था कि मैं उनको रोज नई-नई चीजें बनकर खिलाऊं। इसी वजह से मुझे रोटी बनाना अच्छे से आता है। मम्मी जब हॉस्पिटल से आती थीं, मैं सोचती थी कि उन्हें घर का बना क्या कुछ खिलाऊं।



# आगे खिसकेगी धनुष की इडली कढ़ाई? अभिनेता के निर्देशन में बनी फिल्म!

**साउथ सुपरस्टार धनुष इन दिनों अपने व्यस्त प्रोफेशनल शेड्यूल के कारण चर्चा में हैं। अभिनेता के पास न केवल कई प्रोजेक्ट हैं, बल्कि वह अपने निर्देशन पर भी ध्यान केंद्रित कर रहे हैं। सुपरस्टार ने हाल ही में अपनी निर्देशित फिल्म नीक के साथ एक धमाकेदार हिट फिल्म दी है। अब, उनकी अगली निर्देशित फिल्म इडली कढ़ाई के बारे में कुछ नई जानकारी सामने आई है।**

## इस दिन बड़े पर्दे पर आएगी फिल्म

इडली कढ़ाई में धनुष अभिनय भी कर रहे हैं। फिल्म में वह अभिनेत्री नित्या मेनन के साथ नजर आएंगे। वहीं, अब इस फिल्म को लेकर खबरें हैं कि इसकी रिलीज की तारीखों में बदलाव होने की संभावना है। इडली कढ़ाई को पहले 10 अप्रैल, 2025 को रिलीज किया जाना था। हालांकि, अब चर्चा है कि फिल्म को स्थगित किया जा सकता है और अगस्त और सितंबर 2025 के बीच कभी भी बड़े पर्दे पर आने की संभावना है।

## फिल्म में देरी की वजह?

रिपोर्ट्स के अनुसार, देरी की वजह धनुष निर्देशित फिल्म के कुछ हिस्से अभी भी अधूरे रह जाना हो सकता है। यह प्रोजेक्ट फिलहाल रुका हुआ है, क्योंकि अभिनेता आनंद एल राय द्वारा निर्देशित अपनी हिंदी फिल्म तेरे इश्क में की शूटिंग में व्यस्त हैं। हालांकि, इस मामले में निर्माताओं की ओर से आधिकारिक पुष्टि का इंतजार है।

## धनुष का वर्कफ्रंट

वहीं, अभिनेता को लेकर और भी कई चर्चाएं हो रही हैं। रिपोर्ट्स के अनुसार, धनुष ने एक और प्रोजेक्ट निर्देशन के लिए साइन किया है। इस बार उनके साथ कोई और नहीं, बल्कि तमिल सुपरस्टार अजित कुमार होंगे। यहां तक कि फिल्म में अनिरुद्ध रविचंदर को संगीतकार के रूप में शामिल किए जाने की चर्चा है।

हालांकि, इन खबरों पर भी आधिकारिक मुहर लगनी बाकी है। वहीं, बात करें धनुष के वर्कफ्रंट की तो अभिनेता के पास शेखर कम्मुला की कुबेर भी है । निर्माताओं ने हाल ही में घोषणा की कि मल्टी-स्टारर यह फिल्म 20 जून, 2025 को सिनेमाघरों में आएगी।

# विदेश में अभिनय से जुड़ी स्पेशल ट्रेनिंग ले रहे अल्लू अर्जुन

साउथ सुपरस्टार अल्लू अर्जुन इन दिनों अपनी ब्लॉकबस्टर फिल्म पुष्पा 2 द रूल की दमदार सफलता का जश्न मना रहे हैं। वहीं, इस बीच अब अभिनेता अपनी अगली फिल्मों पर भी ध्यान केंद्रित कर रहे हैं। अब उनके पास एटली, त्रिविक्रम श्रीनिवास और संदीप रेड्डी वांगा के साथ फिल्में हैं। शुरुआत में अल्लू अर्जुन ने त्रिविक्रम की फिल्म शुरू करने की योजना बनाई थी, लेकिन अब उन्होंने अपना मन बदल लिया है और एटली के प्रोजेक्ट को प्राथमिकता दी है।

विदेश में ट्रेनिंग ले रहे अल्लू अर्जुन

पिछले कुछ दिनों से अल्लू अर्जुन भारत से दूर हैं। बीते कुछ दिनों से प्रशंसकों और दर्शकों को लग रहा था कि वह छुट्टी मना रहे हैं, लेकिन ऐसा नहीं है। अभिनेता विदेश छुट्टियां मनाने नहीं, बल्किन स्पेशल ट्रेनिंग लेने गए हैं। इस बात का खुलासा अभिनेता के करीबी सहयोगी और तंडेल के निर्माता बनी वास ने किया है। दरअसल, उन्होंने अल्लू अर्जुन की ट्रेनिंग लेने की जानकारी छावा के तेलुगु प्रचार के दौरान साझा की।

बनी वास ने साझा की ये जानकारी

बनी वास ने कहा, अल्लू अर्जुन गारू एक महीने की ट्रेनिंग के लिए गए थे। बनी गारू हमेशा अपने खाली समय में अभिनय और अन्य कला-संबंधित क्षेत्रों के बारे में शोध करते हैं। उसी के तहत उन्होंने पिछले एक महीने में एक वेलनेस सेंटर में प्रशिक्षण लिया और आज शहर में उतरे। मैं अभी तक उनसे नहीं मिला हूं, लेकिन उनकी टीम जल्द ही उनके अगले प्रोजेक्ट के बारे में अपडेट देगी। रिपोर्ट्स के मुताबिक, अल्लू अर्जुन एटली की आने वाली फिल्म में एक योद्धा की भूमिका निभाएंगे, जिसे 600 करोड़ रुपये के बजट पर बनाया जा रहा है।



# नगर पंचायत बेरला में हुआ नवनिर्वाचित अध्यक्ष एवं पार्षदों का शपथ ग्रहण समारोह

## भाजपा समर्थित जनप्रतिनिधियों की शानदार जीत के बाद नगरवासियों में उमंग



पायनियर संवाददाता ✓ बेमेतरा
www.dailypioneer.com

नगर पंचायत बेरला के नवनिर्वाचित अध्यक्ष एवं पार्षदों का शपथ ग्रहण समारोह गौठान मड़ाई मैदान नगर पंचायत बेरला मे भव्य और उत्साहपूर्ण माहौल में संपन्न हुआ। इस दौरान नगरवासियों में भारी जोश और उल्लास देखने को मिला। समारोह में भाजपा की केंद्र और राज्य सरकार के नेतृत्व में नगर विकास की नई संभावनाओं को लेकर सकारात्मक ऊर्जा का संचार हुआ। शपथ ग्रहण समारोह में मुख्य अतिथि दुर्ग लोकसभा सांसद विजय बघेल एवं विशिष्ट अतिथि बेमेतरा विधायक दीपेश साहू उपस्थित रहे। इनके अलावा पूर्व विधायक अवधेश सिंह चंदेल, भाजपा नेता राजेंद्र शर्मा, नथमल कोठारी, जिला पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि योगेश तिवारी, अंजनी प्रीतम चंदेल डोमेन्द्र राजपूत गौकरण साहू सूर्यकान्त साहू कन्हैया सेन बृजेश राजपूत समेत अन्य गणमान्य नागरिक एवं भारी संख्या में नगरवासी कार्यक्रम में उपस्थित रहे।

### बेरला में जोश और उत्साह के बीच शपथ ग्रहण

नगर पंचायत बेरला के शपथ ग्रहण समारोह में नगरवासियों ने भक्त माता कर्मा, भारत माता, छत्तीसगढ़ महतारी और जय श्रीराम के जयघोष से माहौल को भक्ति मय बना दिया। कार्यक्रम में नगर पंचायत बेरला के नवनिर्वाचित अध्यक्ष विशाल राज देशलहरा को एसडीएम डॉ. दीप्ति वर्मा ने शपथ दिलाई। इसके पश्चात क्रमशः सभी पार्षदों अर्जुन देवांगन, संतोष साहू, शिवझड़ी सिन्हा, मथुरा बाई साहू, जितेंद्र जैन, उमा नेताम, भुवनेश्वरी टंडन, जयप्रकाश बघेल, मानक चतुर्वेदी, अंजनी पाटिल, बलराम शिवहरे, मधुरी द्विवेदी, बलराम यादव, राजेश दुबे और लक्ष्मी लता वर्मा ने पद एवं गोपनीयता की शपथ ग्रहण की।

### विधायक ने कहा पैसे की कमी नहीं, अब विकास कार्यों में तेजी आएगी

विशिष्ट अतिथि विधायक दीपेश साहू ने भाजपा समर्थित उम्मीदवारों को जीत दिलाने के लिए आम जनता के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि 15 वर्षों के बाद भाजपा को स्थानीय निकायों में नेतृत्व का अवसर मिला है और यह समय बेरला के विकास को गति देने का है। उन्होंने कहा, 'यह केवल शपथ ग्रहण का दिन नहीं, बल्कि नगर के विकास की शपथ लेने का दिन है। वर्षों से रुका हुआ विकास अब रफ्तार पकड़ेगा। आम जनता ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की गारंटी और मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की नीतियों पर भरोसा जताया है, और हम उस विश्वास को पूरी निष्ठा से निभाएंगे। विधायक साहू ने यह भी कहा कि प्रदेश सरकार के पास विकास कार्यों के लिए धन की कोई कमी नहीं है। उन्होंने कहा, 'विकास कार्यों की शुरुआत पहले ही हो चुकी है। कई गांवों में बोर खनन सहित अन्य बुनियादी विकास कार्य प्रारंभ किए जा चुके हैं। आने वाले दिनों में नगर में सड़कों का निर्माण, जल आपूर्ति व्यवस्था का सुधार, स्वास्थ्य सेवाओं का विस्तार और अन्य नागरिक सुविधाओं को प्राथमिकता दी जाएगी। उन्होंने सभी नवनिर्वाचित जनप्रतिनिधियों से आह्वान किया कि वे जनता की उम्मीदों पर खरा उतरने के लिए पूरी ईमानदारी और पारदर्शिता से कार्य करें। नगर पंचायत बेरला के नवनिर्वाचित अध्यक्ष विशाल राज देशलहरा ने शपथ ग्रहण समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि यह पद उनके लिए सम्मान के साथ-साथ एक बड़ी जिम्मेदारी भी है। उन्होंने नगरवासियों को धन्यवाद देते हुए कहा कि जनता का विश्वास उनकी सबसे बड़ी ताकत है, और वे नगर के चहुंमुखी विकास के लिए पूरी निष्ठा और समर्पण के साथ कार्य करेंगे। उन्होंने कहा, 'यह शपथ केवल एक औपचारिकता नहीं, बल्कि मेरे लिए एक संकल्प है कि मैं नगरवासियों की हर उम्मीद पर खरा उतरूंगा। बेरला नगर के विकास, स्वच्छता, जल आपूर्ति, सड़क निर्माण और अन्य बुनियादी सुविधाओं को सुदृढ़ करने के लिए पूरी प्रतिबद्धता से कार्य करूंगा। उन्होंने सभी पार्षदगणों, नगरवासियों और वरिष्ठ जनप्रतिनिधियों से सहयोग और मार्गदर्शन की अपेक्षा करते हुए कहा कि एकजुटता और पारदर्शिता के साथ कार्य करने पर ही नगर का सर्वांगीण विकास संभव होगा। अंत में, उन्होंने यह विश्वास दिलाया कि बेरला नगर को आदर्श नगर बनाने के लिए हरसंभव प्रयास किया जाएगा और जनता की अपेक्षाओं पर खरा उतरने के लिए वे पूरी निष्ठा और मेहनत से कार्य करेंगे।

### सांसद विजय बघेल ने की जनप्रतिनिधियों से समर्पित कार्यशैली की अपील

सांसद विजय बघेल ने अपने उद्बोधन में कहा कि चुनाव जीतना कठिन होता है, लेकिन उससे भी कठिन जिम्मेदारी होती है जनता की अपेक्षाओं को पूरा करना। उन्होंने नव निर्वाचित अध्यक्ष और पार्षदों से मिलजुल कर नगर के विकास को प्राथमिकता देने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि नगर के समग्र विकास के लिए केंद्र और राज्य सरकार से हरसंभव सहायता उपलब्ध कराई जाएगी। उन्होंने नवनिर्वाचित जनप्रतिनिधियों से बिना किसी भेदभाव, सभी वर्गों को साथ लेकर कार्य करने का आह्वान किया।

### भव्य सांस्कृतिक कार्यक्रमों ने बढ़ाया समारोह का आकर्षण

शपथ ग्रहण समारोह के दौरान लोक कला मंच के कलाकारों द्वारा रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी गईं, जिसने कार्यक्रम को और भी उल्लासपूर्ण बना दिया। नगरवासियों ने पूरे जोश और उत्साह के साथ कार्यक्रम का आनंद लिया और नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को शुभकामनाएं दीं।

# सहसपुर लोहारा में दुर्गा और बोडला में बालका बनी जनपद पंचायत अध्यक्ष

पायनियर संवाददाता ✓ कवर्धा
www.dailypioneer.com





कबीरधाम जिले के सहसपुर लोहारा और बोडला जनपद पंचायत में अध्यक्ष, उपाध्यक्ष का निर्वाचन हुआ जिसमें भारतीय जनता पार्टी में दबदबा दिखाई दिया। बोड़ला जनपद पंचायत में निर्विरोध निर्वाचित हुआ वही सहसपुर लोहारा में अध्यक्ष और उपाध्यक्ष के लिए मतदान हुआ। जिसमें आपस में भारतीय जनता पार्टी समर्पित जनपद सदस्य लड़े। सहसपुर लोहारा में जिस तरह का माहौल देखने को मिला काफी चर्चा का विषय बना रहा।

### सहसपुर लोहारा में हुआ हंगामा

सहसपुर लोहारा में अध्यक्ष पद के नामांकन के दौरान काफी गहमा गहमी का माहौल था। भारतीय जनता पार्टी समर्पित जनपद सदस्य अधिक थे जिसमें पार्टी के काफी लोग चुनाव जीत हासिल किया है। दुर्गा सिंह के नामांकन दाखिल करने पर पार्टी कार्यकर्ताओं ने उसे अन्य पार्टी से चुनाव जीत कर हाल ही में पार्टी में शामिल होने को लेकर हंगामा कर रहे थे। उपाध्यक्ष चुनाव में भी भारतीय जनता पार्टी समर्पित दो लोगों ने नामांकन दाखिल कर चुनाव लड़े। पार्टी कार्यकर्ताओं के अलावा लोगों में चर्चा चल रहा था कि भारतीय जनता पार्टी में गुटबाजी हावी है, इसलिए ऐसा हो रहा है जबकि भाजपा पार्टी अनुशासन और शीर्ष नेतृत्व के निर्देश का पालन करता है। बोड़ला, कवर्धा और पंडरिया में जो देखने को मिला ।

### बोड़ला में अध्यक्ष बालका, उपाध्यक्ष नन्द श्रीवास बने

जनपद पंचायत बोडला अध्यक्ष पद अन्य पिछड़ा वर्ग (महिला) के लिए आरक्षित था। जिसके चलते भारी संख्या में दावेदार दिखाई दे रहे थे लेकिन संगठन के द्वारा क्षेत्र के वरिष्ठ नेता होने के कारण रामकिनकर वर्मा की पत्नी बालका देवी को को सर्व सहमति से निर्विरोध चुना गया वही उपाध्यक्ष पद के लिए सक्रिय और उपमुख्यमंत्री के करीबी नन्द श्रीवास को भी सर्व सहमति से निर्विरोध चुना गया। जनपद पंचायत बोडला का विकास इनके हाथों में है। बोडला जनपद पंचायत में भारतीय जनता पार्टी के नीति रीति और अनुशासन देखने को मिला जो काफी चर्चा में हैं। जनपद पंचायत बोडला में 25 सदस्य हैं।

### सहसपुर लोहारा में अध्यक्ष दुर्गा सिंह और अशोक पटेल उपाध्यक्ष

जनपद पंचायत सहसपुर लोहारा में अध्यक्ष पद अनुसूचित जनजाति महिला वर्ग के लिए आरक्षित होने के कारण उसी वर्ग के लोग दावेदारी कर रहे थे। निर्वाचन अधिकारी ने निर्वाचन प्र या की जानकारी दिया। दुर्गा सिंह और जीवन बाई नेताम ने नामांकन दाखिल किया। जिसमें दुर्गा सिंह 17 मत प्राप्त करते हुए निर्वाचित हुई। उपाध्यक्ष पद के लिए दो लोगों ने नामांकन दाखिल किया जिसमें अशोक पटेल निर्वाचित होकर उपाध्यक्ष बने। सहसपुर लोहारा जनपद पंचायत में कुल 25 सदस्य है।

# एसएसपी ने रक्षित केन्द्र बेमेतरा परिसर में आफिसर मेस भवन का जीर्णोद्धार कर किया उद्घाटन



पायनियर संवाददाता ✓ बेमेतरा
www.dailypioneer.com

पुलिस अधीक्षक रामकृष्ण साहू एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक ज्योति सिंह, डीएसपी कौशिल्या साहू के द्वारा पुलिस अनुविभागीय अधिकारी बेमेतरा मनोज तिर्की, पुलिस अनुविभागीय अधिकारी बेरला विनय कुमार सहित अन्य पुलिस स्टाफ की उपस्थित में 08 मार्च 2025 को पुजा अर्चना कर रक्षित केन्द्र बेमेतरा परिसर में स्थित आफिसर मेस भवन का जीर्णोद्धार कर उद्घाटन रिबन काट कर किया गया। इस अवसर पर निरीक्षक संतोषी ग्रेस, प्रधान आरक्षक खुबचंद बघेल, पन्ना लाल सिंहा, महिला प्रधान आरक्षक वर्षा चौबे, अनुपमा दुबे, वर्षा चौबे, पूनम ठाकुर, रीना गायकवाड, महिला आरक्षक सरला नामदेव, गीता मरकाम, सरला भारती, निकिता वैष्णव, द्रोपती ठाकुर, केशर जहां, सुशीला ध्रुव, अमरिका पटेल, राही यादव सहित अन्य अधिकारी एवं कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

# प्रणव शर्मा के नेतृत्व में घुघुवा क के नव निर्वाचित सरपंच, उप-सरपंच ने सांसद से की मुलाकात



पायनियर संवाददाता ✓ उतई
www.dailypioneer.com

जनपद पंचायत पाटन में सबसे अधिक मतों से नव निर्वाचित जनपद सदस्य ख्याति प्राप्त शिक्षाविद युवा भाजपा नेता समाजसेवी इंजीनियर प्रणव शर्मा, सरपंच शैलेन्द्री ढालसिंह साहू, उप-सरपंच शिवनारायण शर्मा, पंचगण मोतीलाल देवांगन एवं भाजपा बुथ अध्यक्ष प्रशांत शर्मा, वरिष्ठ भाजपा कार्यकर्ता थानेश्वर प्रसाद साहू, मनोज साहू, चूड़ामणि साहू, मनोज कौशिक एवं गणमान्य नागरिक ग्रामीण कृषक गंगाराम साहू, ढालसिंह साहू, ललित सोनकर भाजपा कार्यकर्ताओं के साथ दुर्ग लोकसभा सांसद विजय बघेल के निवास स्थान सेक्टर 05 भिलाई में भेंट मुलाकात कर आशीर्वाद प्राप्त किये, साथ ही उपस्थिति सभी ने क्षेत्र में वर्तमान गिरते भू-जल स्तर के संबंध में जानकारी देते हुए संभावित पेय जल संकट से निपटने ताँदुला जलाशय के गेट खोलने का निवेदन किया जिस पर सांसद ने संबंधित विभागीय अधिकारी को जल्द से जल्द आवश्यक कारवाही करने के निर्देश दिए।

# ग्राम पंचायत जामगांव में हुई गर्भवती महिलाओं की गोदभराई



**बेमेतरा।** ग्राम पंचायत जामगांव में महिला एवं बाल विकास विभाग के द्वारा गर्भवती महिलाओं की गोद भराई कार्यक्रम का आयोजन किया गया। साथ ही साथ 6 माह की शिशु का अन्नप्राशन का कार्यक्रम भी किया गया। इस अवसर पर किशोरी बालिकाओं को स्वास्थ्य संबंधी जानकारी भी दी गई। इस अवसर पर महिला जागृति दिवस भी मनाया गया। सभी महिलाओं को जागरूक करने के लिए बहुत सारी बातें बताई। जिसमें शिशु सुरक्षा और स्वच्छता के बारे में बात की गई। महिलाओं के लिए खेल कार्यक्रम आयोजित किया गया था। कुर्सी, गुब्बारा फुलाना, और फोटो में बिंदी लगा खेल रखा गया था। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में नवनिर्वाचित सरपंच मनहरण साहू, अध्यक्ष के रूप में यादव राम पटेल एवं पंचगण, तथा महिला बाल विकास विभाग की पर्यवेक्षक जय देवांगन, आंगनबाडी कार्यकर्ता द्रोपदी साहू, झरना निषाद, सहायिका कामिन साहू, लीला साहू, मितानीन संगीता चंद्रवंशी, महेश्वरी देव कुँवर साहू, प्राथमिक शाला एवं पूर्व माध्यमिक शाला के शिक्षक, शिक्षिकाएं एवं ग्रामीणजन उपस्थित थे।

# मॉडर्न आर्ट क्लब के द्वारा आठवीं बार अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस मनाया गया




पायनियर संवाददाता ✓ दल्लीराजहरा
www.dailypioneer.com

वूमेन अचीवर अवार्ड 2025 डी मैक दल्ली, मॉडर्न आर्ट क्लब के द्वारा आठवीं बार अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस मनाया गया। प्रत्येक वर्ष की भाँति इस वर्ष भी महिला दिवस में दल्ली राजहरा से योगा, डांस, एजुकेशन एवं समाजसेवा से संबंधित क्षेत्रों में जिनकी विशेष उपलब्धि हैं, उनको वुमेन आइकॉनिक अवार्ड से सम्मानित किया गया। जिसमें सर्वप्रथम समाज सेविका अवार्ड के लिए पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष पुरोबी वर्मा, योग गुरु अवार्ड जान्हवी उदासी, योग गुरु अवार्ड अनीता उपाध्याय, सब इंस्पेक्टर के लिए चयनित श्वेता शर्मा, बॉक्सिंग कोच के लिए टामिन साहू, वर्षा भारद्वाज जुंबा फिटनेस, इन सभी को वूमेन अचीवर अवार्ड 2025 से नवाजा गया। इसके साथ खेलकूद, गेम, रैंप वॉक मॉडलिंग, डांस, के विजेताओं को पुरस्कार वितरण किया गया। डी मैक लगभग 15 वर्षो से लगातार दल्लीराजहरा में गरबा, समर कैंप डांस मेहंदी रंगोली स्पोकन इंग्लिश कर्सिव राइटिंग, और कृष्ण जन्माष्टमी तथा सभी धर्म के त्योहारों को भी हर साल मनाता है जिससे कि दल्ली राजहरा का आर्ट कला इन सभी में हमारा दल्ली राजहरा किसी से पीछे ना रहे। महिला दिवस में इस साल लगभग 60 से ज्यादा लोग शामिल हुए थे। डी मैक के संचालक विजय बोरकर,मंच संचालन के लिए मिलन, खेलकूद के लिए पूर्णिमा मंडल ने इस कार्यक्रम में अपनी सहयोग प्रदान की।

# पूज्य सिंधु महिला मंडल ने मनाया विश्व नारी दिवस



पायनियर संवाददाता ✓ दल्लीराजहरा
www.dailypioneer.com

नारी विश्व में नए मुकाम बना रही है और अपनी अलग पहचान स्थापित कर रही है। इसी भावना को समर्पित करते हुए भारतीय सिंधु सभा महिला मंडल और पूज्य सिंधु महिला मंडल, दल्लीराजहरा ने विश्व नारी दिवस को भव्य रूप से मनाया। इस विशेष आयोजन में दल्ली राजहरा की प्रबुद्ध महिलाओं ने भाग लिया और अपने अनुभव साझा किए। कार्यक्रम में महिलाओं की उपलब्धियों को सम्मानित किया गया और उनकी प्रेरणादायक कहानियाँ प्रस्तुत की गई। अतिथियों ने नारी सशक्तिकरण, शिक्षा, स्वावलंबन और समाज में महिलाओं की भूमिका पर विचार व्यक्त किए। सांस्कृतिक प्रस्तुतियों और प्रेरणादायक वक्तव्यों ने इस आयोजन को और भी यादगार बना दिया। कार्यक्रम के दौरान दल्ली राजहरा की विशिष्ट महिलाओं को उनके उत्कृष्ट योगदान के लिए सम्मानित किया गया, और युवा पीढ़ी को उनके पदचिन्हों पर चलने के लिए प्रेरित किया गया। आज की नारी, शक्ति और प्रेरणा का प्रतीक है। इसी संदेश के साथ यह कार्यक्रम संपन्न हुआ।

# राज्य सरकार विभिन्न योजनाओं के द्वारा महिलाओं को आगे बढ़ाने का प्रयास कर रही है: ललित चंद्राकर

पायनियर संवाददाता ✓ उतई
www.dailypioneer.com







महिलाओं के संघर्ष, सशक्तिकरण और उपलब्धियों का प्रतीक अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर जिला कलेक्टर अभिजीत सिंह के मार्गदर्शन में महिला एवं बाल विकास विभाग के द्वारा गोंडवाना भवन दुर्ग में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में अपने-अपने क्षेत्र में विशेष उपलब्धि हासिल करने वाली लगभग 60 महिलाओं को विशेष रूप से सम्मानित किया गया। साथ ही महिला एवं बाल विकास विभाग की धुरी आंगनबाड़ी कार्यकर्ता एवं सहायिकाओ को भी सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि दुर्ग ग्रामीण विधायक ललित चंद्राकर के साथ नव नियुक्त दुर्ग कलेक्टर अभिजीत सिंह भी शामिल हुए । सरस्वती वंदना एवं अतिथियों के स्वागत पश्चात जिला कार्यक्रम अधिकारी राजकुमार जम्बुलकर के द्वारा अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के उद्देश्य के बारे में प्रकाश डाला गया। महिलाओं व किशोरी बालिकाओं के लिए रंगोली, सलाद, व्यंजन प्रतियोगिता, कुर्सी दौड़ व विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया तथा विजेता प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया गया। इस दौरान ग्रामीण विधायक ललित चंद्राकर ने कहा कि सरकार विभिन्न योजनाओं के द्वारा महिलाओं को आगे बढ़ाने का प्रयास कर रही हैं जिसमें महतारी वंदन योजना का विशेष योगदान है। कार्यक्रम में एसडीएम अरविंद एक्का, दुर्ग जिला भाजपा अध्यक्ष सुरेंद्र कौशिक,जिला पंचायत सदस्य श्रद्धा साहू, जनपद सदस्य झमित गायकवाड उपस्थित रहे। अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर समाज के विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट योगदान देने वाली महिलाएं डॉ निशा शर्मा कृषि वैज्ञानिक, गीता विश्वास एनजीओ संचालिका ,विभा मिश्रा वकील, एडिशनल एसपी ट्रैफिक रिचा मिश्रा, डॉ श्रद्धा चुघ आयुर्वेदिक चिकित्सा, जिला बाल संरक्षण अधिकारी प्रीति डोंगरे, साहित्यिक क्षेत्र में आशा झा,समाजसेवी गुरमीत कौर, पर्यवेक्षक देवकी साहू, श्वेता सिंह, नंदकुमारी धीवर, शिल्पा श्रीवास्तव, रीमा शुक्ला, संध्या सिंह, आभा साहू, मेघा जावलकर, चंद्रलेखा देशमुख,दिनेश्वरी देशमुख, रश्मि शर्मा, सुलेखा सर्वे, डॉ विनीता धुर्वे, डॉ यामिनी नयन, सारिका बाघ, प्रेरणा धाबेर्ड मिसेस यूनिवर्स, मंजुला देशमुख,रचना अग्रवाल, ललिता चौधरी सम्मानित हुई। कार्यक्रम में मंच संचालन सुरेंद्र पांडे ने किया और आभार प्रदर्शन दुर्ग ग्रामीण परियोजना अधिकारी उषा झा ने किया। कार्यक्रम में जिले के विभिन्न ग्राम पंचायत की महिलाएं बड़ी संख्या में उपस्थिति रही।

# अपने पिता की दसवीं पुण्यस्मृति पर तीन बेटियों ने 40 स्वच्छता दीदियों का किया सम्मान





पायनियर संवाददाता ✓ बालोद
www.dailypioneer.com

अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर एवं पिता स्व. एलपी यादव के दसवीं पुण्यस्मृति में 3 बेटियों ने अभूतपूर्व शुरुआत की है। दुर्गेशनंदिनी यादव, विनोदनी यादव, कादंबिनी यादव तीनो शिक्षा विभाग बालोद में पदस्थ हैं और अपने पिता को ही अपनी प्रेरणास्रोत मानती हैं। महिला दिवस पर इन्होंने इसे नगर पालिका बालोद की सफाई दीदीओ के साथ मनाना तय किया उन्होंने साड़ी, श्रीफल, मस्तक तिलक कर पूरी दीदीयों का सम्मान किया। वे कहती हैं घर एवं शहर दोनो को स्वच्छ रखने में इनकी ही मेहनत झलकती है। बालोद शहर के लिए इनका योगदान बहुत अधिक हैं, तो क्यो न महिला दिवस में हम इनका सम्मान करें। क्योकि श्रृंगार करती महिला से परिश्रम करती महिला बहुत ही खूबसूरत होती हैं। इस आयोजन में एक विशेष बात यह भी रही कि मुख्य अतिथि भी सफाई दीदीयों के बीच से ही दो को ही बनाया गया। सब से अधिक एवं सब से कम उम्र की दीदी के आतिथ्य में यह आयोजन सपन्न हुआ। कौशल्या बघेल एवं प्रीति जांगड़े को अतिथि स्वरूप स्थान दिया गया। इस आयोजन में 40 महिला सफाई दीदियां उपस्थित थी और उनको भी बहुत आंनद की अनुभूति हुई। अपना मंच था सभी सामान्य अपने लोग थे, बहुत अच्छे से एवं खूब बातें, महिलाओ को समर्पित कविताओं की प्रस्तुति की गई।

### प्रत्येक वर्ष किये जायेंगे आयोजन

प्रथम पुण्यस्मृति से दसवीं पुण्यस्मृति तक तीनो बेटियों दुर्गेशनंदिनी यादव, विनोदनी यादव और कादंबिनी यादव ने जिला स्तर पर बोर्ड परीक्षा में प्रथम एवं द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाले बच्चो का कुछ सहयोग राशि प्रशस्ति पत्र देकर सम्मान किया है, और अमलीडीही स्कुल में स्वेटर दान, वृद्धाआश्रम दुर्ग में अनाज का दान, प्राथमिक शाला कलकसा एवं प्राथमिक शाला दुधली स्कुल में जूता मोजा वितरण, प्राथमिक शाला बड़गाँव में स्कुल बैग का वितरण, हायर सेकेंडरी स्कूल दुधली में टिफिन वितरण,प्राथमिक शाला बनगाँव में जूता मोजा वितरण, विकलांग संस्थान राजिम में कपड़ा वितरण, वृद्धाश्रम में साड़ी,कम्बल एवं शाल वितरण, दुधली संकुल में संकुल के अंतर्गत आने वाले सभी स्कुल में न्यौता भोज, सेजेस कन्नेवाडा में न्यौता भोज, धरौंदा आश्रय स्थल बालोद में कूलर दान किया है, प्रत्येक वर्ष ऐसा आयोजन करते रहने की भी बात कही गई हैं। वही दसवीं पुण्यस्मृति के इस सम्पूर्ण आयोजन में मुख्य रूप से दुर्गेशनंदिनी यादव, विनोदनी यादव, कादंबिनी यादव, आदित्य यादव, मीना ताई, मुकेश ठाकुर सहभागी रहें। इसके लिए परिवारजनों से सुलोचना यादव, तेजेन्द्र यादव, राजेन्द्र प्रसाद यादव, आशालता यादव, लोकेश पारकर, आकांक्षा साक्षी, प्रांशु ने हर्ष व्यक्त करते हुए शुभकामनाएं दी हैं।

# सटटा पटटी लिखने वाले आरोपी को राजहरा पुलिस ने किया गिरफ्तार

पायनियर संवाददाता ✓ दल्लीराजहरा
www.dailypioneer.com



नगर पुलिस अधीक्षक राजहरा डॉ.चित्रा वर्मा के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी दल्लीराजहरा सुनील तिर्की के नेतृत्व में जुआ, सट्टा, शराब के अवैध काम के विरूध्द चलाये जा रहे अभियान के तहत 07 मार्च को रेलवे स्टेशन के सामने शीतला मंदिर के पास आरोपी संतोष पठारिया पिता अमृतलाल पठारिया उम्र 39 वर्ष वार्ड क्र.25 राजहरा द्वारा अंको के सामने रूपये पैसों का दांव लगाकर सटटा पटटी नामक जुआ खिला रहा है इस सूचना पर मौके पर घेराबंदी कर आरोपी संतोष पठारिया को सट्टा पट्टी लिखते रंगे हाथ पकडा गया आरोपी के कब्जे से एक कागज में अंको के सामने रूपये पैसों का दांव लगाकर लिखा सट्टा पट्टी पर्ची, पेन एवं नगदी रकम 4100 रूपये को जप्त कर आरोपी के विरूध्द धारा 4क जुआ एक्ट एवं छ.ग. जुआ प्रतिषेध अधिनियम 2022 की धारा 6 के तहत कार्यवाही किया गया है।

# अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर महिलाओं के शिक्षा, स्वास्थ्य, आत्मसुरक्षा एवं भागदारी तथा आत्मनिर्भरता पर चर्चा की

पायनियर संवाददाता ◄ मुंगेली
www.dailypioneer.com



डॉ. भीमराव अम्बेडकर शिक्षण संस्थान छत्तीसगढ़ द्वारा अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस का आयोजन दो सत्रों में किया गया। पहले सत्र में विद्यालय के छात्र-छात्रा एवं शिक्षकों के मध्य महिलाओं के शिक्षा, स्वास्थ्य, आत्मसुरक्षा एवं भागदारी तथा आत्मनिर्भरता पर चर्चा की गई। छात्र व शिक्षकों ने घर, परिवार व समाज विकास में महिलाओं की भूमिका के बारे में बताया कि महिला और पुरूष समाज व परिवार रूपी रथ के दो पहिये के समान हैं यदि एक पहिया खराब होता है तो गाड़ी एकतरफा झुक जाती है और आगे नहीं बढ़ पाती है। यदि दोनों पहिये अच्छे व मजबूत हैं तो दूर तक तेज गति से दौड़ सकती है महिलाएं अपनी दुख तकलीफों को छिपाकर स्वयं प्रसन्नतापूर्वक कार्य करती है और दूसरों को भी प्रसन्न रखती हैं। महिला शिक्षा के वजह से महिलाएं पहले की तरह अबला नहीं सबला हैं घर परिवार से बाहर कार्यालयों, बैंकों, व्यापारियों, वैज्ञानिकों तथा अंतरिक्ष वैज्ञानिक के रूप में आसमान को छू रही हैं अपने-अपने देश के चरम पदों पर भी सुशोभित हो रही हैं। विश्व के नक्शे में महिलाओं के योगदान को स्मरण करने का दिन है। हम सब महिलाएं एकत्रित होकर यह संदेश देना चाहते हैं कि सभी अच्छी शिक्षा प्राप्त करें आत्मनिर्भर बनें और परिवार और समाज के विकास में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करें। दूसरे सत्र में संविधान प्रदत मौलिक अधिकारों का संरक्षण एवं बढ़ते अपराध और भ्रष्टाचार पर नियंत्रण तथा जिला इकाई के विस्तार के लिए कार्यशाला का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि नेशनल ह्यूमन राइट्स, एंटी क्राइम एंड एंटी करप्शन ब्यूरो के प्रदेश अध्यक्ष घासीदास भारद्वाज रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता समाज सेविका शांति भास्कर ने की। विशिष्ट अतिथि के रूप में ब्यूरो के रायपुर संभाग जनसंपर्क अधिकारी सुरेन्द्र यादव, अजय मसीह, अधिवक्ता सुशील पात्रे जिलाध्यक्ष बिलासपुर एवं प्रदेश जनसंपर्क अधिकारी महिला विंग खलिफा डहरिया रही। सर्वप्रथम अतिथियों द्वारा बाबा साहब डॉ.भीमराव अम्बेडकर एवं ममतामयी मिनीमाता के छायाचित्र के समक्ष दीप प्रज्जवलन कर कार्यशाला का शुभारंभ किया गया तत्पश्चात विश्व की वे महिलाएं जो हमारे बीच नहीं हैं जिन्होंने अपने कृत्यों से विश्व में जाने जाते हैं उन्हें दो मिनट मौन श्रद्धांजली अर्पित की गई। कार्यशाला को सुरेन्द्र यादव, अजय मसीह, खलीफा डहरिया, खुमान वर्मा एवं दयाशंकर निषाद ने भी संबोधित किया। मुख्य अतिथि स्टेट ब्यूरो चीफ घासीदास भारद्वाज ने कहा कि अत्यंत हर्ष का विषय है कि अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर मुंगेली जिला इकाई का गठन कर रहे हैं। हमारे संगठन लोगों को अधिकारों के प्रति जागरूक करने, बढ़ते अपराध को नियंत्रित करने तथा भ्रष्टाचार को जड़ मूल से नष्ट करने का काम कर रही है नशा अपराध और भ्रष्टाचार का जड़ है, इसे नष्ट करना हमारा दायित्व है। अब तक छत्तीसगढ़ में लगभग चार सौ से अधिक प्रकरणों का निवारण संगठन के माध्यम से किया जा चुका है। मुंगेली जिला अपराध और भ्रष्टाचार से मुक्त हो ऐसा हम सबका प्रयास हो। इसी कड़ी में मुंगेली जिला इकाई का गठन किया जा रहा है निर्भय होकर कानूनी जानकारी के साथ समर्पित व्यक्तियों को जोड़कर अतिशीघ्र पदाधिकारियों की नियुक्ति की जायेगी। ब्यूरो के उद्देश्य एवं क्रियाकलाप के संबंध में विस्तार से जानकारी दी। विभिन्न जिलों से आये हुए ब्यूरो के पदाधिकारियों को प्रमाण पत्र, परिचय पत्र, बैज एवं स्टीकर प्रदान किया गया। मुंगेली जिले के जिलाध्यक्ष नियुक्त करने व जिला इकाई के विस्तार करने के लिए कार्यक्रम के आयोजक राजेन्द्र दिवाकर को सर्वसम्मति से अधिकृत किया गया। अंत में संस्थान द्वारा महिलाओं के सम्मान में कार्यक्रम के अध्यक्षता कर रहे वरिष्ठ महिला शांति भास्कर एवं कायक्रम की मुख्यअतिथि स्टेट ब्यूरो चीफ घासीदास भारद्वाज का शाल व श्रीफल से सम्मान किया गया। इस अवसर पर संस्था के छात्र-छात्रा, शिक्षक-शिक्षिका, अभिभावक, संस्था के पदाधिकारी एवं मुंगेली, पथरिया, बिलासपुर, बिल्हा, भाठापारा, सिमगा, नवागढ़, बेमेतरा आदि स्थानों से ब्यूरो के पदाधिकारी व कार्यकर्ता उपस्थित रहे। मंच संचालन राजेन्द्र दिवाकर व आभार प्रदर्शन व्यवस्थापक एच.आर. भास्कर ने किया।

# लैंगिक समानता मानव जाति के लिये अत्यावश्यक : जी.सी.भारद्वाज

पायनियर संवाददाता ◄ शिवरीनारायण
www.dailypioneer.com



शासकीय लक्ष्मणेश्वर स्नातकोत्तर महाविद्यालय खरौद मे अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में लैंगिक समानता विषय हुआ विचार विमर्श। प्रति वर्ष 8 मार्च के दिन महिलाओं के अधिकारों, उपलब्धियों, उनके अस्तित्व की महत्ता और जीवन संघर्षों को पहचानकर उनके योगदान के प्रति आभार व्यक्त करने के लिये पूरे विश्व में मनाया जाता है। इस वर्ष संयुक्त राष्ट्र संघ के द्वारा तय एक्सीलरेट एक्शन अर्थात जेंडर इक्विलिटी पर पूरे विश्व में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस मनाया गया है। कार्यक्रम का शुभारंभ प्राचार्य डॉ जी सी भारद्वाज, प्रो जी एन भतपरे व सभी प्राध्यापकगण ने ज्ञान की देवी सरस्वती, भारत माता, छग महतारी के साथ रानी, मिनीमाता, लक्ष्मीबाई, इंदिरा गांधी, के छाया चित्र पर माल्यार्पण कर सम्मुख दीप प्रज्ज्वलित करते हुये किया। तदुपरांत रेड क्रास इकाई प्रभारी प्रो. उत्तरा निराला ने इस दिवस की महत्ता पर प्रकाश डालते हुए मंचस्थ आसीन अतिथियों का स्वागत अपने उद्बोधन से किया। छात्र छात्राओं ने भी इस अवसर पर आयोजित गीत, भाषण, कविता आदि प्रतियोगिता में भाग लेकर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। भाषण प्रतियोगिता में लक्ष्मण साहू-प्रथम, वैदेही वैष्णव- द्वितीय, कविता वाचन में ईश्वरी दास वैष्णव, गीत गायन में राधिका आदित्य ने प्रथम स्थान प्राप्त कर पुरस्कार स्वरूप मेडल, प्रमाणपत्र और पेन प्राचार्य महोदय के हाथों प्राप्त किया। प्रो मंदाकनी चंद्रा ने देश और समाज मे सशक्त व विभिन्न क्षेत्रों में विशिष्ट स्थान रखने वाली महिलाओं का उदाहरण देकर छात्राओं को प्रेरित करते हुये कहा कि हमारे संविधान और शासन से मिल रहे सुविधाओं व अधिकारों का समुचित उपयोग करते हुये अपने जीवन को सफल बनायें । प्रो जी एन भतपरे ने महिलाओं के अधिकारों पर विस्तार से अपनी बातें रखीं तो प्राचार्य डॉ भारद्वाज ने जेंडर की समानता और महिला सशक्तिकरण पर प्रेरणादायी बातें रखते हुये सभी छात्राओं को विश्व की महान महिला व्यक्तित्व से प्रेरणा लेकर अपनी एक अलग पहचान बनाने की बात कही। अंत में संयोजक और मंच संचालनकर्ता प्रो. उत्तरा निराला के व्दारा आभार व्यक्त करने के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ। इस अवसर पर प्रो. ए के नेताम, प्रो. ओंकार महिपाल, प्रो. शानू अग्रवाल, प्रो. गायत्री गोयल, प्रो अश्वनी केशरवानी,प्रो. विकास दूबे, प्रो.. लीलाधर टंडन, प्रो. नेहा लहरे, प्रो बी पी कौशिक, प्रो. एल श्रीवास, ग्रंथपाल सत्यप्रकाश, प्रो संजीव सिंह आदि प्राध्यापकगण तथा खगेश्वर, सुनीधि, नरेश, अन्नू कश्यप, हरिलाल, वीरेंद्र, समीर, रेणुका, ज्योति, पूर्णिमा, श्याम कुमारी, आदि लगभग 70 छात्र छात्राएं उपस्थित रहे।

# कसेर समाज ने किया नगर पालिका अध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष का सम्मान

पायनियर संवाददाता ◄ सक्ती
www.dailypioneer.com



शहर के प्रतिष्ठित कसेर समाज ने नगर पालिका शक्ति के नवनिर्वाचित अध्यक्ष श्यामसुंदर अग्रवाल एवं नवनिर्वाचित उपाध्यक्ष भारत यादव का सम्मान किया है, कसेर समाज शक्ति ने दोनों ही नवनिर्वाचित शहर के जन प्रतिनिधियों के लिए एक सम्मान समारोह का आयोजन किया, जिसमें दोनों जनप्रतिनिधियों को जहां उनकी जीत के लिए बधाई एवं शुभकामनाएं दी गई तो वहीं इस दौरान कसेर समाज शक्ति के काफी संख्या में समाज बंधु मौजूद रहे एवं समाज ने कहा कि नगर पालिका शक्ति के अध्यक्ष पद पर एवं उपाध्यक्ष पद पर आपकी जीत से हमारा समाज पूरा हर्षित है, एवं हमें उम्मीद है कि आप शहर वासियों के हित में काम करेंगे, वहीं इस अवसर पर नगर पालिका शक्ति के अध्यक्ष श्यामसुंदर अग्रवाल ने कहा कि आज शक्ति का कसेर समाज अविभाजित मध्य प्रदेश के समय से एक प्रतिष्ठित समाज के रूप में अपनी पहचान रखता है, एवं कसेर पारा में श्री राम सप्ताह जैसा धार्मिक आयोजन दशकों से हो रहा है, जो हमारे लिए गौरव का विषय है, एवं मैं इस समाज के लिए यथासंभव जो भी होगा, प्रयास करके जनकल्याण के लिए काम करूंगा एवं आपके बेटे के रूप में आपने मुझे चुना है, एवं मैं आपको विश्वास दिलाता हूं कि हम सब मिलकर इस शहर को विकास को तेजी से अग्रसर करेंगे, वहीं नगर पालिका शक्ति के उपाध्यक्ष भारत यादव ने भी कसेर समाज का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि सबके आशीर्वाद से मुझे उपाध्यक्ष चुनाव पर जीत मिली है, तथा मैं भी सदैव जन कल्याण के लिए काम करूंगा, वहीं इस अवसर पर कसेर समाज शक्ति के उपस्थित सदस्यों ने दोनों ही नवनिर्वाचित जन प्रतिनिधियों को स्मृति चिन्ह प्रदान किया।

# नगर पालिका अध्यक्ष ने किया वार्डो का दौरा, समस्याओं से अवगत होते हुए अधिकारियों को निराकरण के दिये निर्देश

## मीट और मछली बाजार को सुव्यवस्थित करने के निर्देश दिया

पायनियर संवाददाता ◄ मुंगेली
www.dailypioneer.com



नगर पालिका अध्यक्ष का शपथ लेने के उपरांत रोहित शुक्ला अब एक्शन मोड में नजर आ रहे है। इसी कडी में उन्होने नगर के वार्डो का दौरा किया, और वार्डवासियों की समस्याओं से अवगत होते हुए अधिकारियों को निराकरण के निर्देश दियें। गौरतलब हो कि नगर में छोटी बडी ऐसी कई समस्याएं है जो नगर विकास के लिए बडा रोडा बनती जा रही है । जिस पर ध्यानाकर्षण नितांत आवश्यक है। इसी कडी में मीट और मछली बाजार को सुव्यवस्थित करने के निर्देश दिया। परमहंस वार्ड (वार्ड क्रमांक 6) स्थित बुधवारी में अव्यवस्थित मीट मार्केट और मछली बाजार को सुधारने के लिए नगर पालिका सीएमओ और इंजीनियर को निर्देश दिए गए।

**जनसंपर्क अभियान अंबेडकर वार्ड और राजेंद्र वार्ड में नागरिकों से मुलाकात कर उनकी समस्याएं सुनीं**

नागरिकों की परेशानियों को गंभीरता से लेते हुए ठेकेदार और इंजीनियर को जल्द से जल्द कार्यवाही करने के निर्देश दिए। नागरिक सुविधाओं को प्राथमिकता सफाई व्यवस्था, सड़क सुधार और अन्य बुनियादी जरूरतों पर विशेष जोर दिया गया। जनता से वादाः रोहित शुक्ला ने स्पष्ट किया कि नगर के विकास और नागरिकों की सुविधा के लिए वह पूरी निष्ठा से कार्य कर रहे हैं। उन्होंने भरोसा दिलाया कि जल्द ही वार्डों में नई योजनाओं को लागू कर विकास कार्यों को गति दी जाएगी।

# गर्मी बढ़ते ही बिजली संकट गहराया, लो वोल्टेज और रात में कटौती बनी बड़ी समस्या

पायनियर संवाददाता ◄ मुंगेली
www.dailypioneer.com




जैसे-जैसे तापमान बढ़ रहा है, बिजली की समस्या भी बढ़ती जा रही है। लो वोल्टेज और रात में बिजली कटौती आम समस्या बनती जा रही है, जिससे आम जनता को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। शहर के कई इलाकों में लोगों को लो वोल्टेज की समस्या से जूझना पड़ रहा है, जिससे पंखे और कूलर ठीक से काम नहीं कर रहे हैं। वहीं, रात में बार-बार बिजली कटने से लोग गर्मी में सो भी नहीं पा रहे हैं।

**जनता परेशान, अधिकारी बेखबर** - स्थानीय निवासियों का कहना है कि बार-बार शिकायत करने के बावजूद बिजली विभाग की ओर से कोई ठोस कदम नहीं उठाया जा रहा है। अधिकारियों का कहना है कि बिजली की अधिक खपत के कारण समस्या आ रही है, और जल्द ही समाधान निकालने की कोशिश की जा रही है।

**क्या है समाधान** - विशेषज्ञों का कहना है कि बिजली की मांग को देखते हुए बिजली आपूर्ति को स्थिर करने के लिए वैकल्पिक उपाय किए जाने चाहिए। वहीं, सरकार और बिजली विभाग को जल्द से जल्द इस समस्या का समाधान निकालना चाहिए ताकि जनता को राहत मिल सके।

# सक्ती जिला मुख्यालय सहित राज्य के 16 शहरों में खुलेंगे इंडियन बैंक

पायनियर संवाददाता ◄ सक्ती
www.dailypioneer.com

जिला मुख्यालय शक्ति सहित प्रदेश के 16 शहरों में इंडियन बैंक अपनी नई शाखाएं खोलने जा रही है, जिसके लिए इंडियन बैंक ने 9 मार्च 2025 को एक निविदा सूचना जारी कर ऐसे मकान मालिक जिनके पास बैंक द्वारा निर्धारित स्थल पर एक हजार से 1200 स्क्वायर फीट की उपयुक्त परिसर भूतल स्थल पर उपलब्ध है,वे इसके लिए तत्काल आवेदन कर सकते हैं, इंडिशन बैंक (इलाहाबाद) अंचल कार्यालय, प्रथम तल, कुरास न्यू शाति नगर, रायपुर, छ.ग. 492007 द्वारा 9 मार्च 2025 को छत्तीसगढ़ प्रदेश के प्रतिष्ठित समाचार पत्रों में वैकेंसी जारी की गई है, जिसमे परिसर की आवश्यकता के अंतर्गत बताया गया है कि इंडियन बैंक को विभिन्न केन्द्रों में नई शाखा खोलने के लिए मुख्य स्थान व उचित फ्रंटेज, और पर्याप्त पार्किंग स्थान के साथ भूतल पर उपयुक्त परिसर (तैयार / निर्माणाधीन परिसर) की आवश्यकता है। 9 मार्च को जारी वैकेंसी के अनुसार इंडियन बैंक ने प्रदेश के बलौदा बाज़ार (अर्धशहरी) जिला-बलौदाबाजार-भाटापारा (छ.ग.) जगह-1100-1200,सक्ती (अर्धशहरी) जिला-सक्ती (छ.ग.) जगह-1100-1200, कोंडागांव (अर्धशहरी) जिला-कोंडागांव (छ.ग.) जगह-1100-1200, जशपुर नगर (अर्धशहरी) जिला-जशपुर (छ.ग.) जगह- 1100-1200,सरायपाली (अर्धशहरी) जिला-महासमुद (छ.ग.) 1100-1200, नारायणपुर (अर्धशहरी) जिला-नारायणपुर(छ.ग.) जगह-1100-1200, बलरामपुर (ग्रामीण) जिलाट्टबलरामपुर (छ.ग.) जगह-1100-1200, नैला - जांजगीर (अर्धशहरी) जिला-जांजगीर-चांपा (छ.ग.) जगह-1100-1200,मनेन्द्रगढ़ (अर्धशहरी) जिला-मनेन्द्रगढ़(छ.ग.) जगह-1100-1200, खैरागढ़ (अर्धशहरी) जिला-गंडई-खैरागढ़(छ.ग.) जगह-1100-1200, दंतेवाड़ा (अर्धशहरी) जिला-दंतेवाड़ा (छ.ग.) जगह-1100-1200, गरियाबंद (अर्धशहरी) जिला-गरियाबंद(छ.ग.) जगह-1100-1200, सारंगढ़ (अर्धशहरी) जिला-बिलाईगढ़-सारंगढ़ (छ.ग.) जगह 1100-1200,मुंगेली (अर्धशहरी) जिला-मुंगेली (छ.ग.) जगह-1100-1200,सूरजपुर (अर्धशहरी) जिला-सूरजपुर (छ.ग.) जगह-1100-1200, पत्थलगांव (अर्धशहरी) जिला-जशपुर (छ.ग.) जगह-1100-1200 होंना चाहिए।

# शिक्षक एलबी संवर्ग को मिली मान्यता अरुण साव का जताया आभार

पायनियर संवाददाता ◄ मुंगेली
www.dailypioneer.com



शिक्षक एल बी संवर्ग का एकमात्र संगठन, जिसे छ ग शासन ने मान्यता प्रदान किया, उप मुख्यमंत्री अरुण साव का आभार जताया अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री अरुण साव का राजधानी स्थित आवास में गवर्नमेंट एम्पलाइज वेलफेयर एसोसिएशन छ ग का प्रांतीय टीम प्रदेश अध्यक्ष कृष्णकुमार नवरंग के नेतृत्व में मुलाकात कर संगठन को शासन से मान्यता दिलाने पर आभार जताया और सम्मानित किया, ज्ञात हो राज्य में लगभग 2 लाख शिक्षा कर्मियों का एक जुलाई 2018 से स्कूल शिक्षा विभाग में संविलियन के बाद प्रदेश का एकमात्र संगठन है जिसे छत्तीसगढ़ सरकार ने मान्यता प्रदान किया। संगठन के प्रदेश उप प्रांताध्यक्ष भोलाराम मरकाम, सचिव राधेश्याम टंडन, महिला प्रकोष्ठ के अध्यक्ष संगीता पाटले, कोशाध्यक्ष दिनेश घोषले प्रदेश महामंत्री बसंत बंजारे संगठन सचिव सनत बंजारे, घनश्याम साहू व प्रदेश प्रवक्ता नरेंद्र जांगड़े ने बताया कि हक, अधिकार, सम्मान व संवैधानिक अधिकार की रक्षा हेतु कटिबद्ध संगठन की शुरुआत 2008 से की गई, संगठन हमेशा शिक्षा कर्मियों के हक के साथ साथ अनु जाति, जनजाति, पिछड़े वर्गों, महिलाओं विकलांग सहित आरक्षित वर्ग के आरक्षण व सेवा शर्तों पर लगातार काम किया। जिसके कारण शासन से मान्यता प्राप्त हुआ। संगठन के नाम पर कई ख्याति अर्जित है और राज्य में परिचय का मोहताज नहीं, संगठन ने प्रदेश के उप मुख्यमंत्री अरुण साव का सम्मान करते हुए भरोसा दिलाया कि राज्य सरकार के कार्य का क्रियान्वयन व शासकीय सेवक के हित के लिए समन्वय स्थापित कर छ ग राज्य की प्रगति में सहभागी बनेगा, वहीं कर्मचारियों व शिक्षा कर्मियों को पूरानी सेवा अवधि की गणना कर क्रमोन्नत वेतन मान, पूरानी पेंसन की बहाली, पदोन्नति में आरक्षण सहित सेवा शर्तों में सुधार सहित युक्ति युक्त करण, स्थानांतरण में मान्यता/ पंजीकृत संगठन के पदाधिकारियों को मुक्त रखने की मांग पर संघर्ष जारी रखेगी। आभार सह सम्मान के अवसर पर संगठन के प्रदेश, जिला विकास खंड के पदाधिकारियों में जिला अध्यक्ष रायपुर एवन बंजारे, ब्लॉक अध्यक्ष आरंग भीमसेन मनहरे, सतनामी समाज के प्रदेशाध्यक्ष सुरेश दिवाकर, बिलासपुर अध्यक्ष बसंत जांगड़े, गणपत घृतलहरे, विजय मारखंडे दिनेश जोशी, महिला प्रकोष्ठ रायपुर अध्यक्ष अंजू लता टंडन, गोमती राजेशी, सुसीला गिलहरे, डम्बेश्वरी कोशले अमित सागर आनंद, लखन कुर्रे, साहेब दास बंजारे, विष्णु देव् ब्रम्हे, चंद्र शेखर घृतलहरे संतोष सोनकर मनीराम ध्रुव, मीन दास पात्रे, दिलीप जाटवर दिलीप काठले, रोहित, डिंडोरे, निर्मल खूंटे शामिल रहे उक्त जानकारी संगठन के प्रदेश प्रवक्ता नरेंद्र जांगड़े ने दी।

# 2 अप्रैल को होगा मां भीमेश्वरी देवी बेरी वाली माता रानी का द्वितीय वार्षिक उत्सव कार्यक्रम

पायनियर संवाददाता ◄ सक्ती
www.dailypioneer.com



माँ भिमेश्वरी देवी (बेरीवाली माता) का द्वितीय वार्षिक उत्सव 02 अप्रैल दिन बुधवार (चैत्र नवरात्री सुदी पंचमी तिथि) को बड़े धूमधाम व पूरी भव्यता से मनाने हेतु एक अत्यंत महत्वपूर्ण बैठक दिनांक 07/03/25 को श्री गायत्री शक्ति पीठ में आहुत की गयी जिसमे पिछली सभी बैठकों की समीक्षा करते हुए बैठक में उपस्थित सभी भक्तों को उनकी दक्षता के अनुरूप जिम्मेदारियां सौपी गयी और कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए।माँ भिमेश्वरी देवी सेवा समिति के प्रचार मंत्री योगेश कबुलपुरिया ने जानकारी देते हुए बताया की कुलदेवी माँ भिमेश्वरी देवी (बेरीवाली मईया) का एक दिवसीय द्वितीय वार्षिक उत्सव पूरी तन्मयता से स्थानीय कन्या विवाह भवन मे आगामी अप्रैल माह की 2 तारीख को मनाया जायेगा जिसमे सर्वप्रथम प्रातः 7:00 बजे भव्य निशान यात्रा श्री गायत्री शक्ति पीठ से प्रारम्भ होकर नगर कीर्तन करते हुए चन्दन तालाब स्तिथ माँ बेरीवाली के मंदिर मे अर्पण किये जायेंगे तत्पश्चात दोपहर 2:35 पर माँ का भव्य महामंगल पाठ प्रारम्भ होगा जिसमे 500 महिलाओं के शामिल होने की व्यवस्था समिति द्वारा की जा रही हैं जिसमे माँ की विशेष कृपा से पाठ मे बैठने के लिए सिमित स्थान हीं शेष बचे हैं, अतः भक्तों से अनुरोध हैं की जल्द से जल्द वें रसीद प्राप्त कर अपना स्थान सुरक्षित करवा लेवें। समिति के प्रचार प्रसार मंत्री योगेश कबुलपुरिया खरसिया ने बताया कि निशान यात्रा मे प्रत्येक निशान का 100 रुपये और पाठ मे स्थान सुरक्षित करवाने हेतु 200 रु की सहयोग राशि तय की गयी हैं, समिति के अजय बेरीवाल (मामा), सजन गोयल (मंगतू), दीनदयाल अग्रवाल (पार्षद), नीरज पिलानिया (बोन्दा), विकास बेरीवाल, सूर्यदीप अग्रवाल (सपोस) ने बताया की द्वितीय वार्षिक उत्सव में माँ बेरीवाली को प्रसन्न करने हेतु भक्तों द्वारा बढ़चढ़ कर छप्पन भोग बनवाया जाता हैं और मनोकामना सिद्धि हेतु माँ को सवामणी का भोग लगाया जाता हैं और इसी हेतु माँ भिमेश्वरी देवी संचालन समिति द्वारा फल या बूँदी की सवामणी हेतु 7,100 , बेसन बर्फी की सवामणी हेतु 8,100 और गुलाब जामुन की सवामणी हेतु 9,100 की सहयोग राशि तय की गयी हैं।

## महिला जागृति शाखा की अनुकरणीय पहल

# दो बेटियों की माताओ का किया वृक्ष भेंटकर सम्मान

पायनियर संवाददाता ◄ सक्ती
www.dailypioneer.com






सक्ती शहर सहित पूरे क्षेत्र में समाज सेवा, रचनात्मक एवं जरूरतमंदों की सेवा में अग्रणी संस्था मारवाड़ी युवा मंच महिला जागृति शाखा ने एक अनुकरणीय पहल की है, 8 मार्च को अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के मौके पर महिला जागृति शाखा ने जहां बेटियों को प्रोत्साहन देने की दिशा में ऐसे अभिभावक जो कि बेटियों के जन्म में अंतर नहीं करते हुए सदैव सकारात्मक सोच के साथ अपना जीवन व्यतीत कर रहे हैं, एवं जिनकी दो एवं दो से अधिक बेटियां हैं उनके घर पर जाकर महिला जागृति शाखा के सदस्यों ने उनका वृक्ष भेंटकर सम्मान किया, उन्हें गुलाब का फुल का ग़मला भेंट कर उन महिलाओं का सम्मान करते हुए यह संदेश दिया कि हमारी पुत्री ही गुलाब के फूल जैसी है, और जिस घर में पुत्री होती है, वह अपने माता-पिता सहित पति का घर भी सम्हालती है इसीलिए हम अपने पुत्री को अच्छे से पढ़ाए ताकि समाज में पुत्री की पहचान बने। वही महिला जागृति शाखा के द्वारा शक्ति पुलिस अधीक्षक अंकिता शर्मा का उनके कार्यालय में पहुंचकर गुलाब फूल का गमला भेंट कर सम्मानित किया इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक अंकिता शर्मा ने भी सभी महिलाओं को महिला दिवस की बधाई दी, पुलिस अधिक्षक अंकिता शर्मा ने देश की महिलाओं को संदेश देते हुए कहा सभी महिलाएं अपनी क्षमता को पहचाने, महिलाओं का सामाजिक, राजनीतिक और आर्थिक हर क्षेत्र में योगदान रहता है, यह दिन महिलाओं के अधिकारों की रक्षा, समानता और सशक्तिकरण के लिए जागरूकता फैलाने का माध्यम बनता है. दुनिया भर में इस दिन को महिला सशक्तिकरण और उनके संघर्षों की सराहना के रूप में मनाया जाता है, महिलाओं को अपने अधिकारों के लिए के लिए संघर्ष कर हर क्षेत्र में आगे होना चाहिए आज हर बड़े पदों पर महिलाएं आसीन और मैं सभी पुरुषों से भी कहना चाहूंगी कि आप सभी महिलाओं का सम्मान करें जहां नारी का सम्मान होता है वह परिवार विकास करता है। मारवाड़ी युवा मंच महिला जागृति शाखा शक्ति की अध्यक्ष ऊषा अग्रवाल ने बधाई देते हुए कहा नारी सब पर भारी है पुरुष से कंधे से कधां मीलाकर देश को आगे बढ़ा रही है, शिक्षा से लेकर हर क्षेत्र में आगे है आज हमारे देश की राष्ट्रपति भी नारी है नारी ने धरती से आसमान तक अपना वर्चस्प बनाया है ट्रेन हो या प्लेन चलाने मे नारी शक्ति का योगदान है जिस परिवार में नारी शिक्षित होती है वह दो घरों को शिक्षित करती है इसलिए सभी अपने बच्ची को अच्छी शिक्षा दें और स्वाभिमान बनाएं और उनकी हर इच्छा को पुरा करें इस अवसर पर मारवाड़ी युवा मंच महिला जागृति शाखा शक्ति अध्यक्ष ऊषा अग्रवाल, रीना गेवाडीन, ऋतु अग्रवाल, कविता गोयल रिंकी अग्रवाल, सारिका अग्रवाल, मीना अग्रवाल, रंजू गोयल, आकृति अग्रवाल, सहित सभी सदस्य एवं पदाधिकारी उपस्थित थे।

# रंजन सिन्हा संभालेंगे सांसद के प्रतिनिधि की जिम्मेदारी

पायनियर संवाददाता ◄ सक्ती
www.dailypioneer.com



जांजगीर-चांपा लोकसभा क्षेत्र की भारतीय जनता पार्टी की सांसद कमलेश जांगड़े ने 6 मार्च 2025 को शक्ति जिले के लिए अपने सांसद प्रतिनिधि के रूप में वार्ड क्रमांक-15 रेलवे स्टेशन के पास शक्ति निवासी रंजन सिन्हा पिता स्व. शशि भूषण प्रसाद सिन्हा की नियुक्ति की है, तथा रंजन सिन्हा पूर्व में नगर पालिका परिषद शक्ति के एल्डरमेंन भी रह चुके हैं, एवं वर्तमान में भारतीय जनता पार्टी शक्ति जिले के झुग्गी झोपड़ी प्रकोष्ठ के जिला संयोजक भी हैं, तथा कमलेश जांगड़े ने शक्ति जिले के कलेक्टर को प्रेषित अपने पत्र में बताया है कि उनके सांसद प्रतिनिधि के रूप में नियुक्त किए गए रंजन सिन्हा शक्ति जिले की समस्त बैठकों, शासकीय कार्यक्रमों एवं शासकीय कार्यों में उनकी अनुपस्थिति में प्रतिनिधि के रूप में शामिल होंगे तथा इसकी सूचना सभी विभागों को दी जाए रंजन कुमार सिन्हा को सांसद प्रतिनिधि बनाए जाने पर जहां भाजपा कार्यकर्ताओं ने भी प्रसन्नता व्यक्त करते हुए उन्हें बधाई दी है। ज्ञात हो की जांजगीर-चांपा लोकसभा क्षेत्र चार जिलों में विभक्त है, इस लोकसभा क्षेत्र में जहां आठ विधानसभा है, तो वहीं जिलों की बात करें तो शक्ति जिला, जांजगीर चांपा जिला, बिलाईगढ़- सारंगढ़ जिला, बलौदा बाजार-भाटापारा जिला शामिल है, तथा चार जिलों में किसी भी जनप्रतिनिधि को कार्य करना काफी कठिन होता है, तथा इस लिहाज से जनता की सुविधा की दृष्टि से सांसद के द्वारा अपना प्रतिनिधि नियुक्त किया जा रहा है।

# दल्लीराजहरा शहर की नई सरकार आम जनता के हितों के अनुरूप काम करेगी : अरूण साव

पायनियर संवाददाता ➤ दल्लीराजहरा
www.dailypioneer.com




प्रदेश के उपमुख्यमंत्री एवं नगरीय प्रशासन मंत्री अरूण साव ने कहा कि नगर पालिका परिषद दल्लीराजहरा शहर की नई सरकार आम जनता के हितों को ध्यान में रखते हुए उनके आशा एवं आकांक्षाओं के अनुरूप कार्य करेगी। साव ने जिले के नगर पालिका परिषद दल्लीराजहरा के नवनिर्वाचित अध्यक्ष एवं पार्षदों के शपथ ग्रहण समारोह के अवसर पर अपना उद्गार व्यक्त कर रहे थे। साव कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित थे। समारोह में कांकेर लोकसभा क्षेत्र के सासंद भोजराज नाग, राष्ट्रीय बाल संरक्षण आयोग के पूर्व सदस्य यशवंत जैन, संजय श्रीवास्तव, पूर्व विधायक प्रीतम साहू एवं विरेन्द्र साहू, दीपक ताराचंद साहू, पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष देवलाल ठाकुर, पूर्व नगर पालिका बालोद अध्यक्ष राकेश यादव, पवन साहू, सौरभ लुनिया, व्यापारी संघ राजहरा अध्यक्ष गोविंद वाधवानी सहित अन्य जनप्रतिनिधिगण उपस्थित थे। इस अवसर पर बीएसपी स्कूल क्रमांक 06 में आयोजित शपथ ग्रहण समारोह में नगर पालिका परिषद दल्लीराजहरा के नवनिर्वाचित अध्यक्ष तोरण लाल साहू एवं नवनिर्वाचित पार्षदों को अपर कलेक्टर एवं पीठासीन अधिकारी अजय किशोर लकरा द्वारा शपथ दिलाई गई। इस अवसर पर उपमुख्यमंत्री साव ने नगर पालिका परिषद के नवनिर्वाचित अध्यक्ष एवं पार्षदों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए उन्हें शहर के चहुँमुखी विकास के लिए पूरे निष्ठा एवं समर्पण भाव से कार्य करने को कहा। उन्होंने कहा कि दल्लीराजहरा शहर केवल शहर ही नही है वरन यहाँ के सभी निवासी हमारा परिवार है। साव ने आशा व्यक्त किया कि इसी मंशा के अनुरूप हमारे नवनिर्वाचित अध्यक्ष सहित सभी पार्षदगण शहरों के सर्वांगीण विकास तथा बुनियादी सुविधाओं से युक्त स्वच्छ, सुंदर एवं सुव्यवस्थित शहर के निर्माण हेतु पूरे लगन, निष्ठा एवं ईमानदारी के साथ जनता जनार्दन की सेवा करेंगे। उपमुख्यमंत्री ने कहा कि हमारी सरकार राज्य के सभी नगरीय निकायों में वर्तमान जरूरतों के अनुरूप जरूरी सुविधाएं उपलब्ध कराकर उन्हें एक आदर्श शहर के रूप में विकसित करने के लिए कृतसंकल्पित है। नगरीय निकाय के नवनिर्वाचित अध्यक्ष एवं पार्षदगण आम जनता के आशा के अनुरूप एक आदर्श शहर के निर्माण हेतु पूरी निष्ठा एवं प्रतिबद्धता के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन करेंगे। इसके साथ ही उम्मीद एवं भरोसे के साथ शहर के नागरिकों ने नई सरकार का निर्वाचन किया है, उस पर हमारे जनप्रतिनिधि खरा उतरेंगे। इस शपथ ग्रहण समारोह का कांग्रेस के पार्षदों ने बहिष्कार किया इनका शपथ ग्रहण उपमुख्यमंत्री के जाने के उपरांत नगर पालिका के सभागृह में करवाया गया। बीएसपी स्कूल नंबर 6 के कार्यक्रम के समापन के पूर्व आभार प्रदर्शन नवनिर्वाचित अध्यक्ष तोरण लाल साहू ने किया। कार्यक्रम का संचालन रेखुराम साहू ने किया।

# डुंडेरा में गिरौदपुरी मेला के अवसर पर महाआरती का आयोजन



पायनियर संवाददाता ➤ उतई
www.dailypioneer.com

डूंडेरा शास्त्री चौक में सतनामी समाज द्वारा गिरौदपुरी में झंडा रोहन के अवसर पर सप्तमी महाआरती व प्रसाद वितरण का कार्यक्रम आयोजन किया गया। समाज के अध्यक्ष कीर्तन कोसरे ने बताया कि प्रतिवर्ष अनुसार बाबा गुरु घासीदास जी के जन्मस्थली गिरौदपुरी में झंडा चढ़ाया जाता इस अवसर पर तीन दिवसीय मेला का आयोजन होता है जिसमे पूरे प्रदेश के लोग लाखो के संख्या में पहुँचते है। इसी अवसर पर हमारे ग्राम में भी प्रति वर्ष सप्तमी के दिन समाज के सभी लोग एक साथ महाआरती में शामिल होते है व प्रसाद का वितरण करते है। कार्यक्रम में नगर निगम रिसाली के पूर्व एल्डरमेन तरुण बंजारे, अध्यक्ष कीर्तन कोसरे, प्रदीप बंजारे, राधे सोनवानी, ओमप्रकाश बंजारे, नरेंद्र कोसरे, राजेन्द्र कोसरे, गंगा मनहर, टापू कोसरे, प्रकाश बंजारे, गोवर्धन कोसरे, लोमन सोनी, दिनेश बंजारे, गोपाल कोसरे, कल्पना, अनिता, सुनीता, पुष्पा, प्रीति, रानू, रास बाई, कमला, रितु, नेहा, पूजा सहित अन्य ग्रामवासी उपस्थित थे।

# आज की महिला को स्वयं में सशक्त होना होगाः रजनी विजय बघेल




पायनियर संवाददाता ➤ उतई
www.dailypioneer.com

प्रिज्म संस्थान महकाखुर्द (उतई) में अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस का आयोजन प्रिज्म ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशन और आई क्यू ए सी सेल के तत्वावधान में किया गया। इस अवसर पर प्रिज्म संस्था की सभी टीचिंग और नॉन टीचिंग स्टाफ की महिला शिक्षिका और दीदी, आंगनबाड़ी केंद्र की महिला कार्यकर्ता, और इंदु की सभी दीदी उपस्थित थे। मुख्य अतिथि के रूप में रजनी विजय बघेल, भिलाई शहर की जानीमानी डायटिशियन डॉ पूनम रतनानी, सामाजिक कार्यकर्ता महिला सशक्तिकरण के लिए कार्यरत डॉ सोनाली चक्रवर्ती और बीएसपी की जनरल मैनेजर पारामीता मोहंती मैडम उपस्थित थी। कार्यक्रम की शुरुआत सरस्वती वंदना से हुई। तत्पश्चात सम्माननीय अतिथियों का स्वागत प्लांट पॉट और छत्तीसगढ़ की कलाकृतियां मटपरी आर्ट टोकन ऑफ लव के रूप में भेंट कर किया गया। साथ ही बी एड, फार्मेसी, और पीजीडीएम सभी विभाग के प्रिंसिपल का स्वागत भी प्लांट पॉट के साथ किया गया। पुनः बीएड के विद्यार्थियों ने मधुर स्वागत गीत प्रस्तुत किया। तत्पश्चात प्रिज्म संस्थान की डायरेक्टर ख्याति साहू मैडम ने टॉक शो आरंभ किया। उन्होंने सभी अतिथि गणों को संबोधित करते हुए बताया कि आज महिलाएं अपनी पहचान स्वयं बना रही हैं, पुरुषों के साथ हर क्षेत्र में कंधे से कंधा मिला कर, ना केवल वो आर्थिक सहायता दे रही हैं, अपितु बैंक, हॉस्पिटल, स्कूल जैसे सभी कामों में सहयोग कर रही हैं। एक प्रश्न का जवाब देते हुए डॉ सोनाली ने बताया कि कैसे पुराने समय में महिलाएं हर परिस्थिति से समझौता करते हुए चलती थी और आज के समय में वह किस तरह हर परिस्थिति को संभालते हुए आगे बढ़ रही है। साथ ही उनके द्वारा संचालित स्वयंसिद्धा कार्यक्रम के तहत जागृति मिशन की जानकारी दी। पुनः ख्याति मैडम के एक सवाल पर रजनी विजय बघेल ने बताया कि महिला को स्वयं में सशक्त होना होगा, जिससे निर्भया जैसे अपराध फिर ना हो। तत्पश्चात डॉ पूनम रतनानी ने बताया कि महिलाएं जहां है वो उन्हीं के कारण है। यदि महिला समाज, परिवार या किसी से भी 100 प्रतिशत की उम्मीद रखतीं है तो उन्हें भी अपना 100 प्रतिशत योगदान देना होगा। पारमीता मोहंती ने एक उदाहरण देते हुए बताया कि समानता लाने हेतु महिला की तरह पुरुषों को भी घर के काम में हाथ बटाना चाहिए। गर्विता के द्वारा मनमोहक गणेश वंदना नृत्य की प्रस्तुति दी गई। पुनः ख्याति ने प्रिज्म की दीदी के कार्यों की प्रशंसा करते हुए वेद दीदी को बेस्ट वर्कर का पुरस्कार दिया। प्राचार्य डॉ अंजना ने वोट ऑफ थैंक्स के द्वारा अतिथियों का आभार व्यक्त करते हुए, सामाजिक कार्यकर्ता डॉ सोनाली के स्वयंसिद्धा कार्यक्रम में तहत जागृति मिशन से बी एड विद्यार्थियों को भी जोड़ने की बात कही जो उनके इंटर्नशिप का एक पार्ट होगा। कार्यक्रम की दूसरी कड़ी में गेम शो और दीदी लोगों को गिफ्ट दिया गया। तथा स्वल्पाहार के साथ इस रंगा रंग कार्यक्रम का समापन किया गया। संपूर्ण कार्यक्रम का संचालन बीएड की सह प्राध्यापिका सुषमा के द्वारा किया गया।

# एसएसपी ने महिला पुलिस अधिकारियों कर्मचारियो का किया सम्मान

पायनियर संवाददाता ➤ बेमेतरा
www.dailypioneer.com



अन्तर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर अभिव्यक्ति नारी के सम्मान महिलाओं की सुरक्षा एवं महिलाओं के संवैधानिक, मौलिक अधिकारो के बारे में जिले के महिला पुलिस अधिकारियों एवं कर्मचारियो को विस्तृत जानकारी प्रदान कर एक दुसरे का अभिवादन कर अन्तर्राष्ट्रीय महिला दिवस अति हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इसी कडी में रक्षित केन्द्र बेमेतरा में अन्तर्राष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष्य में 08 मार्च 2025 को महिला पुलिस अधिकारियों एवं कर्मचारियो का सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। पुलिस अधीक्षक रामकृष्ण साहू ने जिले के महिला पुलिस अधिकारियों एवं कर्मचारियो का सम्मान किया और अन्तर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर उन्हे शुभकामनाएं एवं बधाई दी। अन्तर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक ज्योति सिंह, डीएसपी कौशिल्या साहू, में निरीक्षक संतोषी ग्रेस, महिला प्रधान आरक्षक वर्षा चौबे, अनुपमा दुबे, पूनम ठाकुर, रीना गायकवाड, महिला आरक्षक सरला नामदेव, गीता मरकाम, सरला भारती, निकिता वैष्णव, द्रोपती ठाकुर, केशर जहां, सुशीला ध्रुव, अमरिका पटेल, राही यादव एवं अन्य महिला पुलिस अधिकारियों एवं कर्मचारियो का सम्मान हुआ। साथ ही इस दौरान सभी महिला पुलिस अधिकारियों एवं कर्मचारियो ने एक दुसरे का अभिवादन कर अन्तर्राष्ट्रीय महिला दिवस अति हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम में महिला पुलिस अधिकारियों एवं कर्मचारियों को स्मृति चिन्ह प्रशस्ति पत्र नगद ईनाम से पुरूस्कृत कर उनका सम्मान व उनके कार्यों की सराहना किया गया। एसएसपी रामकृष्ण साहू ने उपस्थित महिला पुलिस अधिकारियों एवं कर्मचारियो को संबोधित करते हुए कहा किमहिला सशक्तिकरण के क्षेत्र में समुचित कार्य कर महिलाओं एवं बच्चो को न्याय दिलाने, सरंक्षण प्रदाय करने की बात कही। महिलाओं द्वारा अपनी हुनर, काबिलियत और मजबूत इच्छाशक्ति से उस हर चुनौती का सामना सहित सामाजिक, आर्थिक, राजनीतिक, प्रशासनिक क्षेत्र में भागीदारी के साथ साथ क्षेत्र के विकाश में भी महत्वपूर्ण भागीदारी निभाई जा रही है। जिले में सभी के कार्यो में समन्वय स्थापित कर, महिलाओ एवं बच्चो को सशक्त बनाने उन्हे उचित विधिक सलाह प्रदाय करने का अपेक्षा कर सभी के सहयोग करने की बात कही। महिलाओं की सामाजिक, आर्थिक उन्नति के क्षेत्र में भागीदारी, महिला सशक्तिकरण के क्षेत्र में समुचित कार्य कर महिलाओं एवं बच्चो को न्याय दिलाने एवं अन्तर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर सभी को शुभकामनाएं एवं बधाई दी। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक ज्योति सिंह ने उपस्थित महिला पुलिस अधिकारियों एवं कर्मचारियो को संबोधित करते हुए कहा किमहिला सशक्तीकरण तो तभी होगा जब महिलाएं आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर होगी यह आत्मनिर्भरता उनमें कुछ करने का आत्मविश्वास जागृत करने में सहायता प्रदान करेगा। महिलाओं को हमेशा सकारात्मक सोच के भाव को लेकर अपने जीवन में आगे बढ़ना चाहिए। आत्मनिर्भर महिला अपने परिवार और समाज के मध्य बेहतरीन समन्वय बनाकर खुशहाल भविष्य की रचना कर सकती है। हर महिला में कोई न कोई प्रतिभा छुपी होती है, आवश्यकता है बस उसे पहचानने की और उसे लक्ष्य बनाकर कार्य कर स्वयं को प्रसन्न रखने की। साथ ही उपस्थित महिला पुलिस अधिकारियों एवं कर्मचारियो को उनके संवैधानिक अधिकारों, घरेलू हिंसा से बचाव और महिला सशक्तिकरण के विभिन्न पहलुओं पर जानकारी दी गई। डीएसपी कौशिल्या साहू ने उपस्थित महिला पुलिस अधिकारियों एवं कर्मचारियो को संबोधित करते हुए कहा किएक आत्मनिर्भर महिला जितनी स्वतंत्र होकर अपनी बात और सोच समाज या परिवार के सामने है उतना आत्मविश्वास एक आम महिला में कम होता है क्योंकि आप या तो अपने पिता या पति पर निर्भर रहती है।

# महिला दिवस पर अभिव्यक्ति योजना अन्तर्गत जागरूकता कार्यक्रम आयोजित



पायनियर संवाददाता ➤ बेमेतरा
www.dailypioneer.com

महिलाओं की सुरक्षा एवं उनके अधिकारों के बारे में उन्हे जागरूक करने के उद्देश्य से बेमेतरा में अभिव्यक्ति योजनान्तर्गत जागरूकता कार्यक्रम के तहत आयोजित कर अन्तर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर अभिव्यक्ति नारी के सम्मान महिलाओं की सुरक्षा एवं महिलाओं के संवैधानिक, मौलिक अधिकारो के बारे में व्यापक प्रचार-प्रसार करने निर्देशित किया गया हैं। जिसके तहत बेमेतरा में 08 मार्च 2025 को पुलिस अधीक्षक बेमेतरा रामकृष्ण साहू के निर्देशन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक ज्योति सिंह, एसडीओपी बेमेतरा मनोज तिर्की, एसडीओपी बेरला विनय कुमार, डीएसपी कौशिल्या साहू के मार्गदर्शन में थाना परपोडी प्रभारी उप निरीक्षक डी.एल. सोना एवं स्टाफद्वारा नगर पंचायत परपोडी की सफाई कर्मी महिलाओं एवं शासकीय अस्पताल परपोडी की महिला अधिकारी एवं कर्मचारियों को उनके संस्था में जाकर अन्तर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर अभिव्यक्ति नारी के सम्मान महिलाओं की सुरक्षा एवं महिलाओं के संवैधानिक, मौलिक अधिकारो के बारे में जानकारी देकर केक खिलकर उनका का सम्मान किया गया और अन्तर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर उन्हे शुभकामनाएं एवं बधाई दी। साथ ही सभी महिलाओं ने एक दुसरे का अभिवादन कर अन्तर्राष्ट्रीय महिला दिवस अति हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इसी क्रम में थाना साजा प्रभारी चंद्रदेव वर्मा एवं स्टाफद्वारा अन्तर्राष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष्य में महिला आरक्षक सरला भारती को केक खिलकर उनका का सम्मान किया गया और अन्तर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर उन्हे शुभकामनाएं एवं बधाई दी।

# लोक अदालत में लाखों के अवार्ड, रिकवरी प्रकरण का निपटारा

## पहली बार भारी संख्या में प्रकरणों का निपटारा

पायनियर संवाददाता ➤ सरायपाली
www.dailypioneer.com



नेशनल लोक अदालत का आयोजन किया गया। नेशनल लोक अदालत की उक्त 04 खण्डपीठों में श्रमिक विवाद, बैंक रिकवरी प्रकरण, विद्युत एवं देयको के अवशेष बकाया की वसूली और राजीनामा योग्य अन्य मामले के बकाया की वसूली संबंधी प्री-लिटिगेशन मामले, राजस्व न्यायालयों से संबंधित प्रकरण सुनवाई हेतु रखे गये थे। उक्त मामलों के अलावा राजीनामा योग्य दांडिक प्रकरण, परक्राम्य लिखत अधि. की धारा-138 के अधीन परिवाद पर संस्थित मामले, मोटर दुर्घटना दावा संबंधी मामले तथा विद्युत अधिनियम 2003 की धारा-135 (क) के तहत विद्युत चोरी के मामले, सिविल मामले भी नियत किये गये थे। उक्त खण्डपीठों में उपरोक्त सभी मामलों की सुनवाई करते हुए सरायपाली न्यायालयों में प्रकरणों का निराकरण किया गया। इसी प्रकार खण्डपीठ क्रमांक 07 शोभना कोष्टा प्रथम अपर सत्र न्यायाधीश के न्यायालय में प्री-लिटिगेशन संबंधीत मामलों में विद्युत एवम बैंक संबंधित 78 प्रकरण 13,45,000/-, दावा के 01 प्रकरण में 15,00,00 रुपया, निराकरण किया गया। खंडपीठ 08 पंकज आलोक तिर्की दुतीय अपर सत्र न्यायाधीश सरायपाली के न्यायालय में आर्बिटेशन के कुल 03 प्रकरण 6,92,143 रुपये एवं V mact में 2,00,000 रुपये खंडपीठ क्रमांक 09 पवन अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश सरायपाली के न्यायालय में mact के 03 प्रकरणों में 57,00,00/- ट्रान्सफर डिक्री के 08 प्रकरणों में 20,51,008/- रुपये तथा खंडपीठ क्रमांक 10 विनय कुमार साहू न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी सरायपाली से, 367 समरी के मामले में 01,27,300 एवं आईपीसी 10, धारा 258 द. प्र. स. के तहत 3, धारा 138 के तहत 03 प्रकरणों में 14,92,000 रुपये का निराकरण किया गया। खंडपीठ क्रमांक 10 विनय कुमार साहू न्यायिक मजिस्ट्रेट सरायपाली के न्यायालय में आईपीसी के 2, धारा 138 के 06 प्रकरणों में 2,95,731, समरी 427 प्रकरणों 1,24,800 रुपये, प्रिलिगेशन के 05 प्रकरणों में 1,29,000/- राशि साथ निराकरण किया गया। इस लोक अदालत समाप्ति उपरांत अनेक लाभार्थी प्रतिभागियों ने लोक अदालत में प्रकरणों की सुनवाई की प्रशंसा करते हुवे कहा कि इस सुविधा से उन्हें काफी राहत महसूस हो रही है। समय-समय पर आमजनता के लाभार्थ हेतु ऐसे आयोजन होते रहने चाहिए।

# समाज मे जन्म से लेकर मृत्यु तक महिलाओं की अहम भूमिका होती है: लक्ष्मीनारायण साहू



पायनियर संवाददाता ➤ उतई
www.dailypioneer.com

अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर मानव सेवा दल जिला दुर्ग द्वारा पूजनीय महात्मा भुवनेश्वरी के मार्गदर्शन में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र उतई में महिला सम्मान कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसके मुख्य अतिथि लक्ष्मीनारायण पार्षद वार्ड 04 उतई थे। जिसके अंतर्गत सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के समस्त स्टाफ को श्रीफल व मिष्ठान्न व पत्रिका देकर सम्मानित किया गया। इस संदर्भ में मुख्य अतिथि ने कहा कि समिति द्वारा किये जा रहे महिला सम्मान कार्यक्रम बहुत ही सराहनीय है। हमारे समाज में जन्म से लेकर मृत्यु तक महिलाओं की अहम भूमिका होती है। महिलाएं समृद्धि की ओर अग्रसर हो घर के खर्च में हाथ बटाने लगी हैं। बल्कि कई क्षेत्रों में तो महिलाएं पुरुषों से आगे निकल गई हैं। वहीं मानव सेवा दल से हुलास राम साहू मंडल प्रशिक्षक ने अपने उद्बोधन में कहा कि मानव सेवा दल जिला दुर्ग द्वारा अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर महिलाओं के सम्मान कर आज हमें गर्व महसूस हो रहा है, महिला सम्मान के साथ-साथ संस्था द्वारा अनेकों सामाजिक गतिविधियां करते आ रहे हैं जिसमें वृक्षारोपण, स्वच्छता अभियान, रक्तदान शिविर, जरुरतमंदो को आवश्यक सामग्री वितरण, खेलकूद, महिला स्वरोजगार प्रशिक्षण, विभिन्न आपदाओं आदि में पीड़ितों की सहायता सामाजिक सेवा का कार्य करती हैं संस्था राष्ट्रीय एकता, मानव प्रेम साम्प्रदायिक सौहार्द एवं भाईचारा की भावना को जागृति के लिए विभिन्न भूभागों में सेवा शिविरों का आयोजन करती है। विशिष्ट अतिथि पार्षद गण राकेश साहू एवं सतीश चंद्राकार ने भी उद्बोधन दिया साथ ही पार्षद गण गौतम चंद्राकार, खूबी राम साहू एवं नीलम सिंह गढ़े, पूर्व सरपंच वामन साहू भी उपस्थित रहे। कार्यक्रम मे मानव उत्थान सेवा समिति के वरिष्ठ कार्यकर्तागण, राजेश निषाद, रूपांशु साहू, टिकेश्वर साहू, पूनम निषाद, वंदना साहू वंदना निषाद, लोमस साहू आदि उपस्थित रहे।

# समाज में हर दिन महिलाओं का सम्मान होना चाहिए : डॉ भारती साहू




पायनियर संवाददाता ➤ उतई
www.dailypioneer.com

अथर्व महाविद्यालय धनोरा दुर्ग में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस मनाया गया। महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. भारती साहू के द्वारा यह बताया गया कि यह दिन महिलाओं की उपलब्धियों संघर्षो और समाज में उनके योगदान को सम्मान देने के लिए समर्पित हैं। महिलाएं न केवल परिवार की रीढ़ होती हैं, बल्कि वे देश, समाज और दुनिया के विकास में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। यह आयोजन महिलाओं में उत्साह और आत्मविश्वास को बढ़ाता हैं, वैसे तो जीवन में हर दिन समाज में महिलाओं का सम्मान होना चाहिए, यत्र नार्यस्तु पूज्यन्ते रमन्ते तत्र देवताः। यत्रैतास्तु न पूज्यन्ते सर्वास्तत्राफलाः क्रियाः ।। महिला दिवस एक पैसा खास दिन है, जब नारी स्वयं के लिये समय निकालकर उत्सव मनाती है। आज सबने अपने विचार साझा कियें। कुछ घंटो के लिए खुलकर जिया नृत्य, संगीत, म्युजिकल चेयर, बलून रेस, रैम्प वॉक आदि के माध्यम से बड़ा ही मनोरम ढंग से यह अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से भेद साहू, किरण सिंग, योगिता साहू, सरला चन्द्राकर, किरण बाला साहू, भूमिका साहू, दामिनी साहू, गारिमा चौहान, सरोज साहू, अर्चना सेन, पूजा आदि उपस्थित थें।


**कार्यालय नगर पालिका परिषद, बलौदाबाजार, जिला-बलौदाबाजार-भाटापारा (छ.ग.)**
Tel. No . 07727-223138 E-mail: cmobalodabazar@rediffmail.com & cmobalodabazar@ymail.com

क्रमांक/ 1030 / लो.नि.वि./न.पा.प./2025 — बलौदाबाजार, दिनांक 06.03.2025

**!! मैन्यूअल निविदा आमंत्रण सूचना !!**

नगर पालिका परिषद बलौदाबाजार, जिला-बलौदाबाजार-भाटापारा (छ.ग.) को अधोसंरचना मद के लिए विभिन्न निर्माण कार्य हेतु एकीकृत पंजीकृत प्रणाली अंतर्गत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत फर्मो/ठेकेदारों से त्री-लिफाफा पद्धति में रजिस्टर्ड / पंजीकृत डॉक के माध्यम से निविदा प्रपत्र 'अ' अंतर्गत प्रचलित एस.ओ.आर. CGPWD Building/Road PVD SOR w.e.f. 01.01.2015 से प्रतिशत दर पर निविदा आमंत्रित की जाती है :-

01. निविदा प्रपत्र हेतु आवेदन करने की अंतिम तिथि - 26.03.2025 समय-शाम 05:00 बजे तक।
02. परीक्षण उपरांत खाली निविदा प्रपत्र जारी करने की अंतिम तिथि - 28.03.2025 समय-शाम 04:00 बजे तक।
03. निविदा प्रारूप में पंजीकृत डॉक से निविदा प्राप्त होने की अंतिम तिथि - 01.04.2025 समय दोपहर 03:00 बजे तक।
04. प्राप्त निविदाएं खोलने की तिथि - 01.04.2025 समय-शाम 04:30 बजे।

| क्र. | कार्य का नाम | लागत राशि (लाख में) | अमानत राशि (एफ.डी.आर. के माध्यम से) | निविदा फार्म शुल्क | समयावधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 01. | 02 | 03 | 04 | 05 | 06 |
| 01. | वार्ड क्र. 11 में सामुदायिक भवन निर्माण कार्य। | 10.00 | 7500.00 | 750.00 | 04 माह |
| 02. | वार्ड क्र. 20 सर्किट हाऊस के पीछे नाली निर्माण कार्य। | 18.05 | 1400.00 | 750.00 | 04 माह |
| 03. | वार्ड क्र. 19 मानिकपुरी समाज समरस्ता भवन में शौचालय ब्लॉक निर्माण कार्य। | 03.56 | 3000.00 | 750.00 | 03 माह |

उपरोक्त कार्य की निविदा की सामान्य शर्तें, धरोहर राशि, विस्तृत निविदा विज्ञप्ति, निविदा दस्तावेज एवं अन्य जानकारी **www.uad.cg.gov.in/UADTenderUploder/HomeReports.aspx#** से एवं कार्यालय के सूचना पटल में कार्यालयीन समय में प्राप्त की जा सकती है।

**टीप** :- निविदा हेतु भौतिक दस्तावेज रजिस्टर्ड / पंजीकृत डॉक के माध्यम से प्राप्त की जायेगी।

**मुख्य नगर पालिका अधिकारी**
**नगर पालिका परिषद-बलौदाबाजार**

# भाजपा नेताओं ने खेतों को बना डाला मुरुम खदान बीजेभाठा व मारगांव मुरुम उत्तखनन का हॉटस्पॉट

पायनियर संवाददाता ◄ डोंगरगांव नगर
www.dailypioneer.com



नगर सहित क्षेत्र में अवैध रेत व मुरुम उत्खनन का मामला सरगर्म हुआ है। निकाय चुनाव से लेकर त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव दरम्यान आचार संहिता की आड़ में गौण खनिज का जमकर दोहन हुआ है। अफसरों के रहमोकरम से बीजाभाठा व मारगांव तो अब अवैध मुरुम उत्खनन के लिये हॉटस्पॉट बन चुका है। वहीं मुख्यालय नगर में शिवनाथ नदी में अवैध रेत उत्खनन व डंप का नया पैमाना तय कर लिया गया है। उल्लेखनीय है कि विगत 2 माह में निकाय व त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव के दरमयान खनिज संसाधनों की जमकर बंदरबाट हुई। इस दरम्यान अधिकारी राज ने तो नगर की नदियों में लूट सको तो लूट की तर्ज पर ऐसे कृत्यों को बेधड़क पनाह दी, वरन नगर के नेता के दबाव में अपने नैतिक स्तर का भी जमकर मुजायरा किया है। अब ग्रामीण क्षेत्रों की बात करें तो कुछ नए नवेले राजस्व अधिकारी भी अपने प्रभार क्षेत्र के गांवों में मुरुम के अवैध खनन की आकंठ में डूबे रहे। उल्लेखनीय है कि बीजेभाठा में तो हालिया दिनों एक हुनरमंद अधिकारी खनन की आगोश में समाते बच गए। प्रशासनिक सूत्रों की माने तो एक अधिकारी ने मीडिया टीम की शिकायतों पर एक आरआई व पटवारी को अवैध मुरुम खदान में भेज दिया। फिर क्या था, चोर चोर मौसेरे भाई की तर्ज पर भाजपा नेताओं ने अपने गुर्गों के वाहनों को छुड़ाने अधिकारी की ऐसी खबर ले ली कि लिखे जब्त वाहन थाना तक पहुंचकर सम्मान से लौटा दिए गए। सूत्रों की माने तो यादव लिखे वाहनों पर कागजी कार्रवाई तक नही हुई, बनिस्बत अफसरों मातहतों ने उक्त वाहनों के ड्राइवरों व वर्करों को सत्कार भत्ता दिलाकर विदा किया।

**मारगांव में भाजपा नेता का नाम** – मारगांव में हालिया दिनों मुरुम की शिकायत पर पहुंचे टीम को उत्खनन दरमयान खदान में एक जेसीबी व 2 हाइवा मिले। एक हाइवा में तो हालिया दिनों सुर्खियों में आये भाजपानेता का नाम व पता स्पष्ट लिखा था। हैरत में आकर पटवारी अनामिका से सम्पर्क किया गया तो कोटवार मौके पर पहुंच गया। कोटवार ने पटवारी की ओर से ऑन रिकार्ड बताया कि पुर्व में ऐसे वाहनों का पंचनामा बनाकर उच्च अधिकारी को भेजा गया था, लेकिन खनन पखवाड़ेभर से जारी है। अब टीम के लौटने के बाद वाहनों को ग्रामीणों द्वारा क्षति पहुंचाने की खबर है।

**अफसरों की छवि पर पड़ा असर** – उल्लेखनीय है कि एक वर्ष पुर्व मुख्यालय में पदस्थ राजस्व अफसरों की क्षेत्र के बाशिंदों में एक ओहदेदार छवि बनी हुई थी। उस दरमयान छुटपुट चोरियों के अलावा बड़े पैमाने पर अवैध उत्खनन की बात सामने नही आती थी। अब तो मानो नगर की नदी सहित बीजाभाठा व मारगांव के खेतों में शासन की अवैध उत्तखनन परिवहन योजना लागू हुई है, जिसका क्रियान्वयन सीधे तौर पर किसी अधिकारी द्वारा किया जा रहा है।

> अवैध रेत व मुरुम उत्तखनन के मामले विधानसभा में उठायेंगे।
> –**दलेश्व साहू**, विधायक

# ग्राम बालूद में मनाया गया नारी संकल्प और सफलता का उत्सव

पायनियर संवाददाता ◄ दंतेवाड़ा
www.dailypioneer.com

अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस हर महिला के गर्व एवं सम्मान का दिवस है। यह न केवल महिलाओं के सामाजिक आर्थिक राजनैतिक उपलब्धियों को रेखांकित करता है उसके साथ-साथ महिलाओं के अहमियत को समझने और उनके प्रति जागरूक करने का भी दिवस है। यह हमें उन महिलाओं की भी याद दिलाता है जिन्होंने महिलाओं को हर क्षेत्र में सफल करने के लिए अथक प्रयास किए। जिसके बलबूते महिलाएं आधुनिक समाज में मां, बहन पत्नी, बेटी, के सभी रूपों में सफल है। इस क्रम में जिले के दंतेवाड़ा ब्लॉक अंतर्गत ग्राम पंचायत बालूद में जिला स्तरीय महिला समूह सम्मेलन सम्पन्न हुआ। इस मौके पर जिले के हजारों महिलाओं ने उत्साहपूर्वक हिस्सा लेकर सम्मेलन में सहभागिता निभायी। इस दौरान राज्य महिला आयोग की सदस्य ओजस्वी मंडावी, जिला पंचायत सदस्य कमला नाग, नगर पालिका परिषद अध्यक्ष पायल गुप्ता, जनपद पंचायत अध्यक्ष सुनीता भास्कर और क्षेत्र के महिला जनप्रतिनिधियों सहित, कलेक्टर मयंक चतुर्वेदी, जिला पंचायत सीईओ जयंत नाहटा तथा जिला प्रशासन के अधिकारियों ने कार्यक्रम के दौरान दंतेश्वरी माँ की छायाचित्र पर दीप जलाकर एवं माल्यार्पण कर पूजा अर्चना कर शुरुआत की गई। इसके अलावा स्कूली बच्चों के द्वारा स्वागत गीत और नृत्य प्रस्तुतियां दी। इस अवसर पर जिले के महिला जनप्रतिनिधियों ने अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस की बधाई और शुभकामनाएं देते हुए अपने अनुभवों को साझा करते हुए कहा कि का दिन माताओं-बहनों के लिये गौरवान्वित होने का है, सभी लोग मिलकर इस महत्वपूर्ण दिवस को मना रहे हैं। जिससे महिलाओं को समाज में अपनी अहम भूमिका निभाने के लिये प्रेरणा मिलेगी। शासन इस क्षेत्र में विकास को बढ़ावा देने के लिए कटिबद्ध है और शिक्षा, स्वास्थ्य, पेयजल, बिजली जैसी बुनियादी सुविधाओं की उपलब्धता हेतु प्राथमिकता के साथ पहल कर रही है। उन्होंने महिला समूहों की सहभागिता से संचालित सुपोषण अभियान का उल्लेख करते हुए कहा कि इस अभियान के माध्यम से माताओं, बच्चों और किशोरी बालिकाओं को कुपोषण से मुक्त होने के साथ ही एनीमिया से भी मुक्ति मिलेगी।

इसके साथ ही इस कार्यक्रम में महतारी वंदन योजना को जिला प्रशासन की मंशानुरूप आर्थिक निवेश के रूप में बहुउपयोगी बनाने पर भी चर्चा किया गया। वक्ताओं ने अपना मत व्यक्त करते हुए कहा कि महतारी वंदन योजना मुख्यरूप से महिलाओं को आर्थिक सशक्तिकरण का एक प्रयास है जिसके माध्यम से वे समाज की मुख्यधारा से जुड़कर अपने गांव और घर-परिवार की खुशहाली के लिये आगे आकर विकास में सहभागी बन रही है परन्तु इसका एक पक्ष यह भी है कि इस आर्थिक लाभ को महिला समूह अपने व्यवसाय आधारित बनाएं। और टिकाऊ विकास का स्तंभ तैयार किया जा सके। इसके तहत सम्मेलन में उपस्थित महिलाओं समूहों को 8 परियोजनाओं में विभक्त कर उनसे व्यवसाय विवरण, बाजार विश्लेषण, लाभ और उत्पादित सेवाएं, वित्तीय प्रबंधन जैसे बिंदुओं पर जानकारी ली गई।

# बाधाओं को तोड़ते हुए, भविष्य का निर्माण टास्कअस ने महिला दिवस मनाया

पायनियर संवाददाता ◄ रायपुर
www.dailypioneer.com

टास्कअस, उन अविश्वसनीय महिलाओं का सम्मान करता है जो हर दिन हम सभी को प्रेरणा देती हैं, अन्य महिलाओं को प्रेरित करती हैं और एक बड़ा बदलाव ला रही हैं। महिलाओं को सशक्त बनाने के महत्व को उजागर करने के लिए, टास्कअस विविधता, समानता और सभी को साथ लेकर चलने के लिए प्रतिबद्ध है, जहां हर किसी को आगे बढ़ने और लगातार बेहतर होने का मौका मिलता है। टास्कअस इंक., दुनिया की सबसे इनोवेटिव कंपनियों के लिए आउटसोर्स डिजिटल सर्विसेज और नेक्सट जेनरेशन कस्टमर अनुभव का अग्रणी प्रदाता है। अंतरराष्ट्रीस महिला दिवस के मौके पर सपना भम्बानी, सीनियर वाइस प्रेसिडेंट, ऑपरेशंस, इंडिया, टास्कअस, ने कहा कि महिला दिवस महिलाओं की शक्ति, जोश और जीवन के सभी पहलुओं में विशेष रूप से कार्यस्थल में उनके अमूल्य योगदान का स्मरण कराता है। टास्कअस में, प्रतिबद्धता उत्सव के दिन से कहीं अधिक है; बल्कि यह एक इनक्लूसिव वर्कप्लेस है जहां महिलाएं महत्वपूर्ण हैं, सशक्त हैं और हर दिन आगे बढ़ने के समान अवसर प्राप्त करती हैं। यह दिन उस दृष्टिकोण को आगे बढ़ाने के लिए एक प्रेरणा है - जिससे हर महिला को लीडरशिप, इनोविटव होने और आगे बढ़ने का मौका मिलता है। इस अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर, टास्कअस, उत्सव से आगे बढ़कर उन नए कदमों पर ध्यान केंद्रित कर रहा है जो महिलाओं को वित्तीय स्वतंत्रता, नॉलेज हासिल करने और उनके लिए एक मजबूत भविष्य सुनिश्चित करने में मदद करती हैं।

# श्री शंकराचार्य इंस्टीट्यूट रायपुर में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस मनाया गया



पायनियर संवाददाता ◄ रायपुर
www.dailypioneer.com

श्री शंकरचार्य इंस्टीट्यूट रायपुर में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर पद्मश्री विजेता फूलबासन यादव का सत्र रखा गया साथ ही डॉ. पल्लवी रूंगटा गोयल ने सपोर्ट और प्रबंधन पर विचार रखे। इस कार्यक्रम का आयोजन इंस्टीट्यूट की डॉ. शीतल शर्मा और प्रो प्रीति तुली के द्वारा किया गया।

# नगर में निःशुल्क आयुष स्वास्थ्य मेला आज

पायनियर संवाददाता ◄ डोंगरगांव नगर
www.dailypioneer.com

संचालक आयुर्वेद, योग एवं प्राकृतिक चिकित्सा, यूनानी सिद्ध एवं होम्योपैथी (आयुष) छत्तीसगढ़ रायपुर के निर्देशन एवं जिला आयुष अधिकारी राजनांदगांव के मार्गदर्शन में नगर के पुराना सरकारी अस्पताल परिसर में आज 10 फरवरी को सुबह 10 बजे से ब्लॉक स्तरीय निःशुल्क आयुष स्वास्थ्य मेला का आयोजन किया गया है।

शिविर में जिले के अनुभवी आयुष चिकित्सकों द्वारा वातरोग, गठियावात, आमवात, संधिवात, कटिशूल, उदररोग, स्त्रीरोग, बालरोग, चर्मरोग, मधुमेह, बीपी श्वास, कास, अर्श बवासीर, रोग एवं अन्य पुराने एवं जटिल रोगों की आयुर्वेद एवं होम्योपैथी, चिकित्सा पद्धति द्वारा निदान कर निःशुल्क उपचार किया जायेगा, साथ ही उपलब्ध औषधि का वितरण किया जायेगा। उक्त शिविर में विशेष रूप से जिला आयुष अधिकारी डॉ. शिल्पा मिश्रा का मार्गदर्शन प्राप्त होगा। शिविर प्रभारी ने मीडिया को बताया कि शिविर में विशेष रूप से संभावित मरीजों का नेत्र जांच, मोतियाबिंद जांच, शुगर जांच एवं बीपी जांच भी निःशुल्क किया जायेगा। उन्होंने ब्लॉक के आम लोगों से अधिकाधिक संख्या में उपस्थित होकर शिविर का लाभ उठाने की अपील की है।

**कवर्धा।** 9 मार्च को समाचार पत्र पायनियर में प्रकाशित की गई है। कुछ व्यक्तियों द्वारा नकल की शिकायत अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) पंडरिया कार्यालय में किया गया है। खबर में शिक़ायत की स्कैन कॉपी भी प्रकाशित की गई है। उक्त समाचार पत्र में एसडीएम कार्यालय की फोटो भी प्रकाशित हुई है, इस फोटो में अधिवक्ता श्रीकांत तिवारी एसडीएम कार्यालय के पास नज़र आ रहे हैं। यह महज़ एक इत्तफाक है। अधिवक्ता श्रीकांत तिवारी का इस शिकायत से कोई वास्ता नहीं है।

## ग्राम पंचायत धनेशरा में भाजपा समर्थित वीरेंद्र साहू उपसरपंच बने

**कांकेर।** सरोना तहसील के के अंतर्गत ग्राम पंचायत धनेशरा में भाजपा समर्थित वीरेंद्र साहू को निर्विरोध उपसरपंच चुना गया वीरेंद्र साहू के उपसरपंच बनने पर गांव में बाजे गाजे के साथ विजय जुलूस निकल गया जगह-जगह नवनिर्वाचित उप सरपंच का ग्रामीणों ने आरती उतार का स्वागत किया इस अवसर पर भारी संख्या में ग्रामवासी उपस्थित थे।

## अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर सम्मान समारोह का आयोजन किया गया

पायनियर संवाददाता ◄ कांकेर
www.dailypioneer.com

अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर एंबीशन इंस्टीट्यूट ऑफ एजुकेशन में विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें महिलाओं की उपलब्धियों को सराहा गया और उन्हें सम्मानित किया गया।कार्यक्रम में उपस्थित सभी महिलाओं का अभिनंदन किया गया। संस्थान ने अपने क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाली महिलाओं को सम्मानित करते हुए उनका हौसला बढ़ाया। इस अवसर पर साक्षी मण्डावी एवं कुमारी प्रीति रावत को उनके उल्लेखनीय कार्यों के लिए प्रशस्ति पत्र एवं स्मृति चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया गया।संस्थान के निदेशक ने महिलाओं के योगदान की सराहना करते हुए कहा कि महिलाएं समाज की रीढ़ हैं और उनके बिना विकास अधूरा है। उन्होंने आगे कहा कि एंबीशन इंस्टीट्यूट महिलाओं के सशक्तिकरण और शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए निरंतर प्रयासरत रहेगा।

# निकाय में प्रथम सम्मिलन व उपाध्यक्ष निर्वाचन आज

पायनियर संवाददाता ◄ डोंगरगांव नगर
www.dailypioneer.com

नगर पंचायत डोंगरगांव के उपाध्यक्ष पद के लिए आज 10 मार्च को निर्वाचन होगा। छग नगर पालिका अधिनियम 1961 की धारा 56 के अंतर्गत आहुत नवनिर्वाचित नगर पंचायत अध्यक्ष एवं पार्षदों का प्रथम सम्मिलन 11 बजे से प्रारंभ होगा। इस दरम्यान नगर पंचायत उपाध्यक्ष वे लिए निर्वाचन की प्रक्रिया होगी।

नगर पंचायत में प्रथम सम्मिलन तथा उपाध्यक्ष निर्वाचन हेतु पीठासीन अधिकारी एवं अनुविभागीय दंडाधिकारी राजस्व द्वारा जारी अनुमोदित सूचना मुताबिक प्रथम सम्मिलन के तहत उपाध्यक्ष निर्वाचन हेतु सुबह 11 बजे से 12 तक नामांकन प्रस्तुत किया जाना है।



12 से सवा 12 बजे तक आपत्तियों का निराकरण, नामवापसी उपरांत साढ़े 12 बजे से एक बजे तक मतदान होगा। उपरांत परिणाम की घोषणा होगी।

**ये हैं उपाध्यक्ष के मुख्य दावेदार** – नगर पंचायत उपाध्यक्ष पद के लिए 3 बार के पार्षद मनबोधी पटेल, 2 बार के पार्षद पुरुषोत्तम साहू एवं रोहित गुप्ता प्रमुख दावेदार माने जा रहे हैं। हालांकि अध्यक्ष पद सामान्य कोटे से होने से उपाध्यक्ष के लिए पिछड़ावर्ग पर राजनैतिक कैमरा फोकस किया जा सकता है। हालांकि इनमें नगर पंचायत अध्यक्ष की पसंद सर्वाधिक महत्वपूर्ण माना जा रहा है। वहीं कांग्रेस से भी प्रत्याशी होने की संभावना है।

## चमकीले रंग, बड़ी बचत: अमेजन.इन से खरीदें होली से जुड़ी हर जरूरी चीज

पायनियर संवाददाता ◄ रायपुर
www.dailypioneer.com

अमेजन इंडिया के होली स्टोर के साथ होली की खरीदारी की शुरुआत करें, जो उत्पादों के व्यापक चयन के साथ लाइव हो चुका है। उपभोक्ता पारंपरिक परिधान और ऑर्गेनिक गुलाल, गुझिया जैसी त्योहारी मिठाइयां, अत्याधुनिक इलेक्ट्रॉनिक्स और आधुनिक उपकरण, प्रीमियम स्किनकेयर उत्पाद और सुरुचिपूर्ण घरेलू सजावट का सामान खरीद सकते हैं। त्योहार की तैयारियों के लिए बेजोड़ मूल्य सुनिश्चित करते हुए, सभी श्रेणियों में रोमांचक डील्स उपलब्ध कराई गई हैं। होली की खरीदारी के लिए आपके अनुभव को और बेहतर बनाने के लिए, अमेजन का एआई-संचालित शॉपिंग सहायक- रफस, आपको व्यक्तिगत अनुशंसाओं और त्वरित उत्तर के साथ त्योहार के लिए जरूरी वस्तुएं खोजने में मदद करेगा। बस आप रफस से बेहतर गुलाल, वाटर गन या पार्टी सजावट के बारे में पूछें और अपनी प्राथमिकताओं के आधार पर सुझाव प्राप्त करें। रफस त्योहारी शॉपिंग को अधिक सहज और मजेदार बनाने के लिए अमेजन की निरंतर बनी रहने वाली प्रतिबद्धता का एक हिस्सा है। यह स्टोर 14 मार्च, 2025 तक लाइव रहेगा।

## नवनिर्वाचित नपंअध्यक्ष अंजू त्रिपाठी ने ली शपथ

# महिला दिवस पर मितानिनों व स्वच्छता दीदियों का सम्मान

पायनियर संवाददाता ◄ डोंगरगांव नगर
www.dailypioneer.com

नगर पंचायत डोंगरगांव के नवनिर्वाचित अध्यक्ष एवं पार्षदों का शपथ ग्रहण समारोह आयोजित हुआ। प्रशासन की ओर से आयोजित भव्य शपथ ग्रहण समारोह में नवनिर्वाचित नगर पंचायत अध्यक्ष अंजू त्रिपाठी सहित सभी 15 वार्डो के पार्षदों ने पद एवं गोपनीयता की शपथ ली। इस दौरान अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के परिप्रेक्ष्य में नगर की मितानिनों एवं स्वच्छता दीदियों को सम्मानित किया गया।

नगर में पहली दफा ऐतिहासिक तौर पर पुराना बस स्टैंड परिसर में खुले तौर पर आयोजित भव्य शपथ ग्रहण समारोह में प्रमुख तौर पर विधायक गजेंद्र यादव विधायक दुर्ग ने शिरकत की। इस मौके पर प्रदेश महामंत्री भरत वर्मा, प्रदेश प्रवक्ता नीलू शर्मा, पुर्व जिलाध्यक्ष रमेश पटेल, जिला महामंत्री सौरभ कोठारी, वरिष्ठनेता द्वय दिनेश गाँधी एवं लक्ष्मीनारायण गुप्ता विशेष तौर पर सम्मिलित हुए। एसडीएम श्रीकांत कोराम ने नवनिर्वाचित नगर पंचायत अध्यक्ष अंजू त्रिपाठी सहित 15 पार्षदों को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई। उपरांत अतिथियों के द्वारा मितानिनों एवं स्वच्छता दीदियों को साड़ी व श्रीफल भेंट कर सम्मानित किया।



इस मौके पर नवनिर्वाचित अध्यक्ष श्रीमती अंजू त्रिपाठी ने शपथ ग्रहण समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि भाजपा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सोच के मुताबिक महिलाओं को आगे बढ़ाने प्रतिबद्ध है। वे इसकी साक्षात प्रमाण हैं। उन्होंने महिलाओं को अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस की शुभकामनाएँ देते हुए समाज में एक महिला के तौर पर तथा नगर में तंत्र के हिस्से के तौर पर सहयोग के लिए धन्यवाद ज्ञापित किया। श्रीमती त्रिपाठी ने नगर विकास को लेकर कहा कि केंद्र व राज्य में भाजपा की सरकार है, सांसद सँतोष पांडेय से आशीर्वाद से नगर पंचायत क्षेत्र में सिर्फ विकास ही विकास होंगे। प्रमुख अतिथि विधायक गजेंद्र यादव ने कहा कि अब केंद्र व राज्य के साथ ही जनपद व निकाय में भी भाजपा के जनप्रतिनिधि हैं, अब सभी के सामंजस्य से तेज गति से विकास होंगे। उक्त अवसर पर मंडल अध्यक्ष दीना पटेल, आभा तिवारी, पूर्णिमा साहू, जागृति यदु, डॉ नीरेंद्र साहू, गुलशन हिरवानी, पवन जैन, रामकुमार गुप्ता, कृष्णकुमार शर्मा, सतीष पांडेय, योगेश पटेल, डिकेश साहू, सिद्दीक बडगुजर, एसडीएम श्रीकांत कोराम, तहसीलदार पीएल नाग व सीएमओ विनम्र जेमा सहित समस्त नवनिर्वाचित पार्षदगण तथा नागरिकगण बड़ी तादात में उपस्थित थे।

### शपथ लेकर भावुक हुई प्रथम नागरिक

नवनिर्वाचित नगर पंचायत अध्यक्ष अंजू त्रिपाठी ने शपथ ग्रहण करने के उपरांत अपने प्रथम उदबोधन दौरान बेहद भावुक उठीं। उन्होंने मंच से बताया कि वे एक साधारण परिवार की बेटी और बहू है, तथा भाजपा की एक सामान्य सी कार्यकर्ता हैं। पार्टी विश्वास जताते हुए नगर पंचायत अध्यक्ष का टिकट देकर बड़ी जिम्मेदारी दी, तो नागरिको ने उन्हें प्रथम नागरिक होने का तोहफा दे दिया है, जिससे वे पार्टी तथा नागरिकों की ऋणि हो गई।

## ग्राम पंचायत भांडी में संगीता सिंह चौहान बनीं उप सरपंच, एक वोट से मिली जीत

पायनियर संवाददाता ◄ बैकुंठपुर
www.dailypioneer.com



ग्राम पंचायत भांडी के सबसे बड़े वार्ड महाराणा प्रताप वार्ड (वार्ड क्रमांक 2) से निर्विरोध पंच निर्वाचित हुई संगीता सिंह चौहान ने उप सरपंच पद के लिए भी जोरदार मुकाबला किया। ग्राम पंचायत भांडी में उप सरपंच पद के लिए हुए चुनाव में संगीता सिंह चौहान का मुकाबला निकटतम प्रतिद्वंद्वी से हुआ, जिसमें 6-5 के संकटपूर्ण अंतर से जीत दर्ज कर उन्हें उप सरपंच घोषित किया गया। ग्राम पंचायत भांडी के महाराणा प्रताप वार्ड में लगभग 200 मतदाता हैं, जिससे यह पंचायत का सबसे बड़ा वार्ड माना जाता है। इस वार्ड से निर्विरोध पंच चुने जाने के बाद उप सरपंच पद पर मिली जीत ने संगीता सिंह चौहान की प्रभावशाली उपस्थिति को और मजबूत कर दिया है।

**ग्राम पंचायत में विकास को देंगी प्राथमिकता** – अपनी जीत के बाद संगीता सिंह चौहान ने कहा कि वह ग्राम पंचायत के समग्र विकास के लिए कार्य करेंगी। उनकी प्राथमिकताओं में सड़क, बिजली, पानी, शिक्षा और स्वास्थ्य सुविधाओं को बेहतर बनाना शामिल है। साथ ही उन्होंने ग्रामीणों को आश्वस्त किया कि उनकी समस्याओं के समाधान के लिए वह सदैव तत्पर रहेंगी। ग्राम पंचायत भांडी में संगीता सिंह चौहान की इस जीत को उनके समर्थकों ने एक नई उम्मीद और विकास की दिशा में महत्वपूर्ण कदम बताया।

# व्यवहार न्यायालय बगीचा में राष्ट्रीय लोक अदालत सम्पन्न, 430 प्रकरणों का हुआ निराकरण

पायनियर संवाददाता ∢ जशपुरनगर
www.dailypioneer.com



बगीचा न्यायालय में राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी / तालुका विधिक सेवा समिति बगीचा अध्यक्ष मती कामिनी वर्मा की अध्यक्षता में सफलतापूर्वक किया गया। इस अवसर पर पक्षकारों के बीच समझाइश कराकर और राजीनामे के आधार पर 41 लंबित प्रकरण एवं प्री-लिटिगेशन के 389 प्रकरणों का निराकरण किया गया। तालुका विधिक सेवा समिति बगीचा अध्यक्ष मती कामिनी वर्मा ने बताया कि प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश/ अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण जशपुर जिला जशपुर छग मन्सूर अहमद व सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, जशपुर जिला जशपुर (छग) के निर्देशानुसार राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया गया। इस दौरान न्यायालय में लंबित 41 प्रकरण, बैंक के 29 प्रकरण, ट्रैफिक चालान 335 प्रकरण, आबकारी अधिनियम के कुल 25 प्रकरण इस प्रकार कुल 430 प्रकरणों का निराकरण किया गया। इस अवसर पर पक्षकारों से बकाया राशि बैंक द्वारा राशि 17,66,670/- रुपये की वसूली की गयी। नेशनल लोक अदालत आयोजित किए जाने से न्यायालयों में लंबित प्रकरणों में कमी आई। नेशनल लोक अदालत में चेक बाउंस के प्रकरणों का निपटारा प्रस्तुत प्रकरण थाना कांसाबेल क्षेत्र के हैं जिसमें प्रार्थी द्वारा आरोपी के विरूद्ध वर्ष 2022 में 50 हजार रुपये का मामला प्रस्तुत किया गया जिसमें पक्षकारगण वर्ष 2022 से लगातार न्यायालय में उपस्थित होते रहें। इसी दौरान पीठासीन अधिकारी एवं उनके अधिवक्तागण द्वारा प्रकरण में राजीनामा की चर्चा किये जाने पर पक्षकारगण आपस में राजीनामा होकर प्रकरण की कार्यवाही समाप्त किया गया। मारपीट के मामले का निराकरण एक ऐसा ही मामला थाना बगीचा क्षेत्र का है, जहां प्रार्थी और आरोपी एक ही गांव के रहने वाले हैं। आरोपी द्वारा किसी बात को लेकर प्रार्थी के साथ अश्लील गाली गलौज कर मारपीट की थी, जिसके पश्चात प्रार्थी द्वारा थाना में आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज करने पर वर्ष 2022 में मामला न्यायालय में समक्ष पहुंचा था। चूंकि पक्षकारगण एक ही गांव के होने के कारण पीठासीन अधिकारी द्वारा आपस में राजीनामा कराकर उनके मध्य की कटुता एवं दुश्मनी को समाप्त कर आपसी प्रेम एवं भाईचारे पूर्वक रहने की सलाह देते हुए प्रकरण की कार्यवाही समाप्त किया गया। राजीनामा होने से उनके मध्य आपसी शत्रुता समाप्त होने के साथ-साथ समय, धन एवं श्रम की बचत होने की बात कही। नेशनल लोक अदालत में आसानी से मिलता है न्याय-तालुका विधिक सेवा समिति बगीचा अध्यक्ष कामिनी वर्मा ने बताया कि लोक अदालत लोगों को शीघ्र एवं सस्ता न्याय उपलब्ध कराने का एक सशक्त माध्यम एवं विवादों को आपसी समझौते के आधार पर सुलझाने के लिए वैकल्पिक मंच है। न्यायालय में लंबित प्रकरणों में राजीनामा के आधार पर पक्षकारों के मध्य राजीनामा के आधार पर अधिक व्यक्ति को लाभान्वित किया जाना होता है। पक्षकारों के मध्य आपसी सुलह होने से उनके मध्य आपसी सदभाव उत्पन्न होता है व शत्रुता समाप्त होकर समय, धन एवं श्रम की भी बचत होती है तथा उनके मध्य लंबे समय से चल रहे विवाद हमेशा के लिए भी समाप्त हो जाता है। नेशनल लोक अदालत में आदेश/अवार्ड का फल पक्षकार को तत्काल मिलता है। नेशनल लोक अदालत को सफ्ल बनाने हेतु पीठासीन अधिकारी, अधिवक्ता संघ बगीचा के अधिवक्तागण लोक अदालत खंडपीठ के सदस्य रामाधार गुप्ता एवं धनेश्वर यादव तथा विभिन्न विभागों से आए हुए अधिकारी, कर्मचारीगण उपस्थित रहे एवं न्यायालयीन कर्मचारियों का भी सराहनीय सहयोग रहा।

# प्राचार्य गिरीश कुरचनिया उच्चतर माध्यमिक विद्यालय नागपुर से सेवानिवृत हुए



पायनियर संवाददाता ∢ मनेन्द्रगढ़
www.dailypioneer.com

शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय (कत्था ड्रेस) में प्राचार्य गिरीश कुरचानिया के सेवानिवृत होने पर जिला शिक्षा अधिकारी अजय मिश्रा की अध्यक्षता में विदाई समारोह का आयोजन किया गया कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए मिश्रा ने कहा कि प्राचार्य गिरीश का व्यक्तित्व सरल, अनुशासित सकारात्मक सोच वाला है इन्होंने अपने कार्यकाल में ईमानदारी पूर्वक कार्य किया और किसी भी प्रकार की शिकायत का मौका नहीं दिया मैं ईश्वर से कामना करता हूं कि वह जहां भी रहे स्वस्थ रहें मस्त रहें कार्यक्रम के अति विशिष्ट अतिथि स्वयं कुरचनिया अपने भावविभोर संबोधन में सेवाकाल की 36 वर्षों की कठिन परिस्थितियों में भी इमानदारी से पॉजिटिव सोच के साथ काम करने की बात कही तथा किसी भी उच्च अधिकारी को कुछ कहने का मौका नहीं दिया और ना ही स्पष्टीकरण देना पड़ा यही शिक्षा जगत में मेरी सबसे बड़ी पूंजी है आप सभी का स्नेह बना रहे ऐसी कामना करता हूं कार्यक्रम को प्राचार्य संजीवसिंह, सुदीप्ता शर्मा, लांजेवार, सत्येंद्र सिंह तथा विकासखंड शिक्षा अधिकारी मनेद्रगढ़ सुरेंद्र सिंह जनकपुर इस्माइल खान ने भी संबोधित किया। ज्ञात रहे कुरचानिया शिक्षा के क्षेत्र में अपनी सेवा बस्तर से 180 किलोमीटर दूर शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कोन्टा से 1988 से प्रारंभ की तथा शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय (कत्था ड्रेस) मनेद्रगढ़ में 2007 में व्याख्याता के पद पर कार्यभार ग्रहण किया तथा 2013 में शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बेलबहरा के प्राचार्य बने तत्पश्चात 2019 से 2022 तक मनेंद्रगढ़ में विकासखंड शिक्षा अधिकारी के पद का दायित्व सफलतापूर्वक निर्वहन किया वर्तमान में शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय नागपुर से सेवानिवृत्ति हुए। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से प्राचार्य रश्मि जैन, रामाश्रय शर्मा, डॉ विनोद पांडेय, मधुबाला कश्यप, अयूब लाल, टी विजय गोपाल राव, माता प्रसाद द्विवेदी, मधुमिता चौधरी, नारायण तिवारी, सुनीता मिश्रा, अल्मा बेग, संजय ताम्रकार, पारसमणी, मनोहर गुप्ता, एवं विद्यालय के समस्त स्टाफ उपस्थित रहे तथा सभी ने नई पारी शुरुआत करने के लिए बधाई दिया व उज्जवल भविष्य की कामना की कार्यक्रम का आभार प्रदर्शन आयोजक संस्था के प्राचार्य उदयभान मिश्रा तथा कार्यक्रम का संचालन सुषमा ने किया।

# टैक्स जमा नहीं करने पर 5 घरों का नल कनेक्शन कटा, 9 लोगों को अल्टीमेटम

पायनियर संवाददाता ∢ रिसाली
www.dailypioneer.com



बार बार नोटिस दिए जाने के बाद भी टैक्स जमा नहीं करने वालों के खिलाफ रिसाली निगम ने कड़ी कार्यवाही शुरू कर दी है। आयुक्त मोनिका वर्मा के निर्देश पर टीम डुंडेरा पहुंची। यहां पर 5 घरों में पेय जल आपूर्ति के लिए दिए कनेक्शन विच्छेद की प्रक्रिया पूरी की गई। रिसाली निगम संपत्ति कर विभाग के प्रभारी अधिकारी रवि श्रीवास्तव ने बताया कि जल कर और संपत्तिकर समेत यूजर चार्ज की राशि कई लोग निर्धारित समय पर जमा नहीं करते। राशि जमा नहीं करने पर नोटिस भी दिया गया। समय पर राशि जमा नहीं करने की वजह से राशि हजारों में पहुंच गई है। वसूली के लिए समय भी दिया गया। इसके बाद भी करदाताओं द्वारा हठ धर्मिता किए जाने पर डुंडेरा के दो वार्डो में नल कनेक्शन विच्छेद की कार्यवाही की गई। टीम के सदस्यों ने लोकेश्वर प्रसाद साहू, राजू लाल,खेमू राम साहू, जोईधो राम व कृष्ण कुमार के घर में दिए पेय जल आपूर्ति बंद की गई।

**रिसाली बस्ती में इन्हें अल्टीमेटम** -राधेश्याम कोर्राम 33600, येशु राम देशमुख 33600, राम नारायण 15000, प्रमोद कुमार 14400, सोमेश कुमार दुबे 14400, ताम्रध्वज मार्कण्डेय 11400, अरविंद कुमार मिश्रा 10600, कोमल लाल साहू 8800 समेत केकती बाई को 8058 रुपए जमा करने की मोहलत दी गई है। राशि जमा नहीं करने पर नल विच्छेद की करवाई की जाएगी।

# कलेक्टर ने किया जिला अस्पताल का निरीक्षण

पायनियर संवाददाता ∢ दुर्ग
www.dailypioneer.com



जिले के नव पदस्थ कलेक्टर अभिजीत सिंह ने जिला अस्पताल दुर्ग का आकस्मिक निरीक्षण किया। जिले में पदभार संभालने के बाद जिला अस्पताल का यह पहला निरीक्षण है। इस दौरान कलेक्टर ने अस्पताल के ओपीडी, रजिस्ट्रेशन काउन्टर एवं डॉक्टरों की सभी ओपीडी, पुरुष वार्ड, महिला वार्ड, शिशु वार्ड, डिलीवरी वार्ड, ऑपरेशन कक्ष सहित सभी वार्डो का निरीक्षण किया। उन्होंने वार्डो में भर्ती मरीजों से उपचार के संबंध में रु-ब-रु चर्चा भी की। कलेक्टर सिंह ने आईसीयू, ब्लड बैंक, एनआरसी, एसएनसीयू, डीईआईसी और प्रसव विभाग का भी निरीक्षण किया और चिकित्सा अधिकारियों व चिकित्सकों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। उन्होंने दवाई वितरण कक्ष का भी निरीक्षण किया और मरीज को मिल रहे दवाइयों का भी निरीक्षण किया। साथ ही सिविल सर्जन को रिकॉर्ड दुरुस्त करने के निर्देश दिए। इस अवसर पर सहायक कलेक्टर एम. भार्गव, एसडीएम हरवंश सिंह मिरी, सीएमएचओ डॉ. मनोज दानी, सिविल सर्जन डॉ. एच.एस. साहू, डॉ. ओ.पी. वर्मा सहित अन्य चिकित्सक उपस्थित थे।

# अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर सतनाम भवन में महिला सम्मेलन का आयोजन

पायनियर संवाददाता ∢ मुंगेली
www.dailypioneer.com



अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर जिला मुख्यालय स्थित सतनाम भवन में महिला सम्मेलन हुआ। इसमें महिला सशक्तिकरण समानता और समाज में महिलाओं की भूमिका पर चर्चा हुई। विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट योगदान देने वाली 35 महिलाओं को सम्मानित किया गया। तीन महिलाओं की गोद भराई, और तीन बच्चों को अन्न प्राशन कराकर सुपोषण किट वितरित की गई। कार्यक्रम में कलेक्टर राहुल देव, पुलिस अधीक्षक भोजराम पटेल, जिला पंचायत सीईओ प्रभाकर पाण्डेय और अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक नवनीत कौर छाबड़ा ने दीप प्रज्वलित कये। कार्यक्रम में 35 महिलाओं के साथ-साथ रत्नी कश्यप पति ज्वाला कश्यप आँगनबाड़ी कार्यकर्ता भठली कला 01सेक्टर धरमपुरा, परियोजना-मुंगेली 01 को महिला एवं विकास विभाग द्वारा उत्कृष्ट कार्य करने हेतु प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। सम्मान करने के लिए जिला कार्यक्रम अधिकारी जिला-मुंगेली, परियोजना अधिकारी-मुंगेली, परियोजना के सभी पर्यवेक्षक एवं समस्त कार्यकर्ता, सहायिकाओं के प्रति रत्नी कश्यप ने आभार प्रगट की।

# मच्छरों का प्रकोप तेजी से बढ़ा, वार्ड पार्षदों से समाधान की मांग की

पायनियर संवाददाता ∢ मुंगेली
www.dailypioneer.com



मुंगेली शहर में इन दिनों मच्छरों का प्रकोप तेजी से बढ़ रहा है, जिससे मलेरिया, डेंगू और चिकनगुनिया जैसी बीमारियों का खतरा मंडराने लगा है। नागरिकों ने नगर पालिका अध्यक्ष, उपाध्यक्ष और वार्ड पार्षदों से जल्द से जल्द समाधान की मांग की है।

**प्रशासन ने दिए मच्छर नियंत्रण के निर्देश**-नवनिर्वाचित नगर पालिका अध्यक्ष रोहित शुक्ला ने आश्वासन दिया है कि शहर में मच्छर नियंत्रण के लिए विशेष कदम उठाए जाएंगे। उन्होंने बताया कि बुनियादी सुविधाओं में सुधार के साथ-साथ जलजमाव की समस्या को दूर करने, दवा छिड़काव और फॉगिंग जैसे उपायों को प्राथमिकता दी जाएगी।

**नागरिकों के लिए आवश्यक सुझाव**-व्यक्तिगत सुरक्षाः मच्छर भगाने वाले रिपेलेंट्स का उपयोग करें, पूरी आस्तीन के कपड़े पहनें और सोते समय मच्छरदानी लगाएं।

**सफाई पर ध्यान दें:** घर और आसपास पानी जमा न होने दें, कूलर, गमले आदि को नियमित रूप से साफ करें ताकि मच्छरों का प्रजनन न हो सके। सामुदायिक प्रयासः सामूहिक रूप से सफाई अभियान चलाएं और स्थानीय प्रशासन के साथ मिलकर मच्छर नियंत्रण के उपाय करें।

**स्वास्थ्य पर नजर रखें:** यदि बुखार, सिरदर्द, जोड़ों में दर्द या त्वचा पर चकत्ते जैसे लक्षण दिखें तो तुरंत डॉक्टर से सलाह लें। नगरवासियों को उम्मीद है कि जल्द ही ठोस कदम उठाकर मच्छरों के आतंक से निजात दिलाई जाएगी।

# होली क्रॉस वीमेंस कॉलेज में हुआ अंतरराष्ट्रीय सेमिनार का आयोजन

पायनियर संवाददाता ∢ अंबिकापुर
www.dailypioneer.com



होली क्रॉस वीमेंस कॉलेज की इंटरनल क्वालिटी एश्योरेंस सेल एवं वीमेन सेल के संयुक्त तत्वावधान में एक दिवसीय अंतरराष्ट्रीय सेमीनार का आयोजन "सभी महिलाओं और लड़कियों के लिएः अधिकार, समानता और सशक्तिकरण" विषय पर आयोजित किया गया। कार्यक्रम के प्रारंभ में वीमेन सेल प्रभारी डॉ.सीमा मिश्रा के द्वारा स्वागत उद्बोधन दिया गया,जिसमें मुख्य अतिथि वंदना दत्ता जानी मानी समाज सेविका एवं रिटायर्ड परियोजना अधिकारी बाल संप्रेक्षण गृह अंबिकापुर,सिस्टर वेरोनिका प्रोविंस काउंसलर और समाज सेविका होली क्रॉस इंस्टीट्यूट अंबिकापुर, प्राचार्य डॉ सिस्टर शांता जोसेफ, उप प्राचार्य डॉ सिस्टर मंजू टोप्पो, प्राध्यापक गण,ऑनलाइन मोड में जुड़े सम्मानित स्पीकर डॉ.सोनाली दुबे ए.आई.जी.पुलिस इंदौर, डॉ.तोशेंद्र द्विवेदी प्रोफेसर मनोविज्ञान एलियंस यूनिवर्सिटी बंगलुरू और डॉ.आकाश भुवाल टेक्निकल स्पेशलिस्ट इन एप्लाइड मैकेनिक्स (कमिंस टर्बो टेक्नोलॉजी यू.के.) एवं अन्य प्रतिभागियों का अभिनंदन कर अंतराष्ट्रीय महिला दिवस मनाए जाने के कारणों पर प्रकाश डालते हुए महिलाओं को अपने अहमियत समझने की बात कही गई। अतिथियों व प्राध्यापकों का स्वागत छात्राओं के द्वारा तिलक एवं बैच लगाकर उन्हें सम्मानित किया गया। तत्तपश्चात सोशल साइंस एक्टिविटी डीन डॉ.कल्पना गुहा मैडम द्वारा दीप प्रज्वलन कर किया गया। आयोजित कार्यक्रम को सफल बनाने में संस्था के सभी लोगों ने अपना सहयोग प्रदान किया।

# नर्सरी प्रबंधन पर कौशल विकास प्रशिक्षण संपन्न

पायनियर संवाददाता ∢ दुर्ग
www.dailypioneer.com






कृषि विज्ञान केन्द्र पाहंदा दुर्ग 'अ' में 03 से 08 मार्च 2025 तक नर्सरी प्रबंधन पर ग्रामीण युवाओं को कौशल प्रशिक्षण आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम के उद्घाटन सत्र में डॉ. एस.एस. टूटेजा, निदेशक विस्तार सेवायें, इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय रायपुर द्वारा नर्सरी प्रबंधन का छत्तीसगढ़ में संभावनायें एवं महत्व के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई। कृषि विज्ञान केन्द्र पाहंदा 'अ' दुर्ग के वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं प्रमुख डॉ. विजय जैन ने नर्सरी हेतु स्थल चुनाव, अधोसंरचना स्थापना, शोभायमान एवं फूलों की नर्सरी प्रबंधन, कटिंग व बडिंग द्वारा पौध तैयार करना आदि में विस्तृत जानकारी प्रदान किये। कृषि विज्ञान केन्द्र पाहंदा 'अ' के विषय वस्तु विशेषज्ञ उद्यानिकी डॉ. कमल नारायण ने प्रशिक्षणार्थियों को गुटी द्वारा पौध तैयार करना, ग्राफ्टिंग की विभिन्न तकनीक से फलदार नर्सरी पौध तैयार करना, नर्सरी से सिंचाई प्रबंधन, नर्सरी स्थापना हेतु मातृत्व बगीचा स्थापना, विभिन्न प्रकार के नर्सरी प्रबंधन आदि पर विस्तृत जानकारी दिये। डॉ. ललिता रामटेके ने नर्सरी में उर्वरक एवं खाद प्रबंधन तथा वर्मी कम्पोस्ट उत्पादन पर विस्तृत जानकारी दिये। डॉ. विनय कुमार नायक नें नर्सरी में उपयोग होने वाले विभिन्न लघु उपकरणों के बारे में जानकारी दिये। डॉ. ईश्वरी साहू ने नर्सरी पौध में लगने वाले कीट एवं व्याधि के लक्षण एवं उनके निदान के बारे में विस्तृत जानकारी दिये। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में 28 युवाओं ने भाग लिया एवं अंतिम दिवस प्रमाण पत्र वितरित किया गया। यह कार्यक्रम नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ एग्रीकल्चरल एक्सटेंशन मैनेजमेंट हैदराबाद द्वारा प्रायोजित था। डॉ. दीप्ति झा वैज्ञानिक एवं नोडल अधिकारी निदेशालय विस्तार सेवायें इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय रायपुर के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ।

**फूलों की डिमांड उड़ीसा झारखण्ड सहित अन्य राज्यों में हमेशा रहती बनी, फूलों की माला फूल गुलदस्ता और बुके बनाकर 5 लाख तक की आमदनी**

# गेंदे की खेती कम लागत में ज्यादा मुनाफा, फूलों के खेती ने किसान मोती को बनाया सफल व्यवसायी

पायनियर संवाददाता ∢ जशपुरनगर
www.dailypioneer.com



मुख्यमंत्री विष्णु देव साय किसानों को फल फूल की खेती करने के लिए प्रोत्साहित कर रहे हैं। गेंदे की खेती एक लाभकारी व्यवसाय है किसानों को कम समय में अच्छा मुनाफा देती है। इसका लाभ भी किसानों को बढ़िया मिलता है। पत्थलगांव विकास खंड के ग्राम लोकेर के किसान मोती बंजारा गेंद की अच्छी खेती कर रहे हैं और दूसरे किसानों को गेंदे की खेती के लिए प्रोत्साहित भी कर रहे हैं। किसान मोती बंजारा ने बताया कि वे 2014 से गेंदे की खेती करना शुरू किया अपने खेत के 20 डिसमिल जमीन में फूल की खेती की त्योहार के सीजन में गेंदे का अच्छा विक्रय होने से उनको अच्छा मुनाफा होने लगा। उन्होंने बताया कि कृषि विज्ञान केन्द्र डूमरबाहर जशपुर के मार्गदर्शन से ड्रिप मल्चिंग में खेती करना शुरू किया और रकबा को एक एकड़ तक बढ़ाया जिसके बाद कृषि वैज्ञानिकों ने नेट हाउस में खेती करने का सलाह दिया गया। किसान ने बताया कि पत्थलगांव के उघान विभाग से संपर्क करके अपना आवेदन जमा किया और अब 0.2000 हेक्टेयर में नेट हाउस और 1 एकड़ में ड्रिप मलचिंग के माध्यम से अब साल भर गेंदे और गेलोडियस की खेती से अच्छा मुनाफा हो रहा है। किसान मोती ने बताया कि पिछले दीपावली में ही 15 दिन के भीतर गेंदे फूल के विक्रय से 3 लाख से अधिक की कमाई हो गई। एक सीजन में अच्छा मार्केट होने पर प्रति 1 एकड़ से 3 से 3 तीन लाख 50 हजार की कमाई हो जाता है। उन्होंने बताया कि पिछले खरीब सीजन में 2.5 एकड़ में गेंदे की फसल से अच्छा मुनाफा लिया था। गेंदे की मार्केट जशपुर जिले भर में और आस पास जैसे सरगुजा, बिलासपुर, रायपुर, उड़ीसा, झारखंड भी फूलों की सप्लाई किया जाता है। और अन्य जिलों के साथ अन्य राज्यों से भी मांग निरंतर बनी रहती है। जिले के कई किसान गेंदे की फूल लगाकर अच्छा आमदनी कर रहे हैं। किसान ने बताया कि छत्तीसगढ़ शासन की विभिन्न योजना का लाभ उन्हें मिला है। उन्होंने बताया कि अन्य किसान भी उनको देखकर गेंदे की खेती करना चालू कर दिया है। और अच्छी आमदनी प्राप्त कर रहे हैं। छत्तीसगढ़ शासन की योजना के तहत क्रेडा विभाग से सौर सूजला योजना का लाभ भी मिला है। कृषि विभाग से गोदाम निर्माण, उघान विभाग से पैक हाउस, नेट हाउस जैसे अन्य योजनाओं का भी लाभ उन्हें मिला उन्होंने बताया कि गेंदे फूल के अलावा बुके गुलदस्ता बनाकर साल में लगभग 2 लाख की अतिरिक्त कमाई कर लेते हैं। किसान मोती ने मुख्यमंत्री को धन्यवाद देते हुए कहा कि उनका परिवार बहुत खुश हैं। उनका पारिवारिक जीवन स्तर में सुखद बदलाव आया है। उल्लेखनीय है कि फूलों खेती कम समय में तैयार हो जाता है। गेंदा लगभग 60-70 दिनों में फूल देना शुरू कर देता है, जिससे किसानों को जल्दी मुनाफा मिलता है। कम लागत, अधिक लाभ इसकी खेती में बहुत ज्यादा निवेश नहीं लगता, और इसकी मांग हमेशा बनी रहती है, जिससे अच्छा लाभ मिलता है।

**फूलों की उच्च मांग**-शादी-विवाह और त्योहारों पर गेंदे के फूलों की मांग बहुत अधिक होती है। मंदिरों, धार्मिक स्थलों और सजावट के लिए भी इसका उपयोग होता है। बहुउपयोगी फसल गेंदे का उपयोग औषधीय रूप में भी किया जाता है। बाजार में अच्छी कीमत गेंदा हर मौसम में बिकता है, खासकर दिपावली दुर्गा पूजा, गणेश चतुर्थी, होली जैसे त्योहारों पर इसकी कीमत बढ़ जाती है।

# मार्च महीने में निगम का टैक्स काउंटर छुटटी के दिन रहेगा खुला

## अपील 15 मार्च के बाद चेक द्वारा टैक्स का भुगतान नहीं लिया जाएगा

पायनियर संवाददाता ∢ दुर्ग
www.dailypioneer.com



नगर पालिक निगम द्वारा राजस्व वसूली बढ़ाने के लिए लोगों को सुविधाओं को देखते हुए, नगर निगम का टैक्स काउंटर छुटटी के दिन भी खुला रहेगा।निगम कमिश्नर सुमित अग्रवाल ने नागरिकों से अपील की है कि एक जिम्मेदार नागरिक बने, समय अवधि में अपनी सभी दे करो को जमा करें। होली के दिन ही बंद रहेगा। शहर नागरिकगण कार्यालयीन अवधि में आकर के नगर निगम परिसर स्थित गेट के बाजू में टैक्स काउंटर में अपने सुविधा के अनुसार अपना जलकर, संपत्ति कर, भू भटाक, निर्यात कर जमा कर सकता है। निगम में ऑनलाइन भी जमा करने की सुविधा उपलब्ध है उसके माध्यम से कर सकते हैं। निगम के कैश काउंटर पर जाकर कर सकते हैं। घर में बैठे-बैठे भी नगर निगम के साइड में जाकर के भी पैसा जमा कर सकते हैं। निगम द्वारा अपील कर कहा है कि चेक से टैक्स का भुगतान करने वाले सप्ताह के भीतर कर दे 15 मार्च के बाद चेक द्वारा टैक्स का भुगतान नहीं किया जाएगा।

# पायनियर हलचल...

## मीठे अंदाज में तीखे बोल



नेता प्रतिपक्ष डॉ. चरणदास महंत आम तौर पर सरल नेता हैं, लेकिन बजट में उन्हें जब बोलने का अवसर मिला तो उन्होंने मीठे अंदाज में वित्त मंत्री पर तीखे बोल बोलने से परहेज नहीं किया। जहां एक ओर वित्त मंत्री के हस्तलिखित बजट भाषण की चारों ओर तारीफ हो रही थी, वहीं महंत विधानसभा में वित्त मंत्री पर मीठे अंदाज में तीखे 'बोल' बोल रहे थे। बड़े शालीनता से ही सही लेकिन महंत यह बताने में सफल रहे कि उन्हें सब खबर है, सब पर नजर है। यहां तक की गरीबों के आवास के मामले में भी उन्होंने अपने ही दल के विधायक पूर्व सीएम भूपेश बघेल को अपने आकड़े दुरुस्त करने का इशारा किया। वित्त मंत्री ओपी चौधरी के हाथ से लिखे बजट पर भी उन्होंने तीर छोड़े, महंत ने कहा कि वर्ष 2019 में केन्दीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमन ने भी हाथ से लिखा बजट भाषण दिया था, जरा दिखवा लेंगे। यहीं नहीं डॉ. महंत ने एक एनजीओ पर भी निशाना साधा और कहा कि अब राज्य की यह स्थिति है कि एक एनजीओ यहां आकर सिस्टम चलाएगी। महंत ने कहा कि हमारे यहां 16 से अधिक ऐसे अफसर है जिन्होंने बड़े-बड़े सस्थानों यहां तक कि लंदन में भी अध्ययन किया है। तो फिर एनजीओ क्यों? कुल मिलाकार महंत के 20 से 30 मिनट की चर्चा को सुनेंगे तो उन्होंने वित्त मंत्री को निशाने में लेते हुए यह तक कह डाला कि रायगढ़ के लोग कोरबा में आकर डीएमएफ का काम कर रहे हैं, ऐसे में डीएमएफ में पारदर्शिता कैसे आयेगी? जरा दिखवा लेंगे। महंत ने कुंभ स्नान पर भी टिप्पणी की, उन्होंने कहा कि कुंभ जैसे पवित्र महापर्व को राजनीति से जोड़कर देखा जा रहा है, यह गलत है। उन्होंने कहा कि जरा दिखवा लेंगे कि डॉ. मोहन भागवत कुंभ स्नान करने गए थे कि नहीं? खैर मीठे अंदाज में ही सही लेकिन महंत ने यह एहसास दिलाने की कोशिश की उनके आंख-कान खुले हुए हैं, और जब जैसी जरुरत होगी माकौल जवाब दिया जाएगा।

## आरोपों से घिरे नेताम



आम तौर पर भाजपा एक अनुशासित पार्टी है। भाजपा के कार्यकर्ता भी बहुत ही अनुशासित होते हैं। लेकिन जब अपनों पर ही प्रताड़ता और षड्यंत्र के आरोप लगने लगे, तब यह समझना आवश्यक है कि अन्दरखाने में सब ठीक नहीं चल रहा। दरअसल केबिनेट मंत्री रामविचार नेताम पर उनके ही पार्टी के सीनियर नेता संसदीय सचिव रहे सिद्धनाथ पैकरा ने षड्यंत्र करने का अरोप लगाया है। पैकरा का दर्द मीडिया के सामने तब छलक उठा, जब उनके ही नेता रामविचार नेताम ने उन्हें जिला पंचायत अध्यक्ष की कुर्सी में बैठने में व्यवधान पैदा करते नजर आये। आरोप यह है कि सिद्धनाथ पैकरा बलरामपुर जिला पंचायत के अध्यक्ष बनने जा रहे थे, लेकिन रामविचार नेताम षड्यंत्र करके हिरामुनी निकुंज को यहां का अध्यक्ष बनवा दिया। मंत्री रामविचार नेताम की विशेष रुचि पर हिरामुनी निकुंज अध्यक्ष बन गई और सिद्धनाथ पैकरा को हार का सामना करना पड़ा। जिसके बाद बलरामपुर की राजनीति में सब ठीक नहीं चल रहा और मंत्री नेताम आरोपों से घिरे नजर आ रहे हैं। भाजपा के सीनियर नेता सिद्धनाथ पैकरा ने सार्वजनिक मंच पर मंत्री नेताम पर आरोप लगाते हुए कहा कि 10 वर्षों तक पुष्पा नेताम और 5 वर्ष तक उनकी पुत्री अध्यक्ष रहीं, लेकिन जिले में कुछ भी काम नहीं हुआ। भाजपा कार्यकर्ता नेताम पर यह भी आरोप लगा रहे कि जब वह सत्ता से बाहर रहते हैं, तो एकजुटता की बात करते हैं, और कुर्सी मिलते ही उनकी कार्यप्रणाली बदल जाती है।

## मंत्री की चूक या अफसर जिम्मेदार?



नवागढ़ विधायक दायलदास बघेल वर्तमान में केबिनेट मंत्री है। और इसके पहले भी वह पूर्व की भाजपा सरकार में दो बार मंत्री रह चुके हैं। लेकिन विधानसभा में उनकी भद्द पिट गई। दरअसल कांग्रेस सदस्य चातुरी नंद के ध्यानाकर्षण में मंत्री बघेल को लिखा हुआ जवाब पढ़ना था। लेकिन मंत्री जी विधानसभा अध्यक्ष और कांग्रेस सदस्य को दिए गए जवाब से भिन्न जवाब पढ़ना शुरु कर दिए। जिससे अध्यक्ष को कड़े शब्दों में कहना पड़ा कि आप तीन बार के मंत्री हैं विधानसभा में दूसरा जवाब दिया गया है, और जो आप पढ़ रहे हैं वह दूसरा है। अध्यक्ष ने कहा आपने क्या सदस्य और विधानसभा को इसकी कापी उपलब्ध कराई है? जिस पर मंत्री दयालदास घिरते नजर आये। हालांकि डॉ. रमन सिंह ने इस ध्यानाकर्षण के लिए अलग से समय देने की बात कही है। लेकिन सवाल यह उठता है कि आखिर मंत्री को विधानसभा में दिए गए जवाब को छोड़ दूसरी कापी किसने थमा दी? दयालदास सीनियर मंत्री हैं फिर भी इनती बड़ी चूक कैसे कर गए? क्या यह मंत्री की चूक है? या अफसर ओवर कांफीडेन्स में हैं। बहरहाल कारण जो भी हो इस घटना के कारण तीन बार के मंत्री दयालदास बघेल की भद्द पिट गई।

## गणितबाज सुधीर के सभी फार्मूले ध्वस्त



1988 बैच के आईएफएस अफसर सुधीर अग्रवाल को अरण्य भवन सूट नहीं कर रहा। संभवतः उनके कार्यकाल में सबसे ज्यादा वन्यजीवों की मौत हुई है। हेड ऑफ फॉरेस्ट बनने की चाह में वह वाइल्ड लाइफ में कुछ खास नहीं कर पाये। वह हेड ऑफ फारेस्ट बनने की गणित में उलझे रहे, लिहाजा वाइल्ड लाइफ विंग की स्थिति जर्जर हो गई। अब इसके लिए सुधीर अग्रवाल की कार्यप्रणाली जिम्मेदार है? या फिर उनके इर्द-गिर्द रहने वाले लोग? बहरहाल सुधीर अग्रवाल को इस पर चिंतन और मंथन करना चाहिए। दरअसल सुधीर अग्रवाल हेड ऑफ फॉरेस्ट बनने के लिए राजनीतिक गणित पर उलझे रहे, इसलिए उन्हें गणितबाज कहना कोई गलत नहीं होगा। राजनीतिक गणित के साथ-साथ उन्होंने हेड ऑफ फारेस्ट बनने के लिए कोर्ट का भी दरवाजा खटखटाया था, लेकिन उन्हें यहां से भी निराशा हाथ लगी। इसके पहले वह एक डॉक्टर के साथ मिलकर हेड ऑफ फॉरेस्ट बनने के फार्मूला को हल करने में जुटे थे। जानवरों के डॉक्टर को विभागीय मंत्री का ओएसडी बनवाने की गणित थी। लेकिन डॉक्टर के कारनामों से गणितबाज सुधीर का यह फार्मुला ध्वस्त हो गया। कहते हैं कि उस समय डॉक्टर साहब तो मंत्रालय में भी जाकर अपना कक्ष तय कर आये थे। कहा तो यह भी जा रहा है कि गणितबाज सुधीर डॉक्टर के ओएसडी बनते ही हेड ऑफ फारेस्ट बनने के फार्मुला को हल करने की तैयारी में थे। लेकिन इसी बीच डॉक्टर वन्यजीवों के मौत और गोवा घूमने के मामले में बुरी तरह उलझ गए और मामला विधानसभा तक जा पहंचा। फिर भला कौन मंत्री ऐसे विवादित व्यक्ति को अपना ओएसडी बनाने का जोखिम उठाता। लिहाजा गणितबाज सुधीर का यह फार्मूला भी ध्वस्त हो गया। अब कहते हैं कि गणितबाज सुधीर गणित और फार्मुले से तंग आकर डॉक्टर को सेवा से पृथक करने की तैयारी में हैं।

## बिल्डरों को मुनाफा, जनता का क्या?

नवा रायपुर डवलपमेन्ट अथारिटी सरकारी जमीनों को बिल्डरों को सौंपने जा रही है। एनआरडीए क्षेत्र अंतर्गत दूर से दूर के प्लाटों को आम जनता के मकान आदि के लिए 1500 से 2000 रुपये प्रति वर्गफिट निर्धारित कर बेंचा गया है। तो अब यही जमीन बिल्डरों को 500 से 600 प्रति वर्ग फिट में बेचने की जल्दबाजी क्यों? दरअसल एनआरडीए ने 18.64 एकड़ में ब्रांडेड रेसीडेंसी के नाम से टेंडर निकाला है। जिसका प्रति वर्गफिट का दर 658 रुपये निर्धारित किया गया है। यह वो इलाका है जो नवा रायपुर के सबसे पॉस इलाके सीएम हाउस और मेफेयर रिजार्ट से लगा हुआ। आम तौर पर सीएम हाउस और वीआईपी रहवास इलाके सिविल लाइन्स कहलाते हैं। और सिविल लाइन्स इलाका किसी शहर का सबसे महंगा इलाका होता है। फिर यहां की जमीन बिल्डरों को कौड़ी के भाव क्यों? 658 रुपये प्रति वर्गफिट में सीधा जनता को क्यों नहीं? रायपुर सिविल लाइन्स की बात की जाए तो यहां का बाजार दर वर्तमान में 7 से 15 हजार वर्गफिट तक है। तो राज्य की वेलडवलप सिटी नवा रायपुर में बिल्डरों को कौड़ी के दाम पर सिविल लाइन्स की जमीन सौंपने की जल्दबाजी क्यों? नवा रायपुर अथारिटी ने तो यहां सड़क, बिजली, पानी आदि की सुविधा पहले से ही डवलप की है, तो फिर बिल्डरों को जमीन सौंपकर जनता की जेब पर चोट क्यों? सरकार की इस नीति से राज्य के बिल्डर तो मालामाल होंगे, लेकिन नवा रायपुर आम जनता से और दूर हो जाएगा।



PROJECT TENDER DETAILS FOR NAVA RAIPUR, ATAL NAGAR

| S. NO | NIT | SECTOR NO | AREA (IN ACR) | RATE (IN SQM) | RATE (IN SQFT) | LAND USE | MINIMUM LAND AREA FOR FLATTED DEVELOPMENT | EMD (IN CR.) | TIME PERIOD FOR TURNOVER/ COST OF DEVELOPMENT | TURNOVER (IN CRORE) | NET WORTH (IN CRORE) | ELIGIBLE SECTOR | GOOGLE LOCATION |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 10354 | SEC-07 | 9.319 | 5167 | 480 | RESIDENTIAL (PLOTTED & FLATTED) | 25% OF PROJECT AREA | 2.00CR | OVER LAST 10 YEARS | 68 | 17 | POWER, LOGISTICS PARK, REAL ESTATE | https://maps.app.goo.gl/[illegible] |
| 2 | 10355 | SEC-07 | 7.043 | 5167 | 480 | RESIDENTIAL (PLOTTED & FLATTED) | 25% OF PROJECT AREA | 1.50CR | OVER LAST 10 YEARS | 52 | 13 | POWER, LOGISTICS PARK, REAL ESTATE | https://maps.app.goo.gl/[illegible] |
| 3 | 10359 | SEC-07 | 2.964 | 7634 | 709 | MIXED USE (FLATTED) | FLATTED DWELLING/COMMERCIAL UNITS (10% TO 20% BUILD-UP AS COMMERCIAL) | 1.00CR | OVER LAST 10 YEARS | 52 | 13 | POWER, LOGISTICS PARK, REAL ESTATE | https://maps.app.goo.gl/[illegible] |
| 4 | 10353 | SEC-10 | 19.176 | 5917 | 550 | RESIDENTIAL (PLOTTED & FLATTED) | 10% OF PROJECT AREA | 4.60CR | OVER LAST 10 YEARS | 102 | 25.5 | POWER, LOGISTICS PARK, REAL ESTATE | https://maps.app.goo.gl/[illegible] |
| 5 | 10351 | SEC-11 | 12.22 | 5917 | 550 | RESIDENTIAL (PLOTTED & FLATTED) | 10% OF PROJECT AREA | 3.00CR | OVER LAST 10 YEARS | 65 | 16.25 | POWER, LOGISTICS PARK, REAL ESTATE | https://maps.app.goo.gl/[illegible] |
| 6 | 10350 | SEC-17 | 7.86 | 7500 | 697 | RESIDENTIAL (PLOTTED) | | 2.40cr | OVER LAST 10 YEARS | 52 | 13 | POWER, LOGISTICS PARK, REAL ESTATE | https://maps.app.goo.gl/[illegible] |
| 7 | 10360 | SEC-24 | 18.64 | 7084 | 658 | BRANDED RESIDENCE | | 5.40CR | OVER LAST 5 YEARS | 400 | 100 | POWER, LOGISTICS PARK, REAL ESTATE | https://maps.app.goo.gl/[illegible] |
| 8 | 10361 | SEC-24 | 2.66 | 9093 | 845 | PLOTTED DEVELOPMENT AND FLOATING RECREATION FACILITY | 25% OF PROJECT AREA | 1.00CR | OVER LAST 5 YEARS | 50 | 12.5 | 5 STAR, 3 STAR & 2 STAR RESORT/ HOTEL | https://maps.app.goo.gl/[illegible] |
| 9 | 10356 | SEC-25 | 6.662 | 5167 | 480 | RESIDENTIAL (PLOTTED & FLATTED) | 25% OF PROJECT AREA | 1.40CR | OVER LAST 10 YEARS | 49 | 12.25 | POWER, LOGISTICS PARK, REAL ESTATE | https://maps.app.goo.gl/[illegible] |
| 10 | 10357 | SEC-25 | 15.117 | 4750 | 441 | RESIDENTIAL (PLOTTED & FLATTED) | 25% OF PROJECT AREA | 3.00CR | OVER LAST 10 YEARS | 111 | 27.75 | POWER, LOGISTICS PARK, REAL ESTATE | https://maps.app.goo.gl/[illegible] |
| 11 | 10358 | SEC-25 | 9.663 | 5167 | 480 | RESIDENTIAL (PLOTTED & FLATTED) | 25% OF PROJECT AREA | 2.10CR | OVER LAST 10 YEARS | 71 | 17.75 | POWER, LOGISTICS PARK, REAL ESTATE | https://maps.app.goo.gl/[illegible] |
| 12 | 10362 | SEC-21 | 1.046 | 9000 | 836 | COMMERCIAL | 10% OF PROJECT AREA | 0.39CR | OVER LAST 5 YEARS | 23 | 5.75 | FINANCIAL INSTITUTION | https://maps.app.goo.gl/[illegible] |
| 13 | 10363 | SEC-21 | 0.878 | 9467 | 880 | COMMERCIAL | | 0.34CR | OVER LAST 5 YEARS | 20 | 5 | FINANCIAL INSTITUTION | https://maps.app.goo.gl/[illegible] |
| 14 | 10364 | SEC-21 | 0.867 | 9467 | 880 | COMMERCIAL | | 0.36CR | OVER LAST 5 YEARS | 19 | 4.75 | FINANCIAL INSTITUTION | https://maps.app.goo.gl/[illegible] |
| 15 | 10365 | SEC-21 | 1.036 | 9000 | 836 | COMMERCIAL | | 0.38CR | OVER LAST 5 YEARS | 23 | 5.75 | FINANCIAL INSTITUTION | https://maps.app.goo.gl/[illegible] |
| 16 | 10352 | SEC-31 | 71.256 | 4066 | 378 | RESIDENTIAL (PLOTTED & FLATTED) | 10% OF PROJECT AREA | 11.72CR | OVER LAST 10 YEARS | 376 | 94 | POWER, LOGISTICS PARK, REAL ESTATE | https://maps.app.goo.gl/[illegible] |

## कमीशन का सच?




राज्य का चर्चित रिएजेन्ट घोटाला सिर्फ चोपड़ा बंधू को ही चोट पहुंचाकर शांत होने वाला नहीं है। दरअसल इसकी परतें अब खुल चुकी है, इसलिए इसमें उलझे अफसरों को भी अब अपनी मंजिल तय करनी पड़ेगी। लाख प्रयासों के बावजूद घोटाले का हर एक सच उजागर हो रहा है। इसके पूर्व भी हम हलचल कॉलम में लिख चुके हैं कि एक अफसर के 10 प्रतिशत कमीशन की लालच ने इस मामले को जनता के समझ उजागर होने में महत्पवूर्ण भूमिका निभाई है। दरअसल मोक्षित कार्पोरेशन का वर्ष 2023 की खरीदी का 338 करोड़ रुपये का भुगतान किया जाना शेष था। खबर यह है कि इस बीच एक अफसर ने सीधा 10 प्रतिशत कमीशन की मांग कर डाली। 338 करोड़ के 10 प्रतिशत राशि की गणना आप स्वयं कर लीजिए क्या हो सकती हैं? चोपड़ा बंधू का इस व्यापार में एकक्षत्र राज रहा भला वह इतनी बड़ी रकम कमीशन के रुप में एक अफसर को कैसे दे सकता है? लिहाजा दोनों के बीच पेमेन्ट और कमीशन की आना-कानी चलती रही। 2023 का विधानसभा चुनाव नजदीक आते देख अफसर समझ चुके थे कि अब मामला हाथ से निकल चुका है। इसलिए मुझे नहीं तो और किसी को चोपड़ा बंधू को यह राशि ढीलनी ही पड़ेगी। फिर क्या उस समय के एक चर्चित बाबू का डर दिखाया गया और कहा गया कि आप लोग देख लो नहीं तो बाबू इस मामले को लपक लेगा। और कमीशन की राशि डकार जाएगा। अपना खुद का नम्बर बढ़ाने के चक्कर में अफसर ने इस मामले को कहीं और यह कहते हुए सौंप दिया कि इसमें 40 से 50 प्रतिशत का मार्जिन है, इसलिए 10 प्रतिशत कमीशन तो बनता है। आप देख लो क्या करना है? फिर क्या चोपड़ा की अघोषित पेशी उसी दरम्यान से शुरु हो गई। मामला कुछ आगे बढ़ता कि राज्य में विधानसभा का चुनाव आ गया और मामला बिगड़ गया। बहरहाल कमीशन का सच क्या है? इस घोटाले के पर्दे के पीछे कौन-कौन शामिल हैं? इसकी पड़ताल राज्य की जांच एजेन्सी ईओडब्ल्यू कर रही है।

## इन्तहां हो गई इंतजार की

राज्य में नगरीय निकाय के साथ ही पंचायत चुनाव भी सम्पन्न हो चुके हैं, लेकिन अभी तक निगम मंडलों की नियुक्तियां नहीं हो पाई हैं। जिसको लेकर अब कार्यकर्ता यह कहने लगे हैं इन्तहां हो गई है इंतजार की। दरअसल निगम मंडल की एक सूची जारी होने की सम्भावना थी, जो लीक हो गई। सूची लीक होने के बाद मामला ठंडे बस्ते में चला गया। राज्य सरकार को डेढ़ साल पूरे होने को हैं, ऐसे में भाजपा कार्यकर्ता निगम मंडल की ओर टक-टकी लगाकर देख रहे हैं। हालांकि बहुत नेताओं को नगर पंचायत और जिला पंचायत में शेटल कर दिया जा रहा है। ऐसे में आंतरिक विवाद की स्थिति न के बराबर ही निर्मित होगी। बहरहाल देखना यह है कि भाजपा कार्यकर्ताओं के इंतजार का इन्तहां कब खत्म होगा।

editor.pioneerraipur@gmail.com

# मुख्यमंत्री विष्णु देव साय से छत्तीसगढ़ अधिकारी-कर्मचारी फेडरेशन के प्रतिनिधि मंडल ने की सौजन्य मुलाकात

## होली से पहले डीए स्वीकृत करने पर जताया आभार

पायनियर संवाददाता ➤ रायपुर
www.dailypioneer.com



मुख्यमंत्री विष्णु देव साय से उनके निवास कार्यालय में छत्तीसगढ़ कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन के प्रतिनिधि मंडल ने सौजन्य मुलाकात की। प्रांतीय संयोजक कमल वर्मा ने इस मौके पर वेतन विसंगति दूर करने, चार स्तरीय पदोन्नति वेतनमान दिलाने, लंबित महंगाई भत्ते का एरियर्स का भुगतान सहित कई मुद्दों पर चर्चा की। प्रतिनिधि मंडल ने होली से पहले अधिकारी-कर्मचारियों को 3 प्रतिशत महंगाई भत्ता स्वीकृत करने पर मुख्यमंत्री का आभार जताया। इस मौके पर मुख्यमंत्री को विभिन्न मांगों के संबंध में 5 सूत्रीय ज्ञापन भी सौंपा। प्रांतीय संयोजक कमल वर्मा ने बताया कि ज्ञापन में जुलाई 2019 से लंबित महंगाई भत्ते का एरियर भविष्य निधि खाते में समायोजित करने की मांग की गई है। इसी प्रकार विभिन्न संवर्गों के वेतन विसंगति एवं अन्य मुद्दों के लिए गठित पिंगुआ कमेटी की रिपोर्ट सार्वजनिक करने शासकीय सेवकों को चार स्तरीय पदोन्नति वेतनमान क्रमशः 8, 16, 24 एवं 32 वर्षों की सेवा पर प्रदान करने मध्यप्रदेश की तर्ज पर छत्तीसगढ़ में अर्जित अवकाश का नगदीकरण 300 दिवस करने की मांग की गई। कमल वर्मा ने बताया कि शासकीय सेवकों एवं पेंशनरों के लिए राज्य के मान्यता प्राप्त चिकित्सालयों से कैशलेस इलाज की सुविधा प्रदान की मांग भी की गई है। इस मौके पर प्रतिनिधिमंडल में बी.पी.शर्मा, चंद्रशेखर तिवारी, सतीश मिश्रा, पंकज पांडेय, राजेश चटर्जी, सत्येंद्र देवांगन, अजीत दुबे, जय कुमार साहू, ऋतु परिहार, उमेश मुदलियार, राजेंद्र चंद्राकर, पीतांबर पटेल और संतोष कुमार वर्मा सहित अन्य सदस्य उपस्थित थे।




10 March 2025 Pride Of Raipur





























विज्ञापन के लिये संपर्क करें : 9827146567, 9329846567

सीएमवाईके प्रिंटेक लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक भोजराम पटेल द्वारा आसमा पब्लिसर्स इण्डिया प्रायवेट लिमिटेड पीएनबी के सामने जयस्तंभ चौक रायपुर, छत्तीसगढ़ से मुद्रित तथा श्री बालाजी हॉस्पिटल कैम्पस (मोवा) रायपुर, छत्तीसगढ़ - 492001 से प्रकाशित संपादक-अच्युतानन्द द्विवेदी*
समाचार चयन के लिए पीआरबी एक्ट के तहत जिम्मेदार, डाक पंजीयन नं. छ.ग./रायपुर संभाग/97/2024-26, दूरभाष नंबर 0771-2972403